समृद्धि न्यूज़

| संसेक्स | निफ्टी |
| --- | --- |
| 60,691.54 | 17,844.60 |

तापमान
अधिकतम 31 °C
न्यूनतम 15 °C

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार





प्रदर्शनी का उद्देश्य जनसामान्य को बागवानी और फसलों... पेज-02

महिलाओं, दलितों को अपमान से बचाना धार्मिक मुद्दा नहीं... पेज-08



वर्ष 10 | अंक 184 | लखनऊ, 21 फरवरी, मंगलवार, 2023 | पृष्ठ 12 | मूल्य 2.00



www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com , Email : samradhinews@gmail.com


शादी के लिए एक समान न्यूनतम आयु की मांग वाली याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज, कहा–

## कानून नहीं बना सकती अदालत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए विवाह के लिए एक समान न्यूनतम आयु की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि जो मामले संसद के लिए आरक्षित हैं, उन मामलों पर अदालतें कानून नहीं बना सकती हैं। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत संसद को कानून बनाने के लिए परमादेश (एक असाधारण रिट) जारी नहीं कर सकती है। पीठ ने याचिका को स्वीकार न करते हुए कहा, हम यहां (कोर्ट) कानून नहीं बना सकते। हमें यह नहीं समझना चाहिए कि हम संविधान के एकमात्र संरक्षक हैं। संसद भी एक संरक्षक है। इस याचिका को शीर्ष अदालत अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर की गई थी। याचिका में पुरुषों और महिलाओं के लिए विवाह की कानूनी उम्र में समानता की मांग की गई थी। बता दें कि भारत में पुरुषों को 21 वर्ष की आयु में विवाह करने की अनुमति है, जबकि महिलाओं के लिए विवाह योग्य आयु 18 वर्ष है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पर्दीवाला ने बताया कि याचिकाकर्ता चाहते हैं कि भारत में पुरुषों के बराबर ही महिलाओं की शादी की उम्र बढ़ाकर 21 की जानी चाहिए। प्रावधानों को खत्म करने से महिलाओं के लिए शादी की कोई उम्र नहीं होगी। इसलिए याचिकाकर्ता एक विधायी संशोधन चाहते हैं। यह अदालत संसद को कानून बनाने के लिए परमादेश जारी नहीं कर सकती।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र बोले–लाखों युवाओं को दिए अप्वाइंटमेंट लेटर्स

# आठ करोड़ युवा पहली बार उद्यमी बने

एजेंसी

**देहरादून।** 'सशक्त और समृद्ध' देश का आह्वान करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार ने बीते कुछ महीनों में देश भर में लाखों युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए हैं और आठ करोड़ युवा पहली बार उद्यमी बने हैं। 'उत्तराखंड रोजगार मेला' को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ''हमारा यह निरंतर प्रयास है कि हर युवा को उसकी रूचि और योग्यता के अनुसार नए अवसर मिलें, सभी को आगे बढ़ने का उचित माध्यम मिले। सरकारी सेवाओं में भर्तियों का यह अभियान भी इसी दिशा में उठाया गया एक कदम है। बीते कुछ महीनों में केंद्र सरकार ने देश के लाखों युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए हैं।''

उन्होंने कहा कि जिन भी राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकारें हैं, वहां भी इसी प्रकार के बड़े स्तर पर रोजगार अभियान चलाए जा रहे हैं। मोदी ने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार के अवसर और रोजगार मिलने से देश सशक्त और समृद्ध होगा। इस संबंध में उन्होंने 'मुद्रा लोन योजना' का जिक्र किया और कहा कि इसके तहत देश भर में युवाओं को 38 करोड़ मुद्रा लोन दिए गए जिससे आठ करोड़ युवाओं को पहली बार उद्यमी बनने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि योजना के तहत दस लाख रुपये का ऋष्ा बिना किसी गारंटी के मिल रहा है जिसका युवा भरपूर लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं कि उत्तराखंड में ''पहाड़ का पानी और पहाड़ की जवानी'' पहाड़ के काम आए। प्रधानमंत्री ने कहा, ''हमें यह धारणा बदलनी है कि पहाड़ का पानी और पहाड़ की जवानी पहाड़ के काम नहीं आ रही है। केंद्र सरकार का निरंतर प्रयास रहा है कि उत्तराखंड की युवा पीढ़ी अपने गांव की तरफ लौटे। इसके लिए पहाड़ में रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर बनाए जा रहे हैं।''

उन्होंने इस संबंध में सड़क और रेल परियोजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि आज राज्य में आधारभूत संरचनाओं के विकास में बहुत निवेश हो रहा है जिससे रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं। इस मेले में नियुक्ति पत्र पाने वाले सहायक अध्यापकों को भी प्रधानमंत्री ने बधाई दी और कहा कि यह उनके लिए जीवन की एक नयी शुरुआत है। उन्होंने कहा, ''जिस सेवा में आज आप प्रवेश कर रहे हैं, वह सिर्फ आपका जीवन बदलने का नहीं बल्कि व्यापक बदलाव का माध्यम है। अपने सेवा भाव से आपको राज्यों और राष्ट्र में विकास और विश्वास के प्रयासों में अपना भरपूर योगदान देना है।



**जन भी राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों में भाजपा की सरकारें हैं, वहां भी इसी प्रकार के बड़े स्तर पर रोजगार अभियान चलाए जा रहे हैं। मोदी ने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार के अवसर और रोजगार मिलने से देश सशक्त और समृद्ध होगा।**

**नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### बिग इनवेस्टमेंट से युवाओं की घर वापसी सुनिश्चित हुई

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि राज्य के युवाओं की अपने गांवों में वापसी सुनिश्चित करने के लिए उत्तराखंड में बुनियादी ढांचा क्षेत्र में बड़े निवेश किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने 'उत्तराखंड रोजगार मेला' को डिजिटल माध्यम से संबोधित किया और यहां सहायक शिक्षकों के बीच नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने शिक्षकों को बदलाव का एक बड़ा माध्यम बताया। उन्होंने कहा, ''शिक्षकों को राज्य के युवाओं को नयी शिक्षा नीति के अनुसार नयी सदी के लिए तैयार करना है।'' मोदी ने कहा, ''हमारा यह निरंतर प्रयास है कि हर युवा को उसकी रूचि और योग्यता के अनुसार नए अवसर मिलें, सभी को आगे बढ़ने का उचित माध्यम मिले। सरकारी सेवाओं में भर्तियों का यह अभियान भी इसी दिशा में उठाया गया एक कदम है। बीते कुछ महीनों में केंद्र सरकार ने देश के लाखों युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन भी राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों में भाजपा की सरकारें हैं, वहां भी इसी प्रकार के बडे स्तर पर रोजगार अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुद्रा लोन योजना के तहत देश भर में 38 करोड़ मुद्रा लोन दिए गए जिससे आठ करोड़ युवाओं को पहली बार उद्यमी बनने में मदद मिली।

### दस लाख रुपये का ऋण बिना किसी गारंटी के

उन्होंने कहा कि योजना के तहत दस लाख रुपये का ऋण बिना किसी गारंटी के मिल रहा है जिसका युवा भरपूर लाभ उठा रहे हैं। उत्तराखंड का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ''पहाड़ की जवानी और पहाड़ का पानी अब पहाड़ के काम आ रही है।'' उन्होंने कहा कि हमारे बहुत से आधारभूत संरचना परियोजनाओं जैसे रेल आदि से लोगों को स्वरोजगार मिल रहा है। इस मेले में नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं को प्रधानमंत्री ने बधाई भी दी।

एसएचओ बोले– सबूत मिटाने के लिए मुस्लिम युवकों को जलाया, कहा–

## नासिर–जुनैद गौ–तस्कर थे, पिटाई से एक की मौत पहले ही हो चुकी थी

**भरतपुर।** दो मुस्लिम युवकों को बोलेरो में जिंदा जलाने के मामले में राजस्थान पुलिस मुश्किलों में फंसती जा रही है। अब भरतपुर के गोपालगढ़ थाने के एसएचओ राम नरेश का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वे यह कहते दिख रहे हैं कि सबूत मिटाने के लिए जुनैद और नासिर को जलाया गया। मृतक जुनैद राजस्थान पुलिस का इनामी बदमाश था। बताया जा रहा है कि वीडियो 3 दिन पहले का है। यह एक चैनल का स्टिंग ऑपरेशन था। जिसे सोशल मीडिया पर शेयर किया गया। एसएचओ ऑफ द रिकॉर्ड रिपोर्टर से कह रहे हैं कि जुनैद की 5 मामलों में तलाश थी। केस की जांच कर रहे एसएचओ राम नरेश यह भी कहते नजर आ रहे हैं कि कथित गौ-रक्षकों ने सबूत मिटाने के लिए नासिर और जुनैद को बोलेरो में बैठाकर जला दिया था। गोपालगढ़ पुलिस के मुताबिक 15 फरवरी को जुनैद के रिश्तेदार इस्माइल ने जुनैद-नासिर को किडनैप करके मारपीट करने और फिर उनकी हत्या कर देने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## तीन आईएएस और छह पीसीएस अधिकारियों के तबादले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सोमवार को तीन आईएएस और छह पीसीएस अधिकारियों का स्थानांतरण हुआ है। जिन आईएएस अधिकारियों का स्थानांतरण हुआ है। उनमें प्रतीक्षारत सूची में शामिल अनुज मलिक को अपर आयुक्त, गोरखपुर मंडल और संभागीय खाद्य नियंत्रक के पद पर तैनात किया गया है। गोण्डा के सीडीओ पद से हटाए गए गौरव कुमार को लखनऊ विकास प्राधिकरण में विशेष कार्याधिकारी के पद पर नियुक्ति की है। राज्य संपत्ति विभाग में तैनात सतीश पाल को अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नोएडा बनाया गया हैं।

### संक्षिप्त समाचार

## बीवीआर सुब्रह्मण्यम नीति आयोग के नए सीईओ होंगे

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को बीवीआर सुब्रह्मण्यम को नीति आयोग का नया ष्टश्वह्र नियुक्त किया है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। वह परमेश्वरन अय्यर का स्थान लेंगे। अय्यर को दो साल के लिए विश्व बैंक मुख्यालय, वाशिंगटन में कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। सुब्रह्मण्यम छत्तीसगढ़ कैडर के 1987 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और आंध्र प्रदेश से ताल्लुक रखते हैं।

## इमरान पर गिरफ्तारी की तलवार, लाहौर हाईकोर्ट पहुंचे

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान सोमवार शाम लाहौर हाईकोर्ट पहुंचे। खान के खिलाफ कई केस अलग–अलग अदालतों में चल रहे हैं। सोमवार को वे इलेक्शन कमीशन के दफ्तर बाहर हिंसक प्रदर्शन करने के मामले में पेश हुए। पिछले हफ्ते शनिवार को लाहौर हाईकोर्ट के जज सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक खान का इंतजार करते रहे थे, लेकिन वो पेश नहीं हुए थे। इसके बाद हाईकोर्ट ने कह दिया था कि अगर वो सोमवार को पेश नहीं होंगे तो पुलिस को उनकी गिरफ्तारी से नहीं रोका जाएगा। कुछ देर में खान की जमानत पर फैसला हो सकता है।

## सपना गिल और तीन अन्य को जमानत मिली

**नई दिल्ली।** क्रिकेटर पृथ्वी शॉ से भिड़ने वाली सपना गिल और तीन अन्य लोगों को मुंबई कोर्ट से जमानत मिल गई है। इसके पहले कोर्ट ने इन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। विवाद सेल्फी को लेकर शुरू हुआ था। सपना ने शॉ के दोस्तों पर उनके साथ क्लब में मारपीट करने का आरोप लगाया है।

## छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेताओं पर ईडी का छापा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के कम से कम छह नेताओं के यहां प्रवर्तन निदेशालय–श्वष्ठ का छापा पड़ा है। केंद्रीय एजेंसी के अलग–अलग दस्तों ने सोमवार तड़के रायपुर और भिलाई में स्थित इन नेताओं के घरों पर दस्तक दी।

## दिल्ली से देवघर जा रही इंडिगो की फ्लाइट में बम की सूचना से हड़कंप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली से देवघर जा रही इंडिगो की फ्लाइट में बम की सूचना मिलने से हड़कंप मच गया। सुरक्षा के लिहाज से फ्लाइट की लखनऊ के एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इंडिगो ने जानकारी दी है कि दिल्ली से देवगढ़ जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई 6191 को बम की धमकी मिलके के बाद लखनऊ डायवर्ट किया गया। अधिकारियों के अनुसार, सभी आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया और विमान को टेकऑफ़ के लिए मंजूरी दे दी गई। जांच में सुरक्षा एजेंसियों के नियमों का पालन कर रहे हैं। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों ने बताया कि इंडिगो की फ्लाइट 6 ई 6191 को उड़ान के दौरान बम की धमकी मिली। आनन फानन में फ्लाइट को लखनऊ की तरफ डायवर्ट किया गया। जांच में सुरक्षा एजेंसियों के नियमों का पालन कर रहे हैं।

# लखनऊ पहुंचे 1 लाख शिक्षामित्रों का विशाल प्रदर्शन

महिलाएं बोलीं– हम 2001 में टॉपर और योग्य थे, अब अयोग्य हो गए 10 हजार में परिवार कैसे चलाएं?



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज**

अगर शिक्षामित्र पढ़ाना नहीं जानते तो इतने सालों से हमें नौकरी पर रखा क्यों है? हमसे पहले की तरह पूरा काम करवाया जा रहा, लेकिन वेतन 40 हजार से 10 हजार कर दिया। सबको ये दिखता है कि हम 3500 सैलरी से 10 हजार पर आ गए, कोई ये नहीं कहता कि 40 हजार से 10 हजार पर आए हैं। ये कहना है लखनऊ के रमाबाई अम्बेडकर मैदान में आंदोलन कर रहे शिक्षामित्रों का। आज 1 लाख से ज्यादा शिक्षामित्र अपनी मांगों को लेकर यहां पहुंचे हैं। शिक्षामित्रों ने इस प्रदर्शन को महासम्मेलन नाम दिया है। प्रदेश के हर जिलों से न सिर्फ पुरुष, बल्कि महिला शिक्षामित्र बस-ट्रेन और अपनी गाड़ियों से पहुंचे हैं। उनकी मांग है कि समान काम का समान वेतन दिया जाए। मतलब सहायक अध्यापकों की तरह उन्हें भी 40 हजार रुपए सैलरी दी जाए। मीडिया टीम इस पूरे महासम्मेलन को कवर करने रमाबाई मैदान पहुंची। शिक्षामित्रों से बात की।

### 4 साल में 6 हजार साथियों ने आत्महत्या कर ली

अजय बताते हैं, 25 जुलाई 2017 तक हमें 40 हजार रुपए महीने सैलरी मिली। फिर अचानक हम लोगों का समायोजन अवैध बताते हुए रद्द कर दिया गया। इसके बाद हमारे बहुत सारे साथियों ने आत्महत्या कर ली। धीरे–धीरे यह संख्या 6 हजार से ज्यादा पहुंच गई है। आत्महत्या करने वाले वो शिक्षामित्र हैं, जिन्होंने बैंक से लोन लिया था लेकिन जब सैलरी 40 हजार से घटकर सीधे 10 हजार हो गई तो वह लोन चुका पाने की स्थिति में नहीं रहे। यही वजह है कि उन्होंने आत्महत्या कर लिया।

### समान काम का समान वेतन ही तो मांग रहे हैं

महासम्मेलन में शामिल होने आई सुषमा त्रिपाठी पहली लाइन में कहती हैं, हमारी मांग है कि हमें नियमित किया जाए। जो काम सरकारी स्कूल में हमारे साथ टीचर रहे हैं वही काम हम भी कर रहे हैं लेकिन उन्हें उस काम के लिए 40 हजार मिल रहा और हमें मात्र 10 हजार रुपए मिल रहा। एक समय था जब हमें 40 मिल रहा था तब हम योग्य थे, फिर 10 हजार हो गया तो हम अयोग्य हो गए। बताइए ये कोई बात है। मेरे बच्चे मजदूरी करने को मजबूर हैं।

# पटना में पार्किंग विवाद में तीन की मौत, हिंसा

आरोपी के गोदाम–मैरिज हॉल में आग लगाई, पथराव के बाद पुलिस ने फायरिंग की



**पटना (एजेंसी)।** पटना के फतुहा के जेठुली गांव में पार्किंग विवाद की फायरिंग में अब तक तीन लोगों की मौत हो गई है। इसके विरोध में दूसरे दिन सोमवार सुबह से दोपहर तक फिर उपद्रव हुआ। सुबह-सुबह मुख्य आरोपी बच्चा राय के भाई उमेश राय के घर, गोदाम और मैरिज हॉल में पीड़ित गुट ने आग लगा दी।

दोपहर साढ़े बारह बजे अंतिम संस्कार करके लौट रही भीड़ ने पुलिस पर फिर पथराव कर दिया। पुलिस ने चार राउंड हवाई फायरिंग की। आरोपी के घर पीड़ित परिवार धरने पर बैठ गया है। इलाके में तनाव बना हुआ है। 300 से ज्यादा जवान तैनात हैं।

रविवार को दो गुटों- बच्चा राय और चनारिक राय, में झड़प के दौरान राइफल, देसी कट्टा और 9द्वद्व के पिस्टल से 50 राउंड फायरिंग हुई थी। गोली लगने से चनारिक गुट के दो लोगों की मौत हो गई थी। चनारिक राय समेत तीन लोग बुरी तरह से घायल हो गए थे। सोमवार करीब तीन बजे घायल मुनारिक राय की भी मौत हो गई। बाकी दो लोगों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

### यहां से शुरू हुआ विवाद

बच्चा राय और चनारिक राय के बीच विवाद जिम की छह कट्ठे जमीन को लेकर चल रहा था। जमीन सड़क के किनारे है। कीमत करीब 3 करोड़ है। जमीन पर दोनों गुट दावा जता रहा है। फिलहाल इस पर बच्चा का कब्जा है। रविवार को बच्चा राय ने जिम के पास गिट्टी गिराई थी। दोपहर करीब डेढ़ बजे चनारिक वहां पहुंचा और गाड़ी पार्क करने लगा। यहां बच्चा और चनारिक में बहस और हाथापाई हुई। थोड़ी ही देर में बच्चा के समर्थक हथियार के साथ पहुंचे और फायरिंग करने लगे।

## सीबीआई ने सिसोदिया को पेश होने के लिए दी नई तारीख

आबकारी नीति मामले में होगी पूछताछ



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली आबकारी नीति मामले में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से पूछताछ के लिए सीबीआई ने नई तारीख घोषित कर दी है। उन्हें एजेंसी ने 26 फरवरी को पीछताछ के लिए बुलाया है। बता दें कि 19 फरवरी (रविवार) को पूछताछ के लिए बुलाए जाने पर सिसोदिया ने दिल्ली का बजट पेश करने को लेकर दूसरी तारीख देने का अनुरोध किया था। सीबीआई ने शनिवार को दिल्ली के शिक्षा मंत्री और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को नोटिस जारी कर नई आबकारी नीति में हुए कथित घोटाले में पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन मनीष सिसोदिया ने रविवार सुबह सीबीआई से पूछताछ के लिए तारीखें बदलने का आग्रह किया था। मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली के वित्त मंत्री होने के नाते बजट तैयार करना बहुत जरूरी है, इसलिए मैंने सीबीआई से पूछताछ के लिए तारीखें बदलने का अनुरोध किया है।

ओल्ड पेंशन स्कीम पर गहलोत को झटका : वित्तमंत्री निर्मला बोलीं–

## एनपीएस का पैसा राज्यों को नहीं मिलेगा

**जयपुर (एजेंसी)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को जयपुर में प्रेस कान्फ्रेंस कर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधा। राजस्थान सरकार को न्यू पेंशन स्कीम्स का केंद्र के ट्रस्ट में जमा 45 हजार करोड़ रुपए नहीं मिलेगा। इसे एनपीएस को खत्म कर ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने वाले गहलोत के लिए झटका माना जा रहा है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एनपीएस का पैसा राज्य सरकारों को देने से साफ इनकार कर दिया है। निर्मला सीतारमण ने कहा- कोई राज्य अगर किसी कारण से यह डिसीजन लेता है कि एनपीएस का फंड है वो इकट्ठा दे देना चाहिए तो वह नहीं मिलेगा। सीतारमण के इस बयान से राजस्थान सरकार की ओल्ड पेंशन स्कीम को धक्का लगा है। सीतारमण ने कहा कि वह कर्मचारी का पैसा है, ब्याज कमा रहा है, वह पैसा रिटायरमेंट के समय कर्मचारी के हाथ में आएगा। इकट्ठा पैसा राज्य सरकार के हाथ नहीं आएगा, यह असंभव है। जब सही समय आएगा, तभी यह पैसा कर्मचारी को दिया जाएगा।




अखिलेश ने कहा–बुलडोजर के कारण गई मां–बेटी की जान

जातीय जनगणना की मांग की, कहा–

# मुख्यमंत्री दूसरे प्रदेश से आए हैं, उन्हें इससे मतलब नहीं

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

यूपी विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत सोमवार को हंगामेदार हुई। सत्र शुरू होते ही सपा विधायकों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। शिवपाल यादव की अगुवाई में विधायक परिसर में हाय-हाय के नारे लगाते हुए धरने पर बैठ गए। इस दौरान विधायकों की पुलिस और मार्शलों से नोकझोंक भी हुई। इसके थोड़ी देर बाद राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने अभिभाषण शुरू किया। सपा और आरएलडी विधायकों ने राज्यपाल वापस जाओ के नारे लगाए हुए वेल पर आ गए। इसी हंगामे के बीच राज्यपाल अपना अभिभाषण पढ़ती रहीं। हंगामे के बीच राज्यपाल ने 1 घंटा 1 मिनट का अभिभाषण पूरा किया। फिर वो विधानसभा से निकल गईं। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने परिषद की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

अखिलेश यादव ने कानपुर देहात में मां-बेटी की जिंदा जलकर मौत मामले में सरकार को आड़े हाथों लिया। कहा,÷ कानपुर देहात में मां-बेटी की जान गई है, उसका कारण है सरकार, प्रशासन और बुलडोजर। क्या आज के समय में बुलडोजर चलाएंगे आप? आप बुलडोजर लेकर घूम रहे हैं और उम्मीद करते हैं कि इन्वेस्टमेंट आएगा। आप सपने कितने बड़े दिखा रहे हैं, जो अपने गमले नहीं बचा पा रहे हैं, पेड़-पौधे सूख गए हों, उनसे इन्वेस्टमेंट क्या उम्मीद करोगे। विधानसभा पहुंचने के बाद योगी और अखिलेश ने मीडिया से बात रखी। अखिलेश ने जातीय जनगणना की मांग को एक बार फिर दोहराया। विधानसभा के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा,÷सपा पहली बार जातीय गणना के पक्ष में नहीं है। देश के बहुत सारे दल भी इसके पक्ष में हैं। हम आज फिर से जातीय जनगणना की मांग करते हैं। सबका साथ-सबका विकास तभी संभव है, जब जातीय जनगणना हो। मुख्यंमंत्री दूसरे प्रदेश से आए हैं। उन्हें यूपी की जातीय जनगणना से कोई मतलब नहीं है। वहीं, योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा परिसर में मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि सदन शांतिपूर्ण तरीके से चले।



### जो सरकार एमएलए की निधि नहीं बढ़ाती, उनसे उम्मीद क्या करें

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू हो रहा है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपना अभिभाषण पढ़ा और सरकार की उपलब्धियां गिनाई। इस दौरान विपक्षी सदस्य जबरदस्त तरीके से हंगामा करते रहे। समाजवादी पार्टी के विधायकों ने तख्ती लेकर सदन में नारेबाजी की। इस दौरान विपक्षी सदस्य राज्यपाल गो बैक के नारे भी लगाए। वहीं, अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पर भी जबरदस्त निशाना साधा। अखिलेश यादव ने कहा कि सदन में जो बातें कही जाती हैं उनको पूरा नहीं किया जाता है। सपा नेता ने कहा कि बीजेपी ने कहा था कि किसानों की आय दोगुनी होगी... 2023 शुरू हो चुका है लेकिन क्या बीजेपी बताएगी किसानों की आय दोगुनी हुई? अखिलेश ने साफ तौर पर कहा कि जो सरकार विधायकों की निधि नहीं बढ़ाती हो उनसे क्या उम्मीद करोगे?

# प्रदर्शनी का उद्देश्य जनसामान्य को बागवानी और फसलों की नवीनतम जानकारी देनाः आनंदीबेन पटेल

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में आयोजित चार दिवसीय प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2023 में प्रदर्शनी के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। समारोह में राज्यपाल जी ने 'लौकी मैन' द्वारा लौकी के सूखे कवच-फलभित्ति से तैयार शंख का अनावरण किया। उन्होंने इस अवसर पर वसीउल्लाह द्वारा लिखित पुस्तक 'औद्योगिक बागवानी' का विमोचन किया। राज्यपाल ने उल्लेखनीय उपलब्धिपरक कार्य के लिए डॉ. जगदीश किशोर वैज्ञानिक (पादप सुरक्षा) कृषि विज्ञान केन्द्र, फतेहपुर तथा डॉ. देवेन्द्र स्वरूप (पशुपालन) कृषि विज्ञान केन्द्र मैनपुरी को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित भी किया।

राज्यपाल ने प्रदर्शनी में भाग लेने वाले सभी कृषकों, बागबानों, सरकारी व गैर सरकारी उद्यानों के प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके योगदान की सराहना की।

**राज्यपाल ने राजभवन में आयोजित प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के प्रतियोगी विजेताओं को सम्मानित किया**

उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी उत्तर भारत की सबसे समृद्ध, पुरानी और अनूठी प्रदर्शनी है। इसका उद्देश्य जनसामान्य को बागबानी और फसलों की विविधता एवं नवीनतम जानकारियों से परिचित कराना है। उन्होंने प्रदर्शनी में प्रगतिशील किसानों द्वारा खेती-किसानी से जुड़े नए मानकों को प्रस्तुत करने की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि प्रदर्शनी में जनसामान्य की वृहद-स्तर पर रूचि को देखते हुए उन्होंने न केवल प्रदर्शनी के समय में वृद्धि की है, अपितु राजभवन के उद्यानों को भी प्रदर्शनी भ्रमण पर आए




जनसामान्य के अवलोकनार्थ खोलने के आदेश दिये, ताकि भ्रमण पर आए लोग राजभवन की वाटिकाओं को भी देख सकें। राज्यपाल ने बताया कि हाल ही में 'इन्वेस्टर्स समिट' के दौरान उत्तर प्रदेश आयीं देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने न केवल राजभवन की वाटिकाओं की प्रशंसा की अपितु वे अपने साथ इनके फोटो एवं वीडियो फुटेज भी ले गईं। राज्यपाल ने उद्यान विभाग द्वारा निरन्तर सफलतापूर्वक इस प्रदर्शनी का आयोजन करने की सराहना की। प्रदर्शन के विजयी प्रतियोगियों को पुरस्कृत करते हुए समारोह में राज्यपाल ने व्यक्तिगत वर्ग के प्रथम पुरस्कार प्राप्त विजेता श्री विश्व नारायण श्रीवास्तव, लखनऊ को 108 अंक हासिल करने पर 51,000 रुपये तथा चलवैजयंती, ओमप्रकाश भोला नर्सरी 96 अंकों को द्वितीय पुरस्कार 31,000 रुपये तथा चलवैजयंती, लॉ मार्टीनियर कालेज लखनऊ 94 अंको को तृतीय पुरस्कार 11,000.00 तथा चलवैजयंती प्रदान की। इसके साथ-साथ उन्होंने समस्त वर्गों के समस्त प्रथम विजेताओं तथा महिलाओं एवं बच्चों तथा शाकभाजी के प्रतियोगियों के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया। सभी वर्गों के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शों को पुरस्कार राशि 11000.00 प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि राजभवन उद्यान लखनऊ ने 10 ट्राफी और सर्वाधिक 180 अंक प्राप्त करके सर्वाधिक पुरस्कार विजेता का खिताब हांसिल करते हुए राज्यपाल चलवैजयंती के साथ 11,000 रुपये पुरस्कार राशि प्राप्त की। अधीक्षक राजभवन उद्यान, धीरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि राजभवन ने यह सफलता लगातार छठी बार प्राप्त की है। इस अवसर पर समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने कहा कि राज्यपाल के विशेष प्रयासों से प्रदर्शनी में प्रतियोगियों की बढ़ती संख्या एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि ये भी उल्लेखनीय है कि इस प्रदर्शनी से सभी 75 जनपदों से प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष प्रदर्शनी में कुल 15991 प्रतिष्ठियाँ आयीं, जो कि गत वर्ष की तुलना में 150 प्रतिशत अधिक हैं। मुख्य सचिव ने प्रदर्शनी को आम जनता के लिए बड़े स्तर पर खोले जाने हेतु राज्यपाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदर्शनी की उपयोगिता और आम जनता की रूचि को देखते हुए इसे आगे मण्डल स्तर पर भी आयोजित कराया जायेगा, जिससे आम जनता और किसान इसका भरपूर लाभ प्राप्त कर सके। समारोह में कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने भी जन सामान्य और कृषकों के हित में बागबानी और कृषि में नवीन प्रयोगों पर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर समारोह में मत्स्य मंत्री संजय निषाद, प्रमुख सचिव राज्यपाल कल्पना अवस्थी आदि उपस्थित थे।

### राजभवन शाक,भाजी, पुष्प प्रदशर्नी में नगर निगम ने जीते कई प्रथम पुरस्कार

लखनऊ। लखनऊ के राजभवन में आयोजित प्रादेशिक शाक-भाजी एवं पुष्प प्रदशर्नी के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिता में नगर निगम को विभिन्न श्रेणियों में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुए। राजभवन में 17 से 20 फरवरी, 2023 तकप्रादेशिक शाक-भाजी एवं पुष्प प्रदशर्नी के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी थी जिनमें नगर निगम लखनऊ द्वारा प्रतिभाग किया गया। राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान नगर निगम लखनऊ के नगर आयुक्त के ओर से अपर नगर आयुक्त अवनीन्द्र कुमार द्वारा मा. राज्यपाल महोदया से प्राप्त किया गया। प्रदशर्नी के अंतर्गत आयोजित की गयी प्रतियोगिताओं के विभिन्न श्रेणियों के परिणाम में लखनऊ नगर निगम को 4 श्रेणियों में प्रथम पुरस्कार हुए। दस हजार वर्गमीटर तक के क्षेत्रफल के पार्क की श्रेणी में नगर निगम लखनऊ के 1द19 विपुल खण्ड, गोमती नगर स्थित पार्क को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। छः हजार वर्गमीटर तक के क्षेत्रफल के पार्क की श्रेणी में नगर निगम लखनऊ के सेक्टर-12 इंदिरा नगर स्थित मधुवन पार्क को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। चार हजार वर्गमीटर तक के क्षेत्रफल के पार्क की श्रेणी में नगर निगम लखनऊ के लालबाग स्थित झण्डी पार्क को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।दो हजार वर्गमीटर तक के क्षेत्रफल के पार्क की श्रेणी में नगर निगम लखनऊ के सेक्टर-सी इंदिरानगर स्थित महुआ पार्क को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।माली वर्ग में विभिन्न श्रेणियों में 5 पुरस्कार व शील्ड प्रदान की गयी। मौसमी फूलो के कट फ्लावर शो में नगर निगम लखनऊ को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

## खबरें एक नजर में

### सरोजनी नगर विधायक राजेश्वर सिंह ने सिलाई मशीन सेंटर का किया शुभारंभ

लखनऊ। सरोजनी नगर विधानसभा की महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मोहान रोड स्थित ग्राम पंचायत शिवरी में 9वे सिलाई मशीन सेंटर का शुभारंभ विधायक राजेश्वर सिंह द्वारा किया गया। शिवरी ग्राम पंचायत के 10 स्वयं सहायता समूह की महिलाओ समेत आसपास के महिलाओं के उज्जवल भविष्य के लिए सिलाई मशीन सेंटर की स्थापना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। इस दौरान ग्राम पंचायत शिवरी में हाईस्कूल उत्तीर्ण छात्रा मुस्कान शर्मा, मानसी, शालू ,छात्रा अंजू को साइकिल भेंट स्वरूप प्रदान की गई। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रामनरेश राजपूत, मंडल अध्यक्ष शिवबक्श सिंह, जगन्नाथ लोधी, दिनेश गुप्ता, विजय द्विवेदी समेत सैकड़ों क्षेत्रीय निवासी एवं महिलाएं मौजूद रही।

### आंचल रस्तोगी ने जीता महाशिवरात्रि ओपन शतरंज टूर्नामेंट वेटरन में कमलेश अव्वल, ऐमान अख्तर सर्वश्रेष्ठ महिला

लखनऊ। आंचल रस्तोगी ने महाशिवरात्रि ओपन शतरंज टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन के साथ सर्वाधिक 6.5 अंक जुटाते हुए विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। शतरंज क्लब ब्लैक एंड व्हाइट (सीसीबीडब्ल्यू-लखनऊ) के तत्वावधान में शहर के एक होटल में आयोजित इस टूर्नामेंट में आंचल से आधे अंक से पिछड़े सईद अहमद दूसरे स्थान पर रहे। सईद ने पूरे टूर्नामेंट में कड़ी टक्कर दी लेकिन छठे राउंड में आंचल से हार के बाद उन्होंने 7वे व अंतिम राउंड में जीत के साथ 6 अंक हासिल किये। सईद अहमद व पवन बाथम के समान 6-6 अंक रहे लेकिन टाई ब्रेक स्कोर के चलते सईद अहमद दूसरे व पवन बाथम तीसरे स्थान पर रहे। टूर्नामेंट में कमलेश कुमार केशरवानी ने वेटरन (60 साल से अधिक) श्रेणी में 4.5 अंक हासिल करते हुए पहला पायदान हासिल किया। वेटरन वर्ग में आरपी गुप्ता दूसरे और अजीत कुमार श्रीवास्तव तीसरे पायदान पर रहे। इस टूर्नामेंट में ऐमान अख्तर ने सर्वश्रेष्ठ महिला की ट्रॉफी जीती। ऐमान अख्तर और जुसफिक्रा लिलियम लोबो के समान 3-3 अंक रहे लेकिन टाईब्रेक स्कोर के चलते ऐमान पहले व जुसफिक्रा दूसरे स्थान पर रही। इस श्रेणी में पूजा कश्यप को 2.5 अंक के साथ तीसरा स्थान मिला। समापन समारोह में सर्व शक्ति पीठ ट्रस्ट के प्रदेश समन्वयक डॉ अनूप श्रीवास्तव ने पुरस्कार प्रदान किए। सभी प्रतिभागियों को महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में धूप और अन्य उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### लुलु मॉल को 5.75 करोड़ का नोटिस, लखनऊ में हाउस टैक्स पर नगर निगम हुआ सख्त

लखनऊ। होटल, मॉल और कॉलेज वालों पर नगर निगम ने सख्ती शुरू कर दी है। समिट और जी- 20 सम्मेलन के बाद नोटिस का क्रम जारी हो गया है। इसमें कॉलेज, मॉल और होटल वालों को नोटिस दिया जा रहा है। दरअसल, 88 गांव के नगर निगम सीमा में शामिल होने के बाद कॉमर्शियल बिल्डरों को नोटिस दिया जा रहा है। शहर के सबसे बड़े मॉल लुलु को 5.75 करोड़ और सेंट्रम होटल पर 3.39 करोड़ का गृहकर बकाया नोटिस भेज दिया गया है। इससे पहले करीब 3.28 करोड़ रुपए के बकाए पर इकाना स्टेडियम को नोटिस दिया गया था। नगर निगम के जोनल अधिकारियों को आदेश मिला है कि जो संस्थान टैक्स नहीं जमा कर रहे हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। एक तरफ मॉल और कॉलेज प्रशासन वाले हाउस टैक्स नहीं जमा कर रहे है। दूसरी तरफ मेदांता अस्पताल की तरफ से पैसा जमा कर दिया गया है। मेदांता की तरफ से करीब 68 लाख रुपए का टैक्स जमा कराया गया है। दूसरी तरफ फैजाबाद रोड स्थित तमाम बीटेक और एमबीए के कॉलेज पैसा नहीं दे रहे है। नगर निगम के नोटिस के बाद उनकी तरफ से जवाब दिया गया है कि वह हाउस टैक्स के दायरे में नहीं आते है। एक-एक कॉलेज वाले नगर निगम का 70 से 1 करोड़ रुपए दबाए बैठे है। जबकि सरकारी स्कूल पैसा जमा करते है। बताया जा रहा है कि शासन स्तर के एक सीनियर आईएएस अधिकारी नगर निगम में फोन कर कॉलेज वालों से पैसा जमा कराने के लिए मना करते है। 88 गांव के लोग नगर निगम की सीमा में आ चुके हैं। ऐसे में शहर के बाहर बने कई मॉल, कॉलेज और अस्पताल और बाकी संस्थान नगर निगम की सीमा में आ चुके है। लुलु मॉल और सेंट्रम होटल भी इसी श्रेणी में शामिल हो गए है। करीब ढ़ाई लाख की आबादी नगर निगम सीमा में शामिल होंगे।

### मंत्री राकेश सचान के 72 प्लाट पर कब चलेगा बुलडोजरः संजय सिंह

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी और राज्य सभा सांसद संजय सिंह ने योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने एमएसएमई मंत्री राकेश सचान के द्वारा 72 प्लॉट को अपने नाम से अलॉट करने को लेकर तंज कसा है। संजय सिंह ने ट्वीट कर कहा कि योगी सरकार के मंत्री राकेश सचान को 72 प्लॉट के आवंटन के खुलासे के बाद भी चाल चरित्र और चेहरे की बात करने वाली ठश्रच् कुम्भकरणी नींद में सो रही है। मंत्री जी कैबिनेट मंत्री के पद को सुशोभित कर रहें हैं। योगीजी बताएं मंत्री राकेश सचान के 72 प्लाट पर कब बुलडोजर चलाएगा?दरअसल, उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान के नाम से 72 प्लॉट अलॉट हुए हैं। मामला जब खुलासा हुआ तो अभिनव सेवा संस्थान राकेश सचान के नाम पर उद्योग विभाग के मिनी औद्योगिक आस्थान चकहता में 32 और मिनी औद्योगिक आस्थान सुधवापुर में 40 प्लॉट अलॉट किए गए। हालांकि मामले का जब खुलासा हुआ तो लघु उद्योग मंत्री ने सफाई देते हुए मंत्री ने कहा कि वर्ष 2012 में मेरी दो संस्थाओं को प्लॉट आवंटित हुए थे, लेकिन विकसित नहीं हो पाए। मैं इस विभाग का मंत्री हूं। तय किया है कि प्लाटों का आवंटन कैंसिल करवा दिया जाए। आवंटन के समय यहां कोई सुविधा नहीं थी। अब भी खेत ही हैं। जल्द ही प्लॉट दूसरे इंडस्ट्रियलिस्ट को अलॉट कर यहां सड़क, बिजली, पानी की सुविधाएं विकसित की जाएंगी। लघु उद्योग भारती, फतेहपुर के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने आयुक्त और निदेशक उद्योग को भेजे पत्र में आरोप लगाया है कि फतेहपुर में आठ इंडस्ट्रियल एरिया है। चकहता लघु उद्योग भारती, फतेहपुर के मिनी औद्योगिक क्षेत्र में कुल 36 निदेशक उद्योग को इसकी लिखित गए हैं।

## आश्रम पद्धति विद्यालयों के संविदा शिक्षकों ने की बैठक

**लखनऊ।** समाज कल्याण एवं जनजाति विकास विभाग राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में कार्यरत सैकड़ों शिक्षकों ने आज लखनऊ में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कार्यालय में बैठक कर सातवें वेतन आयोग का लाभ मिलने पर खुशी जाहिर किया है। राज्य कर्मचारी संघ परिषद की संयुक्त सचिव अरुणा शुक्ला ने मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए अवगत कराया की सातवें वेतन आयोग का लाभ मिलने से मुरझाए संविदा कर्मियों के चेहरे खिले हुए हैं। उनके परिवारों में खुशी का माहौल है।अरुणा शुक्ला ने कहा कि बैठक में वाराणसी, झांसी, कानपुर, गोंडा, प्रयागराज, रायबरेली अयोध्या, एटा फतेहपुर, बहराइच ,बलरामपुर सहित 50 से भी अधिक जनपदों के संविदा शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। बैठक में संविदा पर कार्य कर रहे प्रवक्ताओं की संख्या सबसे अधिक थी ।संविदा पर कार्यरत एलटी एवं प्रवक्ता दोनों संवर्ग के शिक्षकों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए विनियमितीकरण करने की गुहार भी लगाई। अरूण शुक्ला ने अवगत कराया कि प्रवक्ताओं के विनियमितीकरण के रास्ते में कठिनाइयों को प्राथमिकता के साथ दूर किया जाएगा। संविदा कर्मियों का बहुत अधिक शोषण हो रहा है।विनियमितीकरण न होने से संविदा कर्मियों के ऊपर नौकरी से हटाए जाने की तलवार लटकती रहती है ।वेतन रोक दिया जाना तो आए दिन की समस्या है।उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए संविदा शिक्षकों के नियमितीकरण पर कार्यवाही कराने का अनुरोध भी किया है।सातवें वेतन आयोग का लाभ मिलने पर खुशी जाहिर करने वाले शिक्षकों में स्वाति सिंह ,पूनम श्रीवास्तव, राकेश कुमार, विनीता रानी, प्रवेश कुमार, अंजनी राय, ललित कुमार, सीमा, डा अनिल, शिवपूजन सहित सभी शिक्षकों ने अपनी भावनाओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया है।

## केन्दीय नियामक आयोग का आदेश उपभोक्ता के लिए काला अध्यायः उपभोक्ता परिषद

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**दबाव में केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग ने निजी घरानों के हित में जारी किया आदेश**

**केंद्रीय** ऊर्जा मंत्रालय के दबाव में केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग द्वारा विगत 3 दिन पहले एक ऐसा आदेश जारी किया गया है जो पूरे देश के उपभोक्ताओं के लिए काला अध्याय साबित होगा। केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग द्वारा इंडियन एनर्जी एक्सचेंज लिमिटेड की याचिका पर एक ऐसा आदेश जारी कर दिया गया है जिसके तहत पूरे देश में एक नया पावर मार्केट खुलने जा रहा है। जिसमें हाई प्राइस डे अहेड मार्केट के तहत विदेशी कोयले से चलने वाले उत्पादन इकाइयां व गैस आधारित उत्पादन इकाइयां अधिकतम 50 रुपया प्रति यूनिट तक बिजली बेचने के लिए स्वतंत्र होगी। क्योंकि उनके लिए यह सीलिंग बनाई गई है। चौंकाने वाला मामला यह सामने आया है कि निजी घरानों के पक्ष में लिया गया यह फैसला पूरे देश के लिए आने वाले समय में बहुत ही घातक साबित होगा। केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग द्वारा सुनाए गए फैसले के विरोध में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने फोरम आप रेगुलेटर्स इंडिया के चेयरमैन और उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के भी चेयरमैन आर पी सिंह से मुलाकात कर एक लोक महत्व प्रस्ताव सौपा। फोरम आफ रेगुलेटर्स से यह मांग उठाई कि जनहित में यह फैसला उपभोक्ताओं के विरोध में लिया गया फैसला है इसलिए फोरम आप रेगुलेटर्स अपने बिजनेस रूल की धारा 23 के तहत इस पूरे मामले पर हस्तक्षेप करते हुए केंद्र सरकार व केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग को अभिलब निर्देश दें। क्योंकि इस धारा के तहत फोरम आप रेगुलेटर्स को किसी भी आदेश में शिथिल करने की शक्ति प्रदान है। ऐसे में इस आदेश में बदलाव किया जाना बहुत जरूरी है। फोरम आफरेगुलेटर्स के चेयरमैन आर पी सिंह ने उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष को आश्वासन दिया कि फोरम आप रेगुलेटर के मंच पर इस मामले को देखा जाएगा। जहां तक सवाल उत्तर प्रदेश के मामले में महंगी बिजली का यह आदेश ना लागू हो इस पर उचित दिशा निर्देश बिजली कंपनियों को दिया जाएगा। प्रदेश के उपभोक्ताओं को परेशान होने की कोई जरूरत नहीं है।राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि जहां अब पावर एक्सचेंज जिस पर अभी तक 12 रुपया प्रति यूनिट की सीलिंग लगाई गई है। उसमें देश के निजी घराने ना जाकर हाई प्राइस अहेड मार्केट में जाकर अपनी बिजली को कहीं ज्यादा महंगी दर पर भे बेचेंगे। इसका खामियाजा पूरे देश की जनता को भुगतना पडेगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस पूरी याचिका में कोई भी आम जनता की सुनवाई नहीं की गई। उल्टे उसमें यह लिखा गया कि इंडियन एनर्जी एक्सचेंज ने हाई प्राइस डेट मार्केट के तहत 99 रुपया प्रति यूनिट की अधिकतम फीलिंग लगाने की मांग की गई थी। जिसके बाद केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग ने 50 रुपया प्रति यूनिट की सीलिंग लगा दी।केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग द्वारा गैस बेस आधारित उत्पादन गृहों वह विदेशी कोयला आधारित उत्पादन गृहों के लिए 50 रुपया प्रति यूनिट की अधिकतम सीलिंग लिमिट बनाई गई है। जो देश के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए बहुत बडा झटका है। सभी को पता है कि पूरे देश में किसी भी हालत में गैस आधारित उत्पादन इकाई की लागत अधिकतम रुपया 20 प्रति यूनिट से अधिक नहीं हो सकती।

## अखिल विद्यार्थी परिषद ने छात्रवृत्ति घोटाले को लेकर किया प्रदर्शन, कार्रवाई की मांग

लखनऊ। समृद्धि न्यूज




**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद लखनऊ महानगर के कार्यकर्ताओं ने सौ करोड़ रुपए के छात्रवृत्ति घोटाले में संलिप्त आरोपियों एवं संस्थाओं पर कार्रवाई की मांग को लेकर समाज कल्याण कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर समाज कल्याण निदेशक को ज्ञापन सौंपा। वहीं समाज कल्याण विभाग के निदेशक पवन कुमार ने बाहर आकर ज्ञापन लेकर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं एवं पुलिसकर्मियों के बीच तीखी बहस हुई। प्रांत सह मंत्री अक्षय प्रताप सिंह ने बताया की उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में यह घोटाला तत्कालीन अधिकारियों की संवेदनहीनता दिखाता है। विद्यार्थी परिषद आरोपियों पर कठोरतम कार्यवाई की मांग करती है। यदि जल्द से जल्द इन भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई न की गई, तो अखिल विद्यार्थी परिषद बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस अवसर पर प्रांत मीडिया सह संयोजक शिवम सिंह, किशन पांडेय, सूर्यांश, आदर्श यादव, मोहिनी, निलेश मिश्र, अनिवेश, अनंत राज सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सर्वहित व्यापार मंडल ने विधायक राजेश्वर सिंह को समस्यों का ज्ञापन सौंपा

**लखनऊ।** वृन्दावन सेक्टर 6, नीलमथा रोड सर्वहित व्यापार मंडल के पधादिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार यादव के नेतृत्व में क्षेत्रीय विधायक ल राजेश्वर सिंह मुलाकात कर विधायक को क्षेत्रीय समस्याओं का ज्ञापन सौपा, वृन्दावन सेक्टर 6,नीलमथा रोड सर्वहित व्यापार मंडल के के अध्यक्ष श्री गणेश पाल ने विधायक को बताया कि चौधरी एनक्लेव के समीप पुलिया सकरी व क्षतिग्रस्त है, और वहाँ स्ट्रीट लाइट न होने के करण अँधेरा रहता है, जिसकी वजह से आये दिन वहाँ दुर्घटनाए होती रहती है, जिसकी वजह से व्यापारियों और आम जनमानस को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि पुलिया का चौडीकरण हो जायेगा और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था हो जाएगी तो दुर्घटनाए रुक जाएगी, जिससे लोगो की जान-माल की हानि रुक जाएगी। विधायक ने व्यापारियों की समस्या को सुनते हुए जल्द निस्तारण का आश्वाशन दिया।

## पूरे प्रदेश के स्वास्थय विभाग की व्यवस्था चरमरा चुकीः कांग्रेस

**लखनऊ।** जहां पूरे प्रदेश के स्वास्थय विभाग की व्यवस्था चरमरा चुकी हैं वहीं प्रदेश के स्वास्थय मंत्री का निरीक्षण कहीं कारगर साबित होते नजर नहीं आया। पूरे प्रदेश के अस्पतालों में जहां चिकित्सक सहित पैरामेडिकल स्टाफ की भारी कमी देखी जा रही है वहीं पर राजधानी स्थित बहुत ही महत्वपूर्ण कैंसर संस्थान स्वयं कैंसर से पीड़ित दिखाई दे रहा है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने बताया कि प्रदेश मुख्यालय के कैंसर संस्थान में पूर्ण कालिक निदेशक का ना होना चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के प्रति सरकार की उदासीनता दर्शाता है। जहां 56 चिकित्सक ध्विशेषज्ञों को होना चाहिए वहीं पर 25 डॉक्टरों की तैनाती सरकार की लापरवाही का ही परिणाम है। संस्थान में 200 से अधिक बेड के वार्ड और ओटी के तैयार होने के बावजूद केवल 100 बेड का उपयोग गंभीर मरीजों के साथ खिलवाड़ है। श्री पाण्डेय ने आगे बताया कि नेशनल इंस्टीटयूट रैंकिंग फ्रेमवर्क की ओवरऑल रैंकिंग में केजीएममू पिछड़ता जा रहा है। जहां वर्ष 2018 में केजीएममू 23वें स्थान पर था वह 75वें स्थान पर पहुंच गया है। विगत दिनों जब पूरे प्रदेश में डेंगू का प्रकोप फैला हुआ था उस समय प्रदेश सरकार की लापरवाही के चलते उच्च न्यायालय द्वारा स्वयं संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को निजी तौर पर उपस्थित होने का आदेश हुआ इसके बावजूद भी स्वास्थय विभाग की लापरवाही रूकने का नाम नहीं ले रही है। आज राज्यपाल महोदया द्वारा अभिभाषण का एक अंश यह भी रहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार हो रहा है हास्यास्पद लगा। प्रवक्ता ने आगे बताया कि लगता है कि लोकतंत्र को समाप्त करने की केन्द्र सरकार सौगंध खाकर आई है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कांग्रेस का महा अधिवेशन आसन्न है, इसी समय पर महा अधिवेशन को बाधित करने के कुप्रयास में तमाम नेताओं पर ईडी द्वारा छापेमारी की जा रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इन नौ वर्षो में यदि देखा जाये तो 95 प्रतिशत से अधिक ईडी, आयकर, सीबीआई, द्वारा केवल विपक्ष के नेताओं पर छापेमारी की गई, यह भाजपा की कायरता को दर्शाता है।

## मीडियाकर्मियों से मार्शल ने की धक्का मुक्की पर सपा ने उठाए सवाल

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**कहा, क्या इसी को भाजपा लोकतंत्र का नाम देती है**

**उत्तर प्रदेश** विधानसभा के सोमवार से शुरू हुये बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को सड़क से सदन तक समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों ने जमकर हंगामा किया और सरकार विरोधी नारेबाजी की। इस दौरान विधान भवन परिसर में आक्रोशित सदस्यों और मौजूद मार्शल के बीच धक्कामुक्की हुयी। इसे लेकर सपा ने उत्तर प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाएं हैं। समाजवादी पार्टी का कहना है कि भाजपा की डरपोक सरकार ने विधानसभा के सत्र की कवरेज से मीडिया को रोका है, मार्शलों के द्वारा मीडियाकर्मियों से अभद्रता और मारपीट हुई यह निंदनीय है। क्या इसी को भाजपा लोकतंत्र का नाम देती है ? साल के पहले सत्र की कार्यवाही शुरू होने से पहले सपा के वरिष्ठ सदस्य शिवपाल सिंह यादव के नेतृत्व में सपा के सदस्य नारेबाजी करते हुये चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा ओर धरना देने के इरादे से बढ़े मगर वहां मौजूद मार्शल के दल ने उन्हे आगे बढ़ने से रोक दिया। इस बीच आंदोलित विपक्षी सदस्यों की प्रतिक्रिया जानने के लिये कुछ मीडियाकर्मियों ने आगे आने का प्रयास किया उन्हें भी मार्शल ने धक्का मुक्की कर रोक लिया।

सपा सदस्य इसके बावजूद सरकार विरोधी नारेबाजी करते रहे। लाल और काले रंग की तख्तियों में उन्होंने सरकार विरोधी स्लोगन लिखे थे जिसमें महंगाई,बेरोजगारी में सरकार की विफलता, भ्रष्टाचार और खराब कानून व्यवस्था एवं किसानों की अनदेखी के आरोप लगाये गये थे। सपा सदस्यों ने नारेबाजी कर जातीय जनगणना की भी मांग दोहरायी।



सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद भी सपा सदस्यों की नारेबाजी और हंगामा जारी रहा। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण के दौरान विपक्षी सदस्य विशेषकर सपा और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के 'राज्यपाल वापस जाओ और सरकार विरोधी नारे लगा रहे थे। इस बीच कुछ सदस्य हाथों में तख्तियां लिये सदन की वेल पर भी पहुंच गये। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सदस्यों से शांति बनाये रखने की अपील की मगर उसका कोई असर नहीं हुआ। आखिरकार भारी हंगामे और शोरशराबे के बीच राज्यपाल ने विधानसभा और विधान परिषद के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित किया और सरकार की उपलब्धियों की जानकारी साझा की। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। प्रदेश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। सरकार आंकड़ों में चाहे जो कुछ भी प्रस्तुत करे मगर सच्चाई यह है कि कानून व्यवस्था,महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार बुरी तरह विफल हुयी है। बुलडोजर संस्कृति ने गरीबों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। कानपुर देहात में मां बेटी की जान बुलडोजर ने ले ली। उधर, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश के विकास से विपक्ष खासकर सपा घबरायी हुयी है कि उसके सत्ता में आने के रास्ते बंद हो चुके हैं। जनता के बीच लोकप्रिय हो चुकी भाजपा सरकार के खिलाफ विपक्ष के हाथ खाली हैं और वैसे भी सपा गुंडागर्दी की पर्याय मानी जाती है। सदन में सपा अगर किसी मुद्दे पर चर्चा करना चाहती है तो उसका स्वागत है मगर सपा समेत अन्य विपक्षी दलों के पास अब कोई मुद्दा बचा नहीं है। प्रदेश में अमन चौन है और तरक्की की सुगंध हर जगह महसूस की जा सकती है।

### सतीश पाण्डेय सहित प्रत्याशियों ने किया जमकर प्रचार

लखनऊ। जवाहर भवन इन्दिरा भवन कर्मचारी महासंघ के चुनाव के चलते आज कर्मचारी महासंघ के सभी पद पर चुनाव लड़ रहे तमाम प्रत्याशियों ने महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में एक एक कर्मचारी से मिलकर जनसंपर्क करके अपने अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।महामंत्री प्रत्याशी सुशील कुमार बच्चा ने कर्मचारियों के बीच जाकर वोट मांगा और चुनावी संकल्प पत्र जारी करते हुए बताया कि कर्मचारियों की जो भी वेतन विसंगतियां है उसके लिए संघर्ष करूंगा और उन्होंने यह भी बताया कि कोरोना काल में नगर प्रतिकर भत्ता स्थगित किया गया था उसको बहाल करने के लिए संघर्ष किया जाएगा और निगमों को समानता दिलाने, पुरानी पेंशन बहाली, चतुर्थ श्रेणी की भर्ती खुलवाने, दैनिक भोगी एवं संविदा कर्मियों की सेवाएं जुड़वाने, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की नियमावली बनवाने के लिए पूरा प्रयास किया जाएगा।

# महिलाओं, दलितों को अपमान से बचाना धार्मिक मुद्दा नहीं: स्वामी प्रसाद मौर्य



लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**समाजवादी** पार्टी (सपा) द्वारा अपने नेताओं को धार्मिक मुद्दों पर बहस से परहेज करने की हिदायत के बीच सोमवार को सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि देश की महिलाओं, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों को अपमान से बचाना, सम्मान दिलाना यह धार्मिक मुद्दा नहीं है। मौर्य ने पिछले महीने 22 जनवरी को एक बयान में 'श्रीरामचरितमानस' की आलोचना करते हुए कहा था कि उसके कुछ अंशों से दलितों, पिछड़ों और महिलाओं की भावनाएं आहत होती हैं, लिहाजा इस पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिये। उनके इस बयान पर खासा विवाद हुआ था। इसके बाद 16 फरवरी को सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने बयान जारी कर कहा, ''पार्टी अध्यक्ष और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सभी कार्यकर्ताओं, पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों तथा प्रवक्ताओं को हिदायत दी है कि वे टीवी चौनलों पर होने वाली परिचर्चाओं के दौरान साम्प्रदायिक मुद्दों पर बहस से परहेज करें। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) धार्मिक मुद्दे उठाकर जनता का ध्यान बुनियादी मुद्दों से भटकाने की लगातार कोशिश कर रही है, लिहाजा सपा नेता टीवी चौनलों पर धर्म से सम्बन्धित बहसों में नहीं उलझें। विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के बाद सदन से बाहर आने पर सपा महासचिव एवं विधान परिषद सदस्य मौर्य ने पत्रकारों द्वारा धार्मिक मुद्दों पर बहस न करने के पार्टी के फैसले के बारे में पूछे जाने पर कहा, ''पहली बात तो यह कि देश की महिलाओं, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों को अपमान से बचाना, सम्ध्मान दिलाना यह धार्मिक मुद्दा नहीं है। 'रामचरितमानस' पर मौर्य के बयान को सपा द्वारा उनका निजी बयान बताने के सवाल पर उन्म्होंने कहा,जो बात बहुत पहले बीत गयी, अब उसे फिर से उछालने का कोई मतलब नहीं है। हालांकि, 'रामचरितमानस' की चौपाई (ढोल, गंवार, शूद्र, पशु, नारी, ये सब ताड़न के अधिकारी) के भावार्थ को अच्छी तरह समझने के सवाल पर उन्होंने कहा, ''मैं अच्छी तरह से भावार्थ समझा हूं, चूंकि अवधी में इतनी सरल भाषा में लिखी गयी है कि हम ही नहीं, कक्षा पांच में पढ़ने वाला विद्यार्थी भी उसका अर्थ अच्छी तरह समझता है। इसी चौपाई को स्व्वामी प्रसाद मौर्य देश की महिलाओं, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों का अपमान बता रहे हैं। उन्होंने दोहराया, ''मैं अपने रुख पर कायम हूं और इस चौपाई को रामचरितमानस से निकालने के लिए मैंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है। मौर्य से जब पत्रकारों ने पूछा कि आप महिलाओं की बात करते हैं, लेकिन इसी मुद्दे पर बयानबाजी के चलते आपकी पार्टी की दो महिला नेताओं को सपा से निष्कासित किया गया है, इसके जवाब में उन्होंने कहा, अब जो निष्कासित की गयी हैं, उनके विषय में मुझे कुछ नहीं कहना है।

## कानून व्यवस्था के नाम पर योगी सरकार जुमलेबाजी कर लोगों को गुमराह करती है: विनोद बंसल

लखनऊ। कानून व्यवस्था के नाम पर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार केवल जुमलेबाजी कर लोगों को गुमराह करती है, सच्चाई इसके विपरीत है। उत्तर प्रदेश के जनपद आगरा के विधानसभा प्रत्याशी रहे एवं आगरा व्यापार मंडल पश्चिमी जोन के अध्यक्ष विनोद बंसल पर बदमाशों द्वारा फायरिंग कर जान से मारने की कोशिश की गई साथ ही धमकी भी दी गई जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के संयोजक अशोक सिंह एवं कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने उक्त घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि हाल ही में देवरिया रेलवे स्टेशन पर एक युवती का खून से लथपथ बेहोशी की हालत में मिलना योगी सरकार के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के दावे का जहां पोल खोलती है वहीं प्रदेश के पिछले कई वर्षो से बिगड़ती कानून व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। नेता द्वय ने पुलिस महानिदेशक, अपर मुख्य सचिव गृह एवं उत्तर प्रदेश सरकार से तुरंत संज्ञान लेकर आराजक तत्वों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# विधानभवन की विद्युत आपूर्ति और सुदृढ़ करने हेतु अध्यक्ष ने दिये निर्देश

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

विधान भवन की विद्युत व्यवस्था और सुदृढ़ बने इसके लिये पावर कारपोरेशन अध्यक्ष एम देवराज ने आज 11 बजे सचिवालय स्थित विद्युत उपकेन्द सहित विद्युत आपूर्ति व्यवस्था का व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विधान भवन की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को पूरी तरह ट्रिपिंग विहीन तथा सुदृढ़ बनाने के लिये सभी आवश्यक कार्य करें।अध्यक्ष लगभग सुबह 11 बजे विधान भवन के गेट नम्बर 7 पर स्थित पीडब्लूडी के एलटी स्विचिंग रूम में गये जहॉ से विधान भवन उत्तरी एवं दक्षिणी को आपूर्ति दी जाती है। आपूर्ति व्यवधान के समय वैकल्पिक श्रोतों पर स्विच ओवर होता है। वहॉ पर उन्होंने अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। व्यवधान की स्थिति में आपूर्ति चेन्ज ओवर पर कुल समय 3 सेकेन्ड से भी कम लगता है यह उन्हें अवगत कराया गया। अध्यक्ष यू0पी0पी0सी0एल0 द्वारा विधान परिषद एवं विधान सभा के मण्डप की आपूर्ति स्थल पर गये। जहॉ पर 11 के0वी0 के पोषकों की आमद सीधे राज भवन उपकेन्द्र से है। वहॉ से वे राज भवन स्थित 33/11 केवी उपकेन्द्र पर पहुँचे। उपकेन्द्र के मुख्य द्वार के बायी तरफ स्थित नगर निगम की भूमि पर गैस आधारित उपकेन्द् के निर्माण के प्रस्ताव के बारे में जमीन उपलब्ध कराने के लिये नगर आयुक्त से दूरभाष पर वार्ता की। उन्होंने राज भवन के अधीक्षणअभियन्ता को निर्देशित किया कि आज ही नगर आयुक्त से मिलकर जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित करें तथा उपकेन्द्र के निर्माण हेतु शीघ्र टेन्डर की कार्यवाही पूरी करें। अध्यक्ष ने राज भवन के अधिशाषी अभियन्ता से आपूर्ति को और सुदृढ़ बनाने हेतु विस्तृत जानकारी प्राप्त की और इसके लिये आवश्यक कदम उठाने के लिये निर्देशित किया। अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी लाइन में विद्युत व्यवधान की स्थिति में वैकल्पिकव्यवस्था सेकण्ड्स में चालू हो जाये इसके लिये यथा सम्भव सभी आटोमैटिक तकनीक का प्रयोग सुनिश्चित किया जाये। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही कतई बरदास्त नहीं की जायेगी।एम0 देवराज ने स्टोर डिवीजन के अधिकारियों को शक्ति भवन बुलाकर बैठक भी की जिसमें उन्होंने राजभवन उपकेन्द्र के लिये आवश्यक सामग्री की व्यवस्था करने के निर्देश दिये।अध्यक्ष ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि विधान भवन की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह अलग फीडर से रहे इसके लिये आवश्यक कार्य भी तुरन्त कर लिये जाये। उन्होंने आपूर्ति चेन्ज ओवर की व्यवस्था को दैनिक रूप से चेक करने के भी निर्देश दिये।

## खबरें एक नजर में

### एकेटीयू के छात्रों की विदेशों में पहली पसंद बना कनाडा

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से प्रदेश के साढ़े सात सौ से ज्यादा कॉलेज संबद्ध हैं। जिसमें करीब डेढ़ लाख से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं। इस दौरान बहुत से छात्र एकेटीयू से पढ़ाई कर विदेशों में नौकरी और उच्च शिक्षा के लिए को प्राथमिकता देते हैं। वैसे तो पूरी दुनिया में यहां के छात्र कार्यरत हैं। वहीं, इस साल जनवरी और फरवरी में जारी ट्रांसक्रिप्ट पर नजर डालें तो छात्रों को कनाडा रास आ रहा है। इन दो महीनों में कनाडा के लिए 255 छात्रों को ट्रांसक्रिप्ट जारी की गयी है। जबकि भारत के लिए 507 को भेजे गये ट्रांसक्रिप्ट है जरूरी विदेशों में नौकरी से लेकर वीजा, किसी पाठ्यक्रम में प्रवेश और निवास के लिए ट्रांसक्रिप्ट की जरूरत होती है। टांसक्रिप्ट के लिए छात्र विश्वविद्यालय में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके से आवेदन कर सकता है। विश्वविद्यालय आवेदन की तिथि से एक दो दिन में ही ट्रांसक्रिप्ट जारी कर देता है। ट्रांसक्रिप्ट छात्र को हाथों हाथ भी दिया जाता है और ईमेल पर भी भेजा जाता है।

### प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक के प्रदेश महासचिव बने इरशाद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन जनाब शाहनवाज आलम द्वारा युवा नेता हाजी मोहम्मद इरशाद 'गुड्डे नवाब' को उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अन्तर्गत प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, नकुल दुबे, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, मीडिया संयोजक अशोक सिंह, प्रदेश प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय, आदि ने आभार व्यक्त किया है। उक्त जानकारी जारी प्रेस विज्ञप्ति में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने दी है।

### सांप्रदायिक और संकीर्ण सोच वाले धार्मिक तत्वों को सत्ता में बैठे लोगों का संरक्षण प्राप्त: आफाक

**लखनऊ।** हरियाणा में दहशतगर्द संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा दो निर्दोष मुस्लिम युवकों की नृशंस हत्या पर अपना प्रतिरोध जताते हुए राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता संगठन के संयोजक मोहम्मद आफाक ने आज जारी अपने एक बयान में कहा कि धर्म की आड़ लेकर किया जाने वाला यह जघन्य कृत्य समाज को शर्मसार करता है। इस नृशंस हत्या ने एक बार फिर पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। जिस तरह जुनैद और नासिर नाम के दो मुस्लिम युवकों को उनकी ही कार में जिंदा जलाया गया है, उससे साफ जाहिर होता है कि इन आतंकियों और दरिंदों को कानून का कोई खौफ नहीं है। उन्हें न राज्य पुलिस का कोई डर नहीं है और न ही उनमें कोई इंसानियत है। इतना ही नहीं, उन्हें सांप्रदायिक और संकीर्ण सोच वाले धार्मिक तत्वों और सत्ता में बैठे लोगों का संरक्षण प्राप्त है इसीलिए वे पूरी तरह से संतुष्ट हैं कि उनका कुछ नहीं बिगड़ सकता। यही वजह है कि देश भर में मानवता को शर्मसार करने वाली ऐसी बर्बर घटनाएं लगातार हो रही हैं और अपराधियों को किसी भी तरह की आजादी मिली हुई है। देश में नफरत की राजनीति का दायरा दिन–ब–दिन बढ़ता जा रहा है और सत्ता के भोगी राजनीतिक संगठन अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने में लगे हैं। गोरक्षा के नाम पर मासूम मुस्लिम युवकों को प्रताड़ित किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ताओं के राष्ट्रीय संगठन और अन्य संगठनों की ओर से हम इस नृशंस हत्या की कड़ी निंदा करते हैं। हम इस दुख की घड़ी में इन दोनों मासूमों के परिवारों की मदद के लिए उनके साथ खड़े हैं। दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। इस संबंध में निर्णय लिया गया कि सभी सामाजिक संगठन आगामी गुरुवार 23 फरवरी को लखनऊ के इको गार्डन में एक साथ आकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे और जिलाधिकारी लखनऊ को इस संबंध में एक ज्ञापन देंगे।

## कर्नल मेहरोत्रा ने प्रदर्शित की अपनी फोटोग्राफिक यात्रा

लखनऊ। राजधानी के अलीगंज स्थित क्षेत्रीय ललित कला एकेडमी में सोमवार को फोटो एग्जीबिशन 'फोटोनामा' का आयोजन हुआ। इस एग्जिबिशन में कर्नल अनिल मेहरोत्रा ने अपनी खींचीं हुई फोटोज को प्रदर्शित किया। 25 सालों से ज्यादा देश की सेवा करने के बाद, कर्नल मेहरोत्रा ने अपने फोटोग्राफी के शौक को आगे बढ़ाया। उन्होंने बताया कि अपना पहला प्लास्टिक कैमरा उन्होंने 1968 में 25 रुपए में खरीदा था। सेना की नौकरी के दौरान दूर दराज के इलाकों में पोस्टिंग से उन्होंने अपनी क्रिएटिविटी को और निखारा। इसके अलावा उन्होंने बताया कि उनकी खींची हुई कई फोटोज देशदृविदेश की प्रतिष्ठित पत्रिकाओं, काफी टेबल बुक और कैलेंडर में पब्लिश हुई हैं।

# उद्यान मंत्री ने स्ट्राबेरी का उत्पादन बढ़ाये जाने की संभावनाओं पर की चर्चा

- उप्र के उद्यान मंत्री ने दुबई के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में आयोजित गल्फ फूड एक्सपो में किया प्रतिभाग

लखनऊ। समृद्धि न्यूज



**उत्तर प्रदेश** के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने सोमवार को दुबई के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में आयोजित गल्फ फूड एक्सपो-2023 कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि के रूप में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने फूड एक्सपो में लगायी गयी उत्तर प्रदेश की प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ किया। उत्तर प्रदेश की प्रदर्शनी में प्रदेश के फल, सब्जी व पैक्ड खाद्य उत्पादों को प्रस्तुत किया गया। उद्यान मंत्री ने प्रदर्शनी के पहले दिन उत्तर प्रदेश में स्ट्रॉबेरी का उत्पादन बढ़ाये जाने की हर सम्भावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने एल्ग्रो लैटिया के सीईओ एवं संस्थापक वदीम तिमोखिन से चर्चा करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश में स्ट्रॉबेरी की खेती के लिए अनुकूल जलवायु है। पर्याप्त मात्रा में भूमि एवं सिंचाई की व्यवस्था भी है। प्रदेश के प्रगतिशील किसान स्ट्रॉबेरी की खेती में लगे हुए हैं। वर्तमान उत्तर प्रदेश सरकार ऐसे किसानों को उद्यान विभाग द्वारा सहायता एवं सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश की स्ट्रॉबेरी गुणवत्ता परक एवं पौष्टिकता से परिपूर्ण है। दुबई के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में 24 फरवरी तक चलने वाले गल्फ फूड एक्सपो-2023 से उत्तर प्रदेश के निर्यात को गति मिलेगी। वर्तमान में प्रदेश से अन्य देशों में आम व सब्जियों का निर्यात हो रहा है। फूड एक्सपो में प्रदर्शनी के अलावा क्रेता-विक्रेता सम्मेलन कर अन्य देशों में भी प्रदेश के निर्यात को बढ़ाया जाएगा। उद्यान मंत्री ने उत्तर प्रदेश के कृषि एवं औद्यानिक उत्पादों के निर्यात पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने दुबई के एनडीके प्रा.लि. के प्रबंध निदेशक से उत्तर प्रदेश की ताजा सब्जी के आयात करने पर विचार-विमर्श किया। मंत्री के साथ विशेष सचिव उद्यान योगेश कुमार, निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण आर.के. तोमर सहित पांच निर्यातकों का प्रतिनिधि मण्डल राजीव श्रीवास्तव, नदीम सिद्दीकी, डॉ. अमरबेग, नमित सिंह, शिवानी बुन्देला आदि रहे।

## एलयू में आपदा प्रबंधन एवं आपातकालीन चिकित्सा विषय पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय एलयू में गणित विभाग एवं समाज शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्याम किशोर एवं डॉ. पीके गुप्ता के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के अंतर्गत आपदा प्रबंधन एवं आपातकालीन चिकित्सा विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें नागरिक सुरक्षा विभाग लखनऊ के सुमित मौर्य ने आपातकालीन स्थिति में आपदा प्रबंधन तथा ह्रदयाघात की स्थिति में सीपीआर देने हेतु विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रपति पदक से सम्मानित मनोज वर्मा सहायक उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा ने आपातकालीन स्थिति में स्ट्रेचर बनाने की विभिन्न विधियां सिखाई।

## बम की सूचना के बाद चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**लखनऊ।** लखनऊ से बड़ी खबर सामने आई है। दिल्ली से देवघर जा रही इंडिगो की फ्लाइट में बम की सूचना मिली। इससे हड़कंप मच गया। एहतियात के तौर पर फ्लाइट की लखनऊ के चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों के मुताबिक, दिल्ली से देवगढ़ जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई-6191 को बम की धमकी मिलने के बाद लखनऊ डायवर्ट किया गया। सभी आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया और विमान को टेकऑफ के लिए मंजूरी दे दी गई। जांच में सुरक्षा एजेंसियों के नियमों का पालन कर रहे हैं। एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि इंडिगो की फ्लाइट दोपहर 12.20 बजे सुरक्षित उतरी। उसे आइसोलेशन के लिए ले जाया गया। वहां दो घंटे से ज्यादा समय तक फ्लाइट की जांच की गई। इस दौरान यात्रियों को बाहर भी नहीं उतारा गया था। लेकिन सभी यात्रियों के लगेज की तलाशी ली गई। हालांकि जांच में कुछ भी नहीं मिलने के बाद दोपहर 2.55 बजे फ्लाइट को आगे की यात्रा के लिए भेज दिया गया। फ्लाइट करीब 2 घंटे 35 मिनट तक लखनऊ में रही। इस दौरान यात्रियों से लेकर एयरपोर्ट प्रशासन के अधिकारी परेशान रहे। बम स्क्वॉड ने फ्लाइट के एक-एक हिस्से को चेक किया। इसके अलावा यात्रियों के लगेज को भी चेक किया गया। हालांकि लैंडिंग से पहले यात्रियों का लगेज पहले ही चेक होता है लेकिन उसके बाद भी एहतियात के तौर पर सब कुछ चेक किया गया। इससे पहले गुजरात के जामनगर एयरपोर्ट पर गोवा जा रही फ्लाइट की 10 जनवरी को इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी।

## ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक के नवनिर्वाचित महासचिव कामरेड उदयनाथ सिंह का हुआ अभिनंदन

**लखनऊ।** लखनऊ के हजरतगंज स्थित इंडियन कॉफी हाउस में ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक के उत्तर प्रदेश के नवनिर्वाचित महासचिव कामरेड उदयनाथ सिंह का अभिनंदन किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने उदयनाथ द्वारा मजदूरों और आम लोगों के हित में किये गए संघर्षों को याद किया गया।अभिनंदन कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वतंत्रता सग्राम सेनानी आश्रित परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश पांडेय ने की। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार शैलेश अस्थाना, राम केवल आजमगढ़, राज प्रताप त्रिपाठी चित्रकूट, सोशलिस्ट फाउंडेशन के राष्ट्रीय समन्वयक ओंकार सिंह, अजय सिंह, युवराज सिंह, राम फल रावत और विभूति नारायण पांडेय ने अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही आल इंडिया फारवर्ड ब्लाक उत्तर प्रदेश में तेजी से विस्तार कर रहा है।

# बीजेपी नेताओं ने कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा पर कराया मुकदमा

- पीएम मोदी के पिता पर की थी अभद्र टिप्पणी

लखनऊ। समृद्धि न्यूज



**लखनऊ** महानगर के अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने सोमवार को हजरतगंज कोतवाली तहरीर दी। इसके बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा पर मुकदमा दर्ज किया गया। बता दें कि कुछ दिन पहले पीएम मोदी के पिता पर टिप्पणी की थी। इसी मामले में लखनऊ में बीजेपी नेता मिलकर थाने पहुंचे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले पर हजरतगंज पुलिस में मुकदमा दर्ज किया है। मुकेश शर्मा महानगर अध्यक्ष का आरोप है कि 20 फरवरी को समय लगभग 11.30 बजे बजे दिल्ली में राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध देश के करोड़ों की जनता को हाथ करने वाला रिष्टकारक वक्तव्य व्यक्त किया गया। पवन खेड़ा के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवंगत पिता दामोदरदास मूलचंद मोदी पर गलत ढंग से उद्देश पूर्व टिप्पणी करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी के पिता नरेंद्र गौतम दास मोदी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नरेंद्र गौतम दास मोदी को क्या समस्या है तथा क्या गौतम दास दामोदरदास हैं। व्यंग हंसी में कहते हैं कि भले ही नाम दामोदरदास है लेकिन उनके कार्य गौतम दास के सामान है। इस प्रकार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा के द्वारा भारत के प्रधानमंत्री के दिवंगत पिता गौतम अडानी के पिता से जोड़कर प्रधानमंत्री के पिता का जानबूझकर उपवास करने का उद्देश्य किया गया।

# डा. सूर्यकान्त एम्स जोधपुर में सम्मानित

लखनऊ। समृद्धि न्यूज



**किंग जार्ज** चिकित्सा विश्वविद्यालय के रेस्परेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर सूर्यकान्त को इंडियन सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफ़ लंग कैंसर (आई.एस.एस.एल.सी.) द्वारा सम्मानित किया गया है। आई.एस.एस.एल.सी. भारत की एक मात्र संस्था है जो लंग कैंसर से संबंधित शोध, जनजागरूकता एवं एडवोकेसी करती है। डा. सूर्यकान्त को हाल ही जोधपुर में सम्पन्न हुई लंग कैंसर की राष्ट्रीय कांफ्रेंस-नेलकॉन'' में डा. रेड्डी ओरेशन ऑन लंग कैंसर'' से सम्मानित किया गया है। डा. सूर्यकान्त को फेफड़े के कैंसर के क्षेत्र में उल्लेखनीय शोध, जनजागरूकता अभियान चलाने के लिए दिया गया। व्याख्यान में डा. सूर्यकान्त ने टी.बी. और फेफड़े के कैंसर पर कहा कि इन दोनों बीमारियों के लक्षण आपस में मिलते-जुलते हैं, जिससे इन दोनों बीमारियों को सही से पहचानने में प्रायः गलती हो जाती है। इस वजह से लंग कैंसर के मरीजों को टी.बी. का मरीज समझ लिया जाता है। इसलिए इन बीमारियों का सही से इलाज करना चाहिए। डा. सूर्यकान्त का एक सूत्र वाक्य है - ''जैसे हर चमकती हुई चीज सोना नहीं होती, वैसे ही एक्स-रे का हर धब्बा टी.बी. नहीं होती।'' इस ओरेशन में डा. सूर्यकान्त ने सभी को बताया कि टी.बी. और लंग कैंसर के मरीजों को कैसे पहचानें। उनके इस व्याख्यान से चिकित्सकों को टी.बी. और लंग कैंसर की बारीकियों को समझने में बड़ी मदद मिली। ज्ञात हो कि डा. सूर्यकान्त के लंग कैंसर पर दो किताबें, कई शोधपत्र और समाचारपत्रों में अनेक लेख प्रकाशित हो चुके हैं। डा. सूर्यकान्त तंबाकू और धूम्रपान पर पूर्ण प्रतिबन्ध के लिए वर्ष 2018 से प्रतिवर्ष भारत के प्रधानमंत्री को पत्र लिख रहे हैं । इसके अलावा फेफड़े के कैंसर के क्षेत्र में डा. सूर्यकान्त को हुकुम चन्द जैन मेमोरियल कैंसर एवार्ड, मसीहा कैंसर अवेयरनेस एवार्ड, डा. लक्ष्मन कैंसर अवेयरनेस एण्ड रिसर्च एवार्ड, डा. डीएम शर्मा - मधु शर्मा कैंसर एवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। डा. सूर्यकान्त को विश्व के टॉप दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की श्रेणी में भी स्थान प्राप्त हुआ है। डा. सूर्यकान्त केजीएमयू के रेस्परेटरी मेडिसिन विभाग में 18 वर्ष से प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं एवं 11 वर्ष से विभागाध्यक्ष के पद पर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इसके अलावा चिकित्सा विज्ञान सम्बंधित विषयों पर 19 किताबें भी लिख चुके हैं तथा एलर्जी, अस्थमा, टी.बी. एवं लंग कैंसर के क्षेत्र में उनके अब तक लगभग 700 शोध पत्र राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय जनर्ल्स में प्रकाशित हो चुके हैं। इसके साथ ही दो अंतर्राष्ट्रीय पेटेन्ट का भी उनके नाम श्रेय जाता है तथा लगभग 200 एमडी/पीएचडी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन, 50 से अधिक परियोजनाओं का निर्देशन, 20 फेलोशिप, 15 ओरेशन एवार्ड का भी श्रेय उनके नाम ही जाता है।

# डीएम की अध्यक्षता में मलिहाबाद तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

- राजधानी की पांचों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

लखनऊ। समृद्धि न्यूज



राजधानी लखनऊ की पांचों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है। जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में हल करने को कहा है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जाकर जांच कर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करायें और यदि संज्ञान में आया कि निस्तारण की गुणवत्ता से शिकायत कर्ता संतुष्ट नही है। निस्तारण में लापरवाही बरती गयी है तो सम्बन्धित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। वहीं तहसील मलिहाबाद में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 81 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से 28 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कड़े निर्देश दिए गए कि दान पत्र के माध्यम होने वाले फर्जीवाड़े में तहसीलदार और लेखपाल की जिम्मेदारी तय की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि दान पत्र के माध्यम से धारा 34 में दाखिल खारिज करने के लिए जितने भी प्रकरण न्यायालय में आ रहे है। उन सभी का तहसीलदार व लेखपाल सत्यापन करना सुनिश्चित करेंगे। लेखपाल दानकर्ता के घर जा कर इस बात की पुष्टि करेगे की वास्तव में दानकर्ता द्वारा भी दान में दी गई है या नही। लेखपाल दानकर्ता से लिखित अनुमति प्राप्त करते हुए वीडियोग्राफी भी कराना सुनिश्चित करेंगे। लिखित अनुमति और वीडियो व फोटो को पत्रावली में लगाएं। सम्पूर्ण समाधान दिवसो में तहसील सदर में 10 में से 2 प्रकरण का निस्तारण प्रकरण, तहसील मलिहाबाद में 81 में से 28 प्रकरण का निस्तारण, तहसील बीकेटी में 45 में से 18 प्रकरण का निस्तारण, तहसील मोहनलालगंज में 67 में से 7 प्रकरण का निस्तारण मौके पर किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस 38, राजस्व एवं पुलिस संयुक्त 13, राजस्व 101, विकास 38, नगर निगम 01, शिक्षा 2, समाज कल्याण 8, चिकित्सा 2 तथा अन्य 36 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है। समाधान दिवस के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा तहसील परिसर में लगे आईसीडीएस विभाग के पोषण स्टॉल अवलोकन किया गया। विभाग की सीडीपीओ, एसीडीपीओ व पूरी टीम के द्वारा ब्लॉक की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ स्टॉल की साज सज्जा कराई गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा एक महिला की गोदभराई एवम दो बच्चों का अन्नप्राशन करवाया गया। दो आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर एसीपी मलिहाबाद, उप जिलाधिकारी मलिहाबाद, तहसीलदार मलिहाबाद, जिला विकास अधिकारी, पुलिस, समाज कल्याण सहित विभिन्न स्तरों के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम ने फरियादियों की सुनी समस्याएं



- संपूर्ण समाधान दिवस में आये हुये प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय से निस्तारण करें अधिकारी : डीएम
- ग्राम पंचायत पारा में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की सुनी समस्याएं, संबंधित अधिकारियों को दिए निस्तारण के निर्देश

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

शासन की मंशानुरूप जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील करनैलगंज में डीएम ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समय से निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। तहसील करनैलगंज में कुल 82 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 02 प्रार्थना पत्र का मौके पर ही हुआ निस्तारण, शेष प्रार्थना पत्र को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध करायें।

शिकायतकर्ता लालता प्रसाद अवस्थी निवासी बनवरिया ने अवगत कराया कि उनके राशनकार्ड की समस्या है जिसे संज्ञान में लेकर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि समस्या का त्वरित निस्तारण कराया जाय। शिकायतकर्ता रामेन्द्र सिंह पुत्र तुम्मन सिंह निवासी रामपुर ने अवगत कराया कि रास्ते पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। जिसको संज्ञान में लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश देकर तत्काल अवैध कब्जा को खाली कराया गया।

उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब, जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करें। समाधान दिवस में प्राप्त हुए शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत तहसील करनैलगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत पारा में डीएम ने प्रधानमंत्री आवास के 50 लाभार्थियों को तथा मुख्यमंत्री आवास के 04 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिया। इसके साथ ही चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी ने माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा केंद्र पृथ्वीपाल सिंह इंटर कॉलेज हलधरमऊ एवं हरी कृष्ण ओझा इंटर कॉलेज परसागोड़री का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिये जायजा।

### डीएम ने तहसील कर्नलगंज का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**कर्नलगंज /गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** सोमवार को जिलाधिकारी डॉक्टर उज्ज्वल कुमार ने तहसील कर्नलगंज का निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने तहसील परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था देखी। उसके पश्चात उपजिलाधिकारी न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय, नायब तहसीलदार न्यायालय, संग्रह कार्यालय, निर्वाचन कंप्यूटर कक्ष, रिकॉर्ड रूम,भूलेख कंप्यूटर खतौनी कार्यालय सहित तहसील के समस्त कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौजूद उप जिलाधिकारी हीरालाल, तहसीलदार नृसिंह नारायन वर्मा सहित तहसील के अन्य अधिकारियों को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने और कार्यालय में रखी फाइलों के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। साथ ही कंप्यूटर खतौनी कक्ष में पहुंचकर कर्मचारियों से जानकारियां ली। इस मौके पर उप जिलाधिकारी हीरालाल, तहसीलदार नृसिंह नारायण वर्मा, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। आपको बता दें कि जिलाधिकारी ने तहसील का निरीक्षण तो किया मगर उनका ध्यान तहसील कार्यालय के दूसरे तल पर बने शौचालय में बंद ताले और उसमें भरी गंदगी की ओर नहीं पड़ी या जानबूझकर अनदेखी करते हुए उसके सामने से अपने प्रशासनिक अमले के साथ निकल गये। जबकि उक्त शौचालय के कमरे से गंदा पानी भी निकल रहा था। जो काफी चर्चा का विषय बना है और लोग इस निरीक्षण को खानापूर्ति बता रहे हैं।

# रेल यात्री का मिला गुम सामान, रेल पुलिस का जताया आभार

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़

रेलवे सुरक्षा बल सहायक उपनिरीक्षक लाल साहब सिंह रात्रि पोस्ट पर मौजूद थे कि एक पुरुष व महिला पोस्ट पर आए और तथा बताएं कि गाड़ी संख्या 12571 गोरखपुर से आनंद विहार क्लास 3 AC पीएनआर नंबर 261 666 5500 के अनुसार सपरिवार यात्रा कर रहे थे उक्त टिकट के अनुसार हम लोगों का कोच संख्या B18 था। हम सभी लोग खजनी बाजार गोरखपुर से एक शादी समारोह में शामिल होने के उपरांत दिल्ली जा रहे थे हम लोगों को हमारे रिश्तेदार गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर छोड़ने आए थे तथा उन्हीं लोगों के द्वारा गलती से 2 ट्राली बैग को दूसरे कोच B12 में एक सीट के नीचे रख दिए थे तथा हम सभी लोग अपने कोच में जाकर अपनी अपनी सीट पर बैठ गए द्य हम लोगों ने अपने रिश्तेदारों से पूछा कि सारा सामान गाड़ी में रख दिया गया है तो बताएं कि हां सभी सामान सुरक्षित रख दिया गया है द्य दिनांक 19 .02.23 को जब हम लोग आनंद विहार स्टेशन पर उतरे तो ज्ञात हुआ कि 2 ट्राली बैग नहीं है जिसमें जेवरात, कपड़े, कागजात आदि थे, हम लोग अपना सामान ढूंढने लगे तो उक्त गाड़ी के कोच अटेंडेंट द्वारा बताया गया कि 02 ट्राली बैग आरपीएफ द्वारा गोंडा रेलवे स्टेशन पर उतारा गया हैद्य नाम पता पूछने पर अपना नाम मनबोध मिश्रा पुत्र राम समुझ मिश्रा निवासी G-79 सौरभ विहार जैतपुर थाना हरी नगर जिला साउथ दिल्ली Mobile no



7428947079 तथा महिला ने अपना नाम मीना मिश्रा पत्नी मनबोध मिश्रा Mobile no 9599245857 गाड़ी संख्या 12571 बोगी सुरक्षा पार्टी सहायक उपनिरीक्षक अवधेश कुमार गौड़ प्रशासन पोस्ट गोरखपुर साथ स्टाफ द्वारा मुझ सहायक उपनिरीक्षक लाल साहब सिंह आरपीएफ पोस्ट गोंडा के साथ संयुक्त रूप से दोनों ट्राली बैग में रखे सामानों का फर्द इन्वेंटरी बनाकर सभी के हस्ताक्षर सहित पोस्ट पर रखा गया था जिसे उक्त दोनों यात्री मनबोध मिश्रा व मीना मिश्रा तथा महिला कांस्टेबल प्रीति दुबे के समक्ष ट्रॉली बैग में रखे सामानों को इन्वेंटरी के अनुसार पूछताछ किया तो सभी सामानों को सही-सही बताएं जिसमे सोने की चैन.कान का झुमका. अंगूठी, बिछुआ, पायल, नाक की कील, कीमती रुपया तीन, बाली कीमती जिसकी कुल कीमत लगभग 183,700 .00 व नगद 550 रुपए तथा बैंक पासबुक, पासपोर्ट, ई श्रम कार्ड , पैन कार्ड, एटीएम कार्ड, चांदी के सिक्के। उक्त सभी सामानों का जांच-पड़ताल एवं स्वामित्व की पहचान कर बाद होने इत्मीनान उक्त सामानों को पुनः गिनती कर उसी दोनों ट्राली बैग में रखवा कर मनबोध मिश्रा पता उपरोक्त को समक्ष गवाहान अजय यादव पुत्र संगम यादव निवासी इंजीनियरिंग कॉलोनी गोंडा, थाना नगर कोतवाली। यात्रियों द्वारा रेलवे सुरक्षा बल द्वारा किए गए इस कार्य की काफी प्रशंसा की गई।

# राष्ट्रकवि सतीश आर्य सम्मानित

मनकापुर /गोंडा ,समृद्धि न्यूज़

शांति फाउंडेशन अशोकपुर टिकिया वजीरगंज, गोंडा की ओर से एक कला, साहित्य एवं सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय कवि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा साहित्य भूषण से अलंकृत डॉक्टर सतीश आर्य ने की। इस समारोह में साहित्यकार सतीश आर्य को गोंडा गौरव, अवधी गौरव और पुनः साहित्य भूषण (फाउंडेशन कीओर से भी) से अलंकृत किया गया। समारोह में अन्य कवि और कलाकार भी सम्मानित किए गए। साहित्य एवं कला की प्रतिभाओं के अतिरिक्त कई विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं सात पी.सी.एस. अधिकारी सर्व श्री मनोज कुमार पी.सी.एस. गोंडा (सिविल सेवा), विक्रम कौशल पी.सी.एस. गोंडा (सिविल सेवा), सत्येंद्र प्रताप



पी.सी.एस. श्रम अधिकारी गोंडा, रूपाली पी.सी.एस. अयोध्या (सिविल सेवा), आशीष मौर्य पी.सी.एस. गोंडा (सिविल सेवा), राजेंद्र प्रसाद पी.सी.एस. गोंडा (सिविल सेवा), विकास श्रीवास्तव पी.सी.एस. अयोध्या (सिविल सेवा) विजय सिंह खंड विकास अधिकारी, लक्ष्मण प्रसाद चिकित्सा अधिकारी को उनकी विशिष्टता लिए सम्मानित किया गया। जिसमें कई अधिकारियों को डा. सतीश आर्य ने सम्मानित किया। संस्था की अध्यक्ष श्रीमती पिंकी देवी एवं सचिव श्री जी.पी. आनंद ने सबके प्रति आभार व्यक्त किया।

# पांच लोगों का कातिल एनकाउंटर में ढेर

गोंडा समृद्धि न्यूज़

**सवा लाख का कुख्यात इनामी बदमाश था साहब सिंह**

**लूट, डकैती और हत्या के कई मामलों में था वांछित**

उत्तर प्रदेश एसटीएफ के नोएडा यूनिट ने कुख्यात बदमाश साहब सिंह को एक एनकाउंटर में ढेर कर दिया। साहब सिंह पर यूपी के गोण्डा जिले की पुलिस ने एक लाख तथा बुलंदशहर पुलिस ने पच्चीस हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। वह लूट, डकैती और हत्या के कई मामलों में वांछित था और पुलिस उसे ढूंढ रही थी। उत्तर प्रदेश में सवा लाख रुपये का इनामी कुख्यात बदमाश साहब सिंह स्पेशल टास्क फोर्स के एनकाउंटर में मारा गया। नोएडा एसटीएफ ने बुलंदशहर में ऑपरेशन को अंजाम दिया। यूपी एसटीएफ की नोएडा यूनिट और बुलंदशहर पुलिस की संयुक्त टीम से गुलावटी थाना क्षेत्र में इनामी बदमाश साहब सिंह की मुठभेड़ हो गई जिसमें उसे गोली लग गई।इसके बाद पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कुख्यात साहब सिंह फिरोजाबाद के जसराना का रहने वाला था। पुलिस ने साहब सिंह पर गोण्डा जिले में एक लाख और बुलंदशहर में 25,000 का इनाम घोषित कर रखा था। वह घरों में डकैती और हत्या को अंजाम देता था और घुमंतू जनजाति के कुख्यात गैंग का सदस्य था।वह डकैती के रजिस्टर्ड गैंग छ्-14 का सक्रिय सदस्य था। साहब सिंह के अपराधों की सूची काफी लंबी रही है। 18 अगस्त 2001 को उसने गोण्डा के मोहल्ला न्यू मेवातियान में सिद्दीकी परिवार के घर में घुसकर साथियों के साथ डकैती की थी और घर के सभी 14 लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया था।इस घटना में दो बच्चों सहित कुल पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं 19.12.2006 को अलीगढ़ के छर्रा थाना क्षेत्र में एक घर में घुसकर दो लोगों की हत्या कर डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। 20.09.2014 को बुलंदशहर के कोतवाली नगर क्षेत्र में एक घर में घुसकर मारपीट कर सोने-चांदी के जेवर और डबल बैरल बंदूक को लूट लिया था। 20.10.2014 को डिबाई थाना क्षेत्र में घर में घुसकर मारपीट कर लोगों को घायल कर दिया था और जेवर-हथियार लूटकर फरार हो गया था। पुलिस को लम्बे समय से इसकी तलाश थी। जिसमें उक्त फरार अभियुक्त को एसटीएफ ने बुलंदशहर में दिनांक 20 /02/2023 को मार गिराया।

## खबरें एक नजर में

### प्रधानमंत्री आवास को लेकर तीन दर्जन महिलाओं ने प्रदर्शन कर जिलाधिकारी से की शिकायत

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** परस पुर विकास खण्ड के खरगू पुर ग्राम पंचायत के तीन दर्जन से अधिक महिलाएं सदर तहसील पहुँच कर अपात्रों को आवास दिये जाने को लेकर प्रदर्शन कर के जिलाधिकारी से शिकायत किया। इन महिलाओं का आरोप है कि इन का नाम प्रधानमंत्री आवास की सूची में था,इन का नाम काट कर अपात्र को प्रधानमंत्री आवास दे दिया गया है। जिस की जांच कराने की मांग किया है। परस पुर विकास खण्ड के खरगू पुर ग्राम पंचायत के तिलका देवी, ननकी, पूजा, चांदनी, संगीता माया देवी, सुधा, रूबी, मीना विद्या देवी, सुग्गा देवी कमला देवी, आरती ,राम दुलारी, रीमा संजू, देवी, सविता सायरा बानो, फूलन देवी, संगीता , मिथलेश, रीता देवी, बृज बिहारी, चंदा देवी, सुमन, अंजू देवी, काली प्रसाद, गीता देवी, सुशीला पूनम, ललिता संगम लाल, बिहारी सहित आदि महिलाए सदर तहसील पहुँच गई। इन महिलाओं का आरोप है कि चुनावी रंजिश को लेकर ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी ने मिलकर इन लोगो का नाम प्रधान मंत्री आवास की सूची से काट दिया गया। इन लोगो का आरोप है कि ये लोग आवास के लिए पात्र है। जिनको आवास दिया गया है वे लोग अपात्र है। प्रदर्शन करने आई तीन दर्जन से अधिक महिलाओं ने जिला अधिकारी को प्रधानमंत्री आवास की सूची दिया जिस में महिलाओं ने आरोप लगाया है कि खरगू पुर ग्राम पंचायत के सीमा कुमारी, माधुरी , संचित कुमार, कुसुमा रेखा देवी, श्रीमती, हाजरा वेगम, शांति देवी, जय देवी, अशोका देवी, रामा देवी और महेश कुमार को प्रधानमंत्री आवास दिया गया है। इन के पक्के मकान बने है। इन की जांच कराने की मांग किया है। सिटी मजिस्ट्रेट अर्पित कुमार गुप्ता ने प्रदर्शन कारी महिलाओं की शिकायत पत्र लेकर कर्नल गंज एस डी एम को जांच कराने के लिए लिखा है।

### अखिलेश बने तहसीलदार सदर, परस राम को भेजा मनकापुर

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ उज्जवल कुमार ने सोमवार को दो तहसीलदार को इधर-उधर किया है। तहसीलदार सदर रहे, परशुराम को तहसीलदार मनकापुर बनाया और अपर तहसीलदार अखिलेश कुमार को शासन से प्रन्नति होने के बाद तहसीलदार सदर बनाया गया ।तहसीलदार मनकापुर पैगाम हैदर का तबादला गैर जनपद हो गया है।

### व्यापारी ने दर्ज कराया एक लाख 88 हजार रुपये न देने का मुकदमा

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाली क्षेत्र के चौक बाजार निवासी सतीश चंद्र सुभाष स्टोर ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत किया कि गिर्द गोण्डा के सद्भावना चौकी निवासी मो वसीम ने एक लाख 88 हजार रुपये का किताब बीते 21 अक्टूबर 2022 को लिया था जिस के बदले में उस को चेक दिया गया। चेक को दिसम्बर माह में बैंक को लगवाने की बात कही थी। 22 दिसम्बर को चेक बैंक में लगाया तो खाते में पैसा न होने पर उस को निरस्त कर दिया गया। पैसा दिलाने की मांग किया। एस पी के आदेश पर नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया।

### रोडवेज बस चालक से मारपीट करने का आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज।** कल दिनांक 19.02.2023 को लखनऊ से बलरामपुर जा रही बाराबंकी डिपो की बस को करनैलगंज हुजूरपुर रेलवे क्रासिंग पर बाइक सवार तौफीक अपने कुछ साथियों के साथ बस को रोकर चालक के साथ मार-पीट की गयी थी। सूचना पर पुलिस बल द्वारा मौके पर पहुँचकर चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करनैलगंज में भर्ती कराया गया था। वादी आश्रय अवस्थी की तहरीर पर थाना को0 करनैलगंज में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ था। पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने घटना को संज्ञान में लेकर आरोपी अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश प्र0नि0 करनैलगंज को दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना करनैलगंज पुलिस द्वारा आज दिनांक 20.02.2023 को मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त तौफीक को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना करनैलगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

# पिक अप की टक्कर से चाचा भतीजे की मौत

- पार्टी समारोह से वापस लौटते समय रात में हुआ हादसा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

चिलवरिया में शादी के बाद आयोजित पार्टी में शामिल होने के बाद वापस जा रहे चाचा भतीजे को पिक अप वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में चाचा भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नानपारा कोतवाली के नील कोठी निवासी श्रीपाल (53) पुत्र बदलू की रिश्तेदारी कोतवाली देहात के चिलवरिया बाजार में है। रिश्तेदारी में रविवार को रिशेप्सन पार्टी का आयोजन था। जिस पर श्रीपाल अपने भतीजे दिनेश (46) पुत्र आशा राम के साथ हीरो पुक बाइक से शामिल



होने गए थे। रात 11 बजे के आसपास चाचा और भतीजे पुनः वापस अपने घर जा रहे थे। नानपारा बहराइच मार्ग पर रिसिया थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव के पास चाचा भतीजे के वाहन को मैजिक वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। सूचना पाकर थानाध्यक्ष शमशेर बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के भाई संजय पासवान ने बताया कि मौत से दो परिवार में कोहराम मच गया है।

# 3 माह में प्रदेश को मिल जायेंगे 8500 लेखपाल

- राजस्व परिषद के चेयरमैन ने अधिकारियों के साथ की बैठक
- राजस्व के लंबित मामलों को निपटाने के दिए निर्देश

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

राजस्व परिषद के चेयरमैन सोमवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। कलेक्ट्रेट में उन्होंने जिले के अधिकारियों के साथ राजस्व के लंबित मामलों को लेकर बैठक की। लंबित मामलों के जल्द निस्तारण के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अगले 3 माह में पूरे प्रदेश को 8500 लेखपाल मिल जाएंगे इससे कार्य और आसानी हो जाएगा। प्रदेश सरकार के दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री राजस्व परिषद के



चेयरमैन संजीव मित्तल सोमवार को बहराइच पहुंचे। कलेक्ट्रेट में राजस्व परिषद के चेयरमैन को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र, सीडीओ कविता मीना के साथ सभी तहसील के एसडीएम, चकबंदी अधिकारी के साथ बैठक की। समीक्षा बैठक में चेयरमैन ने जिले में अब तक हुए राजस्व परिषद के मामलों का निस्तारण, लंबित मामले की जानकारी ली। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ली। चेयरमैन ने कहा कि जिले की स्थिति ठीक है। लेकिन राजस्व विभाग से संबंधित लंबित मामलों का निस्तारण जल्दी करें। जिससे किसान और आम लोगों को दिक्कत न हो। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से वार्ता की।

चेयरमैन ने कहा कि कुछ जगह लेखपालों की कमी है। इसके लिए भर्ती चयन आयोग द्वारा किया गया है और किए भी जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तीन माह में प्रदेश को 8500 लेखपाल मिल जाएंगे। जिससे कार्य आसानी से हो सकेगा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा, एसडीएम दिनेश कुमार, अजीत परेश, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, महेश कुमार कैथल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर, सुजौली थानाध्यक्ष बनाए गए ब्रह्म गौड़

**बहराइच समृद्धि न्यूज** एसपी ने गल्ला मंडी चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर कर दिया है। जबकि लगातार हो रही चोरियों को देखते हुए सुजौली थानाध्यक्ष को हटाते हुए ब्रह्म गौड़ को थानाध्यक्ष बनाया गया है। दरगाह शरीफ थाना क्षेत्र के गल्ला मंडी चौकी इंचार्ज वीर पाल सिंह को पुलिस अधीक्षक ने लाइन हाजिर कर दिया है। एसपी प्रशांत वर्मा के मुताबिक गल्ला मंडी चौकी इंचार्ज को कर्तव्यों में लापरवाही के चलते लाइन भेजा गया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर के वाचक जगन्नाथ यादव को गल्ला मंडी चौकी इंचार्ज बनाया गया है। जबकि सुजौली थानाध्यक्ष राजेश कुमार को हटाते हुए उन्हें अपर पुलिस अधीक्षक नगर का वाचक बनवाया गया है। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों और अन्य अपराधिक वारदात पर अंकुश न लगने के चलते एसपी ने कार्यवाई की है। जबकि सुजौली थानाध्यक्ष अपराध निरीक्षक रूपईडीहा में तैनात ब्रह्म गौड़ को बनाया गया है।

# गन्ना बकाया को लेकर किसानों का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

- बहराइच और बलरामपुर के गन्ना किसानों के बकाया को लेकर दिया धरना

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

भारतीय किसान मजदूर संगठन राष्ट्रवादी के बैनर तले सोमवार को किसानों ने कलेक्ट्रेट में धरना दिया। बहराइच और बलरामपुर के किसानों के गन्ना बकाया समेत अन्य तीन सूत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री को संबोधित नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। भारतीय किसान यूनियन संगठन राष्ट्रवादी के जिलाध्यक्ष नसीब अली की अध्यक्षता में सोमवार को किसान



कलेक्ट्रेट में पहुंचे। यहां पर किसानों ने बहराइच और बलरामपुर के गन्ना किसानों का बकाया गन्ना मूल्य दिलाने के लिए धरना दिया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि एक तरफ किसानों का गन्ना बकाया है तो दूसरी तरफ श्रम विभाग द्वारा पंजीयन के लिए ओटीपी देने के नाम पर उत्पीड़न किया जा रहा है। जिले के सभी ग्राम पंचायत में गोशाला बनवाने और श्रम विभाग में पंजीकृत मृतक आश्रितों के परिजनों को लाभ दिलाने की मांग का ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस दौरान दोनों जनपद के किसान और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एनएसएस के छात्रों ने स्वच्छता एवं कौशल विकास पर दिया जोर

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

- विशेष शिविर से सीख लेने की जरूरत : प्राचार्य

राष्ट्रीय सेवा योजना की विशेष शिविर जगदीशपुर शोखा में छात्र छात्राओं ने चयनित ग्राम इटकौरी एवं जगदीशपुर शोखा में स्वच्छता एवं कौशल विकास पर जोर दिया। शिविरार्थी ने मतदाता जागरूकता के प्रति लोगों को जागरूक किया। उन्होंने चुनाव में धन बल के प्रयोग पर रोक लगाने की बात कही। शिविरार्थी ने कहा कि मतदान आवश्यक है आप लोगों को बढ़-चढ़कर चुनाव में भाग लेना चाहिए। शिविरार्थी ने कहा लोकतंत्र के लिए मतदान अति आवश्यक है। महाविद्यालय के स्वयंसेवकों सेवकों में घर में जाकर महिलाओं को जागरूक किया उन्होंने



घर में निरीक्षण महिलाओं को हस्ताक्षर करना भी सिखाया। शिविर के दूसरे सत्र में विशिष्ट अतिथि डॉ सोमवीर सिंह सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफेसर शिक्षाशास्त्र रहे। उन्होंने महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के अतीत के प्रकाश में उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों द्वारा किए जाने वाले योगदान की भी चर्चा की। अपने संबोधन में उन्होंने गिरिजापुरी बैराज में लगाए गए राष्ट्रीय सेवा योजना के गायत्री वाटिका के बारे में बताया। प्राचार्य प्रोफेसर दिव्य दर्शन तिवारी ने आए हुए आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर डॉ मुरारी लाल श्रीवास्तव, कार्यक्रम अधिकारी डॉ मुकेश श्रीवास्तव, डॉ राम जनम, सुबी खान आईसीटी प्रभारी धर्मेंद्र श्रीवास्तव, नंदन श्रीवास्तव, डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव एवं छात्र छात्राएं अंजलि साहू, प्रतिष्ठा तिवारी, वृंदा तिवारी, आंचल शुक्ला, सूरज बाल्मीकि, सहित सैकड़ों शिविरार्थी उपस्थित रहे।

# विद्यालय में आयोजित हुआ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

- विद्यालय के करीब प्रत्येक गांव से एक-एक बेटियों को देंगे स्कॉलरशिप : पूजा अग्रवाल

सोमवार को पथिक जी महाराज एजुकेशनल सोसायटी तथा हनुमत हायर सेकेंडरी स्कूल के तत्वाधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन पिनेकल एकेडमी के परिसर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्य पूजा अग्रवाल तथा संचालन विद्यालय के अकाउंटेंट सौरभ मौर्य व शिक्षिका तनुजा शर्मा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि समाजसेवी दीनानाथ नारायण अवस्थी व मोहन अवस्थी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय की बालिकाओं ने सरस्वती वंदना किया। और कार्यक्रम में सभी प्रधान एवं पूर्व प्रधान तथा सभी आगंतुकों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य पूजा अग्रवाल ने कहा कि बेटी को आगे बढ़ाकर ही समाज आगे बढ़ सकता है। सबसे पहले परिवार को बेटियों का हर तरह से साथ देना होगा क्योंकि बेटी एक नहीं दो-दो घरों का भाग्य होती हैं हमें गर्व है अपने भारतीय होने पर कि हमने भारत भूमि पर जन्म लिया जिस देश की भूमि सोना भी खेलती है जहां सभी धर्मों का सम्मान किया जाता है।और सभी नागरिक एक दूसरे के सुख दुख में कंधे से कंधा



मिलाकर चलते हैं हम हमेशा अपने ही देश को गरीब कहते हैं। पर क्या कभी हमने किसी एक गरीब की मदद की है अपने ही देश का अभिमान करके हम सोचते हैं कि हम बुद्धिजीवी हैं और समाज में हमारी वाकपटुता की तारीफ होगी। क्यों हमने कभी या सोचने की कोशिश नहीं की कि हमने अपने देश को क्या दिया लेकिन उस दिन भी हम अपनी गलत सोच के पीछे देश को जिम्मेदार ठहरा एंगे किस देश की अनेकता में एकता है जहां अनेकों रीति रिवाज तरह-तरह के खानपान और रंग बिरंगी पोशाक धारण करने वाले भारतीय अपने आप को देश की रक्षा करने के लिए अपनी जान की भी परवाह नहीं करते।प्रधानाचार्य ने कहा विद्यालय प्रबंधन समिति ने यह निर्णय लिया है कि विद्यालय की करीब के लगभग 20 ग्राम पंचायतों से हम परीक्षा के माध्यम से चयनित प्रत्येक गांव से एक-एक बेटियों को स्कॉलरशिप देने का कार्य करेंगे। सभी ने इसकी सराहना की और इसमें हर प्रकार के सहयोग की संतुष्टि प्रदान की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान कीर्तनपुर विभु तिवारी, पूर्व प्रधान सिराजुल हक, ग्राम प्रधान गजपतिपुर अफसर, जिला पंचायत मोहम्मद आसिफ पूर्व प्रधान केशवापुर प्रवेश खान सहित समस्त शिक्षक व अन्य ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# राजस्व परिषद के अध्यक्ष ने प्रदर्शनी स्टालों का किया अवलोकन

- जिले में हुए नवाचारों के लिए अधिकारियों के प्रयासों को बताया सराहनीय
- नैपियर घास के नवाचार के लिए डीएम दिनेश चन्द्र की थपथपाई पीठ



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** राजस्व परिषद के अध्यक्ष संजीव कुमार मित्तल के जनपद भ्रमण के दृष्टिगत आकांक्षात्मक जनपद बहराइच में नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकाकों की प्रगति तथा नवाचार को रेखांकित करने के उद्देश्य से नई नवेली दुल्हन की तरह सजे कलेक्ट्रेट प्रांगण में विभिन्न विभागों चिकित्सा एवं स्वास्थ, समाज कल्याण, शिक्षा, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, पशुपालन, उद्यान, मत्स्य, कृषि, गन्ना विकास व अन्य विभागों की ओर से लगाये गये प्रदर्शनी स्टालों का परिषद के अध्यक्ष संजीव कुमार मित्तल ने जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के साथ अवलोकन किया तथा इन्द्रधनुष के रंगों से उकेरी गई रंगोली का भी अवलोकन किया। प्रदर्शनी पण्डाल में सजाए गये स्टालों के अवलोकन के दौरान श्री मित्तल के आकर्षण का केन्द्र बिन्दु नैपियर घास का स्टाल रहा। संजीव कुमार मित्तल ने नैपियर घास के नवाचार को गोवंशों के लिए अत्यन्त उपयोगी बताया। डीएम डॉ. चन्द्र ने राजस्व परिषद के अध्यक्ष को बताया कि जिले में संचालित गोआश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों के हरे चारे हेतु लगभग सभी जगहों पर भूमि की उपलब्धता के अनुसार नैपियर घास का रोपण किया जा रहा है। डॉ. चन्द्र ने यह भी बताया कि गो आश्रय स्थलों के अलावा जिले के निजी पशुपालकों तथा कृषकों को भी नैपियर घास के बीज का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। जिले के कृषकों एवं पशुपालकों के सहयोग से नैपियर घास के क्षेत्र का विस्तार हो रहा है। राजस्व परिषद के अध्यक्ष ने प्रदर्शनी में सजाये गये प्रत्येक स्टालों का पूरी दिलचस्पी के साथ अवलोकन करते हुए मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। संजीव कुमार मित्तल ने उद्यान विभाग के स्टाल का अवलोकन करते हुए कृषकों द्वारा उत्पादित किये जा रहे उत्पादों विशेषकर जैविक उत्पादों के बारे में जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि कृषि प्रधान जनपद में औद्यानिक खेती कृषकों के आय को दोगुना करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। संजीव कुमार मित्तल ने जिलाधिकारी से अपेक्षा की कि कृषकों को जैविक खेती के साथ मिलेट्स की खेती तथा कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए प्रोत्साहित किया जाय। अध्यक्ष ने एक जनपद-एक उत्पाद (ओडीओपी) उत्पादों को प्रदर्शित करने वाले स्टाल पर ठहर कर पूरी जानकारी प्राप्त की। डीएम ने संजीव कुमार मित्तल को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की प्रेरणा से जिले में आयोजित निवेश महाकुम्भ में उद्यमियों, निर्यातकों एवं व्यापारियों द्वारा पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया गया है। जिसके परिणाम स्वरूप रू. 4470 करोड़ से अधिक धनराशि के 166 एमओयू साइन किये गये हैं। निवेशकों द्वारा खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना, सोलर एनर्जी तथा पर्यटन के क्षेत्र में काफी रूचि दिखाई गई है जो आकांक्षात्मक जनपद के लिए एक शुभ संकेत है। निरीक्षण के दौरान राजस्व परिषद के अध्यक्ष संजीव कुमार मित्तल ने आईसीडीएस विभाग द्वारा लगाये गये स्टाल का निरीक्षण करते हुए पांच गर्भवती महिलाओं मिथलेश कुमारी, सरिता देवी, अनीसा बेगम, रेहाना व रिज़वाना की गोद भराई की तथा एक बच्ची नित्या पुत्री अशोक का अन्नप्रासन कराया। संजीव कुमार मित्तल ने जनपद में हुए नवाचारों की सराहना करते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को टीम भावना के साथ कार्य करते हुए आकांक्षात्मक जनपद को विकास के पथ पर गतिमान रखने के निर्देश दिये।

# जन समस्याओं के निस्तारण में न हो लापरवाही



- डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को सुना, निस्तारण के दिये निर्देश
- सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 66 शिकायतों में एक शिकायत का मौके पर हुआ निस्तारण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील महराजगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने आए हुए फारियादियों की समस्या सुनकर सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली जन समस्याओं को गम्भीरता से सुनें तथा जन समस्याओं की शिकायतों का निस्तारण भी कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से कहा कि शिकायत दोबरा नही आनी चाहिए पुनः शिकायत प्राप्त होने के साथ ही जन समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही किए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान राजस्व विभाग, पुलिस विभाग तथा विकास विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित प्राप्त हुई। जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

### स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतों का गुणवत्ता के साथ करें निस्तारण : डीएम

इसी दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शहरी व ग्रामीणों के शिकायती पत्र प्राप्त होते ही तुरन्त कार्यवाही अमल में लाई जाए ताकि तत्समय मौके पर ही निस्तारण किया जा सके। तहसील महराजगंज के सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 66 शिकायत प्राप्त हुई जिनमें से 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा जिन विभागों की शिकायतों का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका है संबंधित अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा जो भी निस्तारण किया जाए वह ससमय व गुणवत्तापूर्ण किया जाए, इसके किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाए।

## जाम की समस्या को लेकर उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

### लालगंज नगर में जाम की भीषण समस्या से चौपट व्यापार : विवेक शर्मा

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल लालगंज के पदाधिकारियों के द्वारा उपजिलाधिकारी लालगंज को लालगंज नगर में हो रही जाम की बड़ी समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने बताया कि लालगंज रायबरेली जनपद की बड़ी व्यापारिक मंडी है जहां पर नगर के चारों ओर नेशनल हाईवे हैं नगर के अंदर मार्केट से बांदा बहराइच मार्ग एवं बांदा टांडा मार्ग निकलता है जिससे एक करुणा बाजार चौराहे से गांधी चौराहे के बीच में भीषण जाम लगता है भारी मात्रा में ट्रकों का निकलना होता है कई बड़ी घटनाएं पूर्व में हो चुकी हैं जिससे व्यापारियों को व्यापार बड़े रूप में प्रभावित हो गया है एंबुलेंस स्कूली बच्चे घंटों जाम में फंसे रहते हैं इसके राहत हेतु भारी वाहनों का प्रवेश प्रातः 9:00 से रात्रि 9:00 तक नगर में प्रवेश बंद कराने की बात कही है। नगर महामंत्री शिवम गुप्ता ने कहा कि नगर में जाम की बड़ी समस्या कई वर्षों से बनी है अगर शासन के द्वारा नो एंट्री का प्रबंध किया जाता है तो व्यापारियों का व्यापार बढ़ेगा और आम जनमानस को जाम से निजात मिल सकेगी

# उद्यान मंत्री ने दुबई में एक्जीविसन पवेलियन का किया उद्घाटन

- गल्फ फूड एक्सपो 2023 कार्यक्रम में उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह उत्तर प्रदेश का नेतृत्व करने पहुँचे दुबई



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

गल्फ फूड एक्सपो 23 दुबई के वर्ल्ड टेड सेन्टर जबील हाल में उत्तर प्रदेश के एक्जीविसन पवेलियन का उद्घाटन राज्य के प्रतिनिधि और प्रदेश राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात श्री दिनेश प्रताप सिंह ने फीता काटकर शुभारम्भ किया साथ में विशेष सचिव उद्धान श्री योगेन्द्र कुमार, निदेशक उद्यान आर0के0 तोमर, निर्यातक राजीव श्रीवास्तव, श्री नदीम सिद्दीकी, डॉ0 अकरम बेगम, सुनील राय, दीपक राय, विनय शुक्ला, नियमित्त सिंह, शिवानी बुंदेला उपस्थित रहे।

इस दौन नहीम तिमोखिन सीईओ/फाउडर एलग्रो लेटविया से उत्तर प्रदेश में एस्ट्राब्रेरी का उत्पादन केसे बढ़ाया जाए और उसे विश्व बाजार में स्थान कैसे प्राप्त हो पर चर्चा की गई। इसके अलावा तमाम अयातक एवं निर्यातिकों के बीज उत्तर प्रदेश के कृषि एवं औद्यानिक उत्पादों के निर्यात पर भी चर्चा की गई।

दुबई में एनडीके प्रा0लि0 के प्रबंधक निदेशक ने प्रदेश से ताजा सब्जी के आयात पर चर्चा भी की गई।

## खबरें एक नजर में

### खांदी कटने से कई बीघे फसल जलमग्न



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** मियांगंज क्षेत्र के रामपुर माइनर में पुलिया चोक होने से पानी ओवर फ्लो हो गया जिससे माइनर में खांदी कट गयी और खेतों में खड़ी कई बीघा गेहूं सरसों की फसलें जलमग्न हो गयी। हालांकि किसानों की सूचना पर सिंचाई विभाग द्वारा माइनर को सही कराया गया है। शारदा नहर मेन ब्रांच के किनारे से निकला रामपुर माइनर की पुलिया चोक होने से पानी का दबाव बढ़ने से माइनर कट गया। आस-पास के ग्रामीणों ने बताया कि किसानों द्वारा पहले खेत की सिंचाई के लिए पाइप लाइन डाली गई थी उसके निकलने के बाद रामपुर माइनर कट गयी जिससे खेतों में खड़ी फसल जलमग्न हो गई। मेट सुधीर ने बताया कि पुलिया में पाइप छोटा है और किसान चोरी छिपे माइनर को काट देते है जिसे बांस व मिट्टी के सहारे बंद कराया जा रहा है। इसी तरह पूर्व में कोरारी कलां जाने वाला मेथीटीकुर माइनर में नहर पुल के पास कट गया तब भी खेतों में खड़ी फसल में पानी भर गया था।

### दो युवकों ने खाया जहर, हालत गंभीर

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ तहसील क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में दो युवकों ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उनकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन आनन-फानन दोनों युवकों को गंभीर हालत में अलग-अलग समय पर यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां से दोनों युवकों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम मटुकरी निवासी गुड्डू सिंह के पुत्र शुभम 24 वर्ष ने अज्ञात कारणों से घर में रखी जहरीली डाई अपनी हलक के नीचे उतार दी। डाई निगलते ही उसकी हालत बिगड़ने लगी। युवक की हालत बिगड़ते देख परिजन आनन-फानन उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दूसरी घटना में फतेहपुर-84 थाना क्षेत्र के ग्राम सकरौली के मजरा अंगनेखेड़ा निवासी रामभरोसे के पुत्र बुद्धिलाल 45 वर्ष ने आज अज्ञात कारण के चलते घर में रखी चूहा मार दवा निगल ली। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। युवक को तड़पता देखकर परिजन उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखकर प्राथमिक उपचार के बाद उसे भी जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### नर्मदेश्वर परिवार की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ की बाबा नर्मदेश्वर कमेटी के तत्वावधान में नगर के मोहल्ला गणेशगंज में गल्ला मंडी के पीछे बाबा नर्मदेश्वर परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का त्रिदिवसीय आयोजन किया गया है। कार्यक्रम अंतर्गत आगामी 22 फरवरी दिन बुधवार को आचार्य पंडित रामदेव शास्त्री और पंडित राजकुमार द्विवेदी द्वारा कलश पंचांग और पूजन मंडप तथा पूजन के बाद भगवान शिव की प्रतिमा का जलाधिवास, पुष्पाधिवास व शर्कराधिवास कार्यक्रम संपन्न होंगे। जबकि सायंकाल वेद मंत्रोच्चार के साथ अन्नाधिवास संपन्न कराया जाएगा। अगले दिन गुरुवार को विशाल शोभायात्रा के उपरांत पूर्ण अधिवास कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के अंतिम दिन शुक्रवार को यज्ञ में पूर्णाहुति, मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न कराने के बाद दोपहर से सायं तक महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। समिति के संरक्षक पंडित शशिनाथ शास्त्री ने नगर एवं क्षेत्र के श्रद्धालु भक्तों से बाबा नर्मदेश्वर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं यज्ञ में यजमान की भूमिका निभाने के लिए समिति के संरक्षक से संपर्क करने की अपील की है।

### विकास कार्यो में घपले का आरोप लगा सीएम से शिकायत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** मोहान नगर पंचायत कस्बा निवासी समाजसेवी हाजी जुबेर, निवर्तमान सभासद विजय यादव, युनुस, राजू यादव सहित कई कस्बेवासियों ने मुख्यमंत्री को प्रार्थनापत्र भेजकर बताया कि मोहान नगर पंचायत कार्यालय परिसर में एक माह पहले टाइल्स और एक कक्ष का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। निर्माण में नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी कस्बे की सफाई कार्य छोड़ मजदूरी कार्य करने में लगाए गए थे तथा निर्माण के लिए कस्बे के कई लोगो से जनसहयोग से कार्य बताकर सामग्री ली गई। 26 जनवरी को कार्यालय में ईओ ने सार्वजनिक घोषणा भी की थी कि यह कार्य जनसहयोग से कराया जा रहा हैं। जिसके बावजूद 18 फरवरी को अधूरे कार्य का लोकार्पण किया गया जिसमें दिखाया गया कि यह कार्य राज्य वित्त योजना की निधि से एक फर्म के ठेकेदार द्वारा कराया गया। जबकि ठेके के लिए टेंडर की प्रक्रिया सार्वजनिक नही हुई। शिकायत कर्ताओं ने आरोप लगाते हुए बताया कि ईओ ठेकेदार की सांठ-गांठ कर जनसहयोग से कराए गए कार्य को योजना से निर्माण दिखा कर सरकारी धन के निकालने की फिराक में हैं। इसके अलावा कार्यकाल समाप्त होने के बावजूद नियम विरुद्ध लोकार्पण पत्थर पर निवर्तमान चेयरमैन हयात रसूल और सभासदों के नाम लिखे गए हैं। जो कि सरासर गलत हैं। उन्होंने पत्थर हटाकर सिर्फ सांसद, विधायक, डीएम, एसडीएम सहित ईओ के नाम का पत्थर लगाने की मांग की। जेई प्रवीन कटियार ने बताया कि निर्माण जनसहयोग से कार्य कराया गया हैं लेकिन निर्माण में पैसे जायदा लगने से कई और लोगों से सामग्री ली गई। जिसका भुगतान कराने के लिए ठेकेदार को 9 लाख 82 हजार के ठेका कर दिया गया। ठेके की प्रक्रिया हुई कि नही ये ईओ ही बता पाएंगे। बिल आए हैं जिनका अभी भुगतान नहीं हुआ। ईओ संतोष चौधरी ने बताया कि ट्रिपल पी के आधार पर निर्माण कराया गया है। जिसमे जन सहयोग लिया गया हैं।



### ग्यारह कन्याओं का सामूहिक विवाह संपन्न

**सूची सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** राधा रानी सेवा समिति द्वारा सामूहिक विवाह का कार्यक्रम धूमधाम से किया गया ।जिसमें निर्धन कन्याओं का विवाह वैदिक रीति रिवाज से संपन्न कराया गया ।साथ ही उपहार में गृहस्थी का सम्मान देकर विदाई किया गया ।सलोन विकासखंड के साधन सहकारी समिति के पीछे सूची में राधा रानी सेवा समिति के तत्वाधान में ग्यारह निर्धन कन्याओं का तीसरा सामूहिक विवाह का कार्यक्रम आयोजित किया गया ।जिसमें वैदिक रीति रिवाज एवं मंत्रोच्चारण के साथ विवाह संपन्न कराया गया ।इस दौरान नवविवाहित जोड़ों को उपहार स्वरूप श्रृंगार से लेकर विवाह संबंधित आवश्यक सामान देकर तथा सामूहिक कन्यादान कर परिणय सूत्र में बांधा गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख कुमार आजाद सिंह रहे ।जब ग्यारह दूल्हे एक साथ रथ पर सवार होकर निकले तो समूचा कस्बा में बारात देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी ।कन्याओं ने वरमाला पहनाई तो पंडाल में पुष्प वर्षा होने लगी ।तत्पश्चात मंत्रोच्चारण के बीच सिंदूरदान व सात फेरे लेकर सभी जोड़े सात जन्मों के लिए एक दूजे के लिए हो गए। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल मौजूद रहा। उपस्थित अतिथियों ने नव वर-वधू को आशीर्वाद देकर विदाई किया गया ।इस मौके पर हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बालिकाओं को उपहार वितरण कर मनाया गया कन्या जन्मोत्सव

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत निदेशक महिला कल्याण उत्तर प्रदेश के द्वारा कन्या जन्मोत्सव मनाए जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। जिसके अनुपालन में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज में अधीक्षक राधा कृष्णा की अध्यक्षता में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 24 नवजात बालिकाओं के साथ कन्या जन्मोत्सव मना कर उपहार वितरण किए गए। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा अधीक्षक राधा कृष्ण द्वारा भी समाज में बेटियों के योगदान के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बालिका भी घर का चिराग होती है उन्हें समान अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है हमारे देश की आधी आबादी महिलाओं की है उनके उत्थान के बिना हमारा देश आगे नहीं बढ़ सकता। जिला समन्यवक पूजा शुक्ला द्वारा सभी परिवारों को बधाई दी गई तथा बेटियो को उचित पालन पोषण एवम शिक्षा दिए जाने के लिए कहा।

बाल संरक्षण अधिकारी वीरेंद्र पाल ने कहा कि हमारी बेटियां भारत वर्ष की स्वाभिमान हैं। हम सभी को मिलकर लिंग भेदभाव मिटाना है। कन्याओं के जन्म से सुरक्षा, स्वास्थ्य व शिक्षा के लिए शासन के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। महिलाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में आवेदन करने के लिए बताया। बेटा-बेटी में भेदभाव न करें, दोनों को समान शिक्षा दें, जिससे बेटियां भी अपने पैरों पर खड़ा होकर परिवार, समाज एवं देश का नाम रोशन करें।

## तेज रफ्तार डीसीएम ओवर ब्रिज की रेलिंग से टकराया तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर बछरावां कस्बे में रेलवे लाइन के ऊपर बना ओवर ब्रिज मौत का ओवर ब्रिज बनता जा रहा है इस ओवर ब्रिज पर से सैकड़ों जान अब तक जा चुकी है जब से इसका निर्माण कराया गया है घुमाव होने की वजह से चालक समझ नहीं पाते और अत्यधिक स्पीड में होने की वजह से वाहन सहित ओवर ब्रिज के नीचे गिर जाते हैं ताजा घटना बीती रात का है जब एक तेज रफ्तार डीसीएम ओवर ब्रिज की रेलिंग से टकराकर गई जिसमें 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए रात लगभग 12:00 बजे के आसपास रायबरेली से लखनऊ की ओर जा रही डीसीएम स्पीड और घुमाव होने की वजह से चालक समझ नहीं पाया जिसकी वजह से टकराने के बाद डीसीएम पलट गई। डीसीएम के अंदर बैठे आकाश अनुज और मनोज जो जनपद उन्नाव के रहने वाले बताए जा रहे हैं घायल हो गए।

# नगर में जाम की समस्या को लेकर जल्द ही डीएम से मिलेगा व्यापार मंडल

- व्यापार मंडल की बैठक में समस्या से व्यापारियो को हो रही दिक्कतों पर हुई चर्चा



**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

व्यापार मंडल की बैठक में नगर में लगने वाले जाम से व्यापारियों को हो रही भारी समस्याओं का मुद्दा छाया रहा।

व्यापारी नेताओं ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द ही जिला अधिकारी से मिलकर समस्या को हल किये जाने की रणनीति तैयार की है। नवीन मंडी समिति में आयोजित बैठक मे आधा सैकडा से अधिक पदाधिकारियो की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें प्रभारी अनिल गुप्ता ने प्रतिदिन बाईपास, गांधी चैराहा, करूणा बाजार चैराहा में लगने वाले जाम का मुद्दा उठाया। श्री गुप्ता ने कहा कि नगर में प्रतिदिन जाम लगने से सड़क किनारे दुकान लगाने वाले लगभग 500 व्यापारियों का धंधा चैपट हो गया है। जिससे उनके परिवारो के सामने भुखमरी की स्थिति बन गई है।

नगर अध्यक्ष राहुल भदौरिया ने कहा कि जाम की समस्या को लेकर तहसील स्तर के अधिकारियों से कई बार गुहार लगाई जा चुकी है। लेकिन अभी तक समस्या के समाधान के बाबत कोई भी कदम नही उठाया गया है। जिसके चलते जल्द ही एक बार फिर अधिकारियों के साथ वार्ता की जायेगा।

जिसके बाद जिलाधिकारी से मिलकर कस्बे में जाम की समस्या से निजात दिलाये जाने के लिये नो इन्ट्री सिस्टम लागू किये जाने की मांग की जायेगी।

# तालाब में पलटा ट्रक, चालक घायल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत बछरावां मौरावां मार्ग पर बिशुनपुर गांव के पास सामने से आ रहे ट्रक से बचने के चक्कर में अनियंत्रित होकर ट्रक तालाब में पलट गया जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटनाक्रम के अनुसार दिनांक 20 फरवरी सोमवार सुबह 5 बजे विनोद पुत्र श्री राम जुनेदपुर भोगनीपुर कानपुर देहात निवासी अपने ट्रक में उरई से मोरंग लोड कर अयोध्या के लिए जा रहा था। जैसे ही उसका ट्रक बछरावां मौरावां मार्ग पर स्थित बिशुनपुर गांव के निकट पहुंचा की सामने से आ रहे एक दूसरे ट्रक से बचने के चक्कर में तथा हाईवे पर बनी सकरी पुलिया होने के चलते हाईवे के किनारे बाई तरफ तालाब में जाकर पलट गया। जिसमें चालक घायल हो गया तथा सुबह का समय होने के चलते ग्रामीणों ने हादसे को देख आनन फानन घटनास्थल पर पहुंचे और ट्रक चालक को सकुशल बाहर निकाला। इसी बीच दूसरा ट्रक चालक अपने वाहन को लेकर मौका पाकर फरार हो गया। ग्रामीणों की मदद से घायल हुए ट्रक चालक का एक निजी अस्पताल में इलाज करवाया गया।

# एक दिवसीय रोजगार मेला 22 फरवरी को

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर, सलोन, रायबरेली में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 22 फरवरी 2023 को किया जा रहा है। रोजगार मेला में, ब्राइट फ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल, पीपल ट्री ऑनलाइन, स्फाकिया एग्रोटेक प्रा.लि., जी.फोर.एस. सिक्योरिटी सॉल्यूशन इंडिया प्रा.लि., रॉयल एनफील्ड, शिवशक्ति बायोटेक्नोलॉजी लि. द्वारा मार्केटिंग सुपरवाइजर, सेल्स रिपेसेन्टेटिव, सुपरवाइजर, सेल्स एक्जक्यूटिव, सेल्स रिपेसेन्टेटिव, एच.आर. एग्जीक्यूटिव, मल्टी टास्किंग एग्जीक्यूटिव, एल.जी.ई., बी.डी.ई, आर.ओ. टेक्नीशियन, टेलीकॉलर, अकाउंटेंट, कम्प्यूटर ऑपरेटर, ब्लॉक ऑफिसर एण्ड फील्ड ऑफिसर, वूमेन ऑफिसर एंड वूमेन फील्ड ऑफिसर, पिकर पैकर, ऑपरेटर, ए.टी.एम. कस्टोडियन, एग्जीक्यूटिव, सेल्सएग्जीक्यूटिव, टेलीकॉलर, सुपरवाइजर, रिसेप्शनिस्ट, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्स रिपेसेन्टेटिव, सिक्योरिटी गार्ड पद हेतु चयन प्रक्रिया संपादित की जायेगी। आयु 18 से 45 वर्ष, शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इंटर, स्नातक अभ्यर्थी ही प्रतिभाग कर सकते है। उपरोक्त कंपनियां लगभग 335 रिक्तियों के साथ प्रतिभाग कर रही है। मेला में प्रतिभाग करने हेतु विभागीय पोर्टल sewayojan.up.nic.in (रोजगार मेला आई0डी0 7264) के माध्यम से पंजीकृत अभ्यर्थी लॉगिन करके नियोजकों व कंपनियों में उपलब्ध रिक्तियों के सापेक्ष ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है।

# दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र में कड़े सुरक्षा नियमों का हो पालन : राघवेंद्र सूर्यवंशी

- लालगंज विकास समिति के अध्यक्ष राघवेन्द्र सूर्यवंशी ने डीएम, एसपी व आरेडिका के महाप्रबन्धक को लिखा पत्र



**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र में कड़े सुरक्षा नियमों का पालन कराये जाने सम्बन्धी पत्र लालगंज विकास समिति के अध्यक्ष राघवेन्द्र सूर्यवंशी ने जिला व रेलकोच प्रशासन को लिखा है। मालुम हो कि लालगंज रायबरेली मार्ग पर रेलवे क्रासिंग से लेकर बाल्हेमऊ पुल तक आये दिन दुर्घटनायें हुआ करती हैं। दुर्घटनाओं के चलते लोगों की जानें जा रही हैं। उनके रोकथाम हेतु कुछ जरूरी सुझाव देते हुये लालगंज विकास समिति के अध्यक्ष राघवेन्द्र सूर्यवंशी ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के महाप्रबन्धक को पत्र लिखा है। जिसमें हल्के वाहनों व पैदल यात्रियों के चलने के लिये सड़क किनारे खाई को भरे जाने, ढाबों व अन्य दुकानदारों द्वारा पक्की सड़क तक के अतिक्रमण को समाप्त करवाने व तेज गति के वाहनों पर अंकुश लगाने के लिये अस्थायी बैरीकेडिंग, पुलिस ड्यूटी आदि का समुचित प्रबन्ध किये जाने की मांग की गयी है। साथ ही रेल कोच फैक्ट्री के आवासीय क्षेत्र के मुख्य द्वार के पास विशेष प्रबन्ध किये जाने का अनुरोध किया गया है।

## युवक ने फांसी लगा किया आत्महत्या का प्रयास

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात कारण से एक युवक अचानक फांसी पर झूल गया किंतु समय रहते परिजनों ने उसे फांसी के फंदे से नीचे उतार लिया और सीएचसी लाए। चिकित्सकों ने गंभीर हालत में युवक को जिला अस्पताल रेफर किया गया। बांगरमऊ नगर के मोहल्ला गुलाम मुस्तफा निवासी शिवशंकर लाल का पुत्र अरविंद कुमार 32 वर्ष आज अपने घर के अंदर अज्ञात कारणों के चलते फांसी के फंदे पर झूल गया। भनक लगते ही परिजनों ने आनन-फानन उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारा और युवक को यहां के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां युवक की गंभीर हालत देखकर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे मिला शव

- मां ने लगाया आशनाई में हत्या का आरोप

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



सोहरामऊ थाना क्षेत्र में एक युवक का शव बीती देररात संदिग्ध हालातों में सड़क किनारे पड़ा मिला। इसकी जानकारी पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में शव को मोर्चरी भिजवा दिया इसके बाद परिजनों को घटना की जानकारी दी। मामले में पुलिस की जल्दबाजी से खफा परिजनों ने थाने पहुंचकर हंगामा भी किया। हालांकि पुलिस ने वीडियो बनाते हुए कार्रवाई की घुड़की देकर भीड़ का तितर-बितर कर दिया। मृतक की मां ने आशनाई में बेटे की लाठी डंडों से पीटकर हत्या करने और शव को सड़क पर फेंकने का आरोप लगाया है। थाना व कस्बा सोहरामऊ निवासी शुभम राजपूत (18) का शव बीती देररात संदिग्ध अवस्था में सड़क किनारे पड़ा मिला। सड़क किनारे शव पड़े होने की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया। इसके बाद रात तकरीबन एक बजे घरवालों को जानकारी दी। मामले में पुलिस की जल्दबाजी पर सवाल खड़े करते हुए तकरीबन आधा सैकड़ा लोग थाने पहुंच गए और हंगामा करने लगे। पुलिस ने बवाल बढ़ता देख तत्काल वीडियो बनाना शुरू किया और कार्रवाई की घुड़की दी जिसपर भीड़ तितर बितर हो गयी। मृतक की मां विद्यावती पत्नी स्व. रेखनलाल ने थाने में तहरीर देते हुए आशनाई में बेटे की हत्या किए जाने की बात कही है। उसका आरोप है कि पड़ोसी गांव की एक युवती से बेटे के अनैतिक संबंध थे। उसी ने रविवार रात बेटे को बुलाया था। जहां उसकी लाठी डंडों से पीट-पीटकर हत्या करा दी गई और शव को सड़क पर फेंक दिया गया। इस मामले में पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कही है।

### संदिग्ध हालत में युवक की मौत



शहर के सिविल लाइन मोहल्ला स्थित जल निगम कॉलोनी के रहने वाले युवक की सोमवार सुबह संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मौत को लेकर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शहर के सिविल लाइन कल्याणी मोहल्ला स्थित जल निगम कॉलोनी में 25 वर्षीय हर्ष तिवारी अपनी मां गुड्डी के साथ रहता था। बड़े भाई अनुराग के मुताबिक रात में खाना खाने के बाद कमरे में सोने चला गया था। सोमवार सुबह उठा और दोस्त से बात की और उसके बाद फिर से कमरे में सो गया। कुछ देर बाद वह मृत अवस्था में पड़ा मिला। मौत के बारे में परिजन भी कोई स्पष्ट कारण नहीं बता सके। पिता विजय नारायण तिवारी की मौत होने पर उनकी जगह पर जल निगम में पत्नी गुड्डी को नौकरी मिली थी। हर्ष मगरवारा स्थित एक कंपनी में काम करता था। मृतक हर्ष अविवाहित और दो भाईयों में छोटा था। बड़ा भाई अनुराग और इकलौती विवाहित बहन रुचि हैं।

# 4 बाइकों सहित दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**




**उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा के कुशल निर्देशन अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत कोतवाली गंगाघाट पुलिस ने चोरी की 4 मोटरसाइकिल सहित 2 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया। सोमवार को कोतवाल अवनीश कुमार सिंह मय हमराह फोर्स द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर प्रखर महाराज विद्यालय को जाने वाली सड़क की तरफपुलिया के पास से दो युवकों अभिनव कुमार उर्फ आशीष पुत्र विजय कुमार निवासी परमट कानपुर नगर और मनोज कुमार गौतम पुत्र स्व0 सूरजबली निवासी नौबस्ता कानपुर नगर को मय चोरी की हुई दो मोटरसाइकिल (चेकिंग के दौरान) व एक मोटरसाइकिल अभियुक्तों की निशादेही पर पुलिस ने बरामद कर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम कोतवाल अवनीश कुमार सिंह उपनिरीक्षक रविशंकर मिश्र, लोकनाथ गुप्ता, रणजीत सिह, हेड कांस्टेबल शिवराज सिह, कांस्टेबल सचिन कुमार, गिरीश चन्द, राघवेन्द्र अग्निहोत्री, युगेश प्रजापति रहे।

## फसलों पर आंच

कहने की जरूरत नहीं है कि ग्लोबल वार्मिंग की तपिश हमारे घर में भी दस्तक देने लगी है। फरवरी मध्य में यदि मार्च-अप्रैल जैसी गर्मी महसूस की जा रही है तो यह आसन्न खतरे का संकेत है। ऐसी स्थितियां पिछले साल भी पैदा हुई थीं जब भरपूर फसल के बावजूद बालियों में गेहूं का दाना कम निकला था। घटी हुई उत्पादकता के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। इस बार भी किसान के माथे पर चिंता की लकीरें है। कहां तो किसान बंपर गेहूं की पैदावार की उम्मीद में आत्ममुग्ध था, वहीं ताप वृद्धि से अब उसकी फिक्र बढ़ गई है। दरअसल, विश्वव्यापी ग्लोबल वार्मिंग अपने घातक प्रभावों के साथ पूरे दुनिया में खाद्य सुरक्षा को संकट में डाल रही है। कई देशों में लगातार सूखे की स्थिति है तो कुछ जगह बाढ़ का प्रकोप है। कहीं रेगिस्तान में बर्फबारी हो रही है तो अमेरिका जैसे तमाम देश लगातार बेमौसमी चक्रवाती तूफानों से जूझ रहे हैं। आश्चर्य की बात है कि फरवरी के महीने में धुंध से यातायात बाधित हो रहा है। वहीं समय से पहले बढ़े तापमान से गेहूं की लहलहाती फसल पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। कृषि वैज्ञानिक बता रहे हैं कि कुछ ही दिनों में तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया है, जो गेहूं की फसल के लिये बिल्कुल ठीक नहीं है। जबकि इस दौर में अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से अधिक नहीं होना चाहिए। दरअसल, अच्छी फसल के लिये जरूरी है कि इस दौरान कम से कम पंद्रह दिन तक मौसम में ठंडक रहे। यदि तापमान ज्यादा होता है तो आशंका है कि गेहूं का दाना कमजोर होगा। जिसका कुल उत्पादकता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। जहां इससे कुल पैदावार में कमी आएगी, वहीं गुणवत्ता में कमी से किसान को मंडियों में औने-पौने दाम में फसल आढ़तियों को बेचनी पड़ सकती है। ऐसे में ग्लोबल वार्मिंग संकट के चलते खाद्यान्न उत्पादन पर पड़ने वाला नकारात्मक असर आखिरकार देश की खाद्य सुरक्षा के लिये चुनौती पैदा करेगा। वैसे ही दुनिया में कोरोना संकट तथा रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते गेहूं उत्पादन पर गहरा प्रतिकूल असर पड़ा है। भारत गेहूं का निर्यात बढ़ाकर आपदा को अवसर में बदल सकता था, लेकिन देश में गेहूं की कालाबाजारी शुरू होने से आटे के दाम अप्रत्याशित तौर पर बढ़ने लगे थे। ऐसे में तापमान बढ़ने से गेहूं के उत्पादन में कमी आशंका चिंता बढ़ाने वाली है। खासकर खाद्यान्न उत्पादन में अग्रणी हरियाणा व पंजाब के लिये यह समस्या बड़ी है। राज्य सरकारों को इस मुद्दे को गंभीरता से लेना होगा ताकि समय रहते किसानों की मदद की जा सके और उन्हें नुकसान न उठाना पड़े। अब समय आ गया है कि मौसम के मिजाज में तल्खी के कारण हमें फसलों के विविधीकरण पर जोर देना होगा, जो ज्यादा तापमान में कम पानी के साथ उगायी जा सकेंगी। ऐसा करके किसान बार-बार की मौसमी तल्खी से बच सकेगा, वहीं देश की खाद्य श्रृंखला को भी संरक्षण मिल सकेगा। यह एक गंभीर चुनौती है और सभी दिशाओं में इसके विकल्प तलाशे जाने चाहिए।

# भारतीय विदेश नीति, हर आपदा ग्रस्त देश उसका दोस्त

संजीव ठाकुर

**विगत कुछ वर्षों की कोविड-19 महामारी के कारण पूरा विश्व अशांत एवं तनावग्रस्त रहा है। इसके तुरंत बाद तालिबान-अफगानिस्तान युद्ध में विश्व युद्ध की आशंका मंडराने लगी थी, इससे पूरा विश्व चिंता तथा तनाव के मध्य जीने लगा था इसी क्रम में रूस-यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक युद्ध की आशंका को और बलवती बना दिया है। रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन लगभग तबाही के कगार पर बैठा है और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन परमाणु बमों का इस्तेमाल करने की घोषणा ने आग में घी का काम कर दिया है। परिणाम स्वरूप अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध की विभीषिका के बादल मंडराने लगे हैं। विश्व के अनेक राष्ट्र जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, साउथ अफ्रीका और अन्य यूरोपीय देश भारत और रूस के कई वर्षों के निरंतर घनिष्ठ संबंधों के आधार पर भारत और भारत के प्रधानमंत्री से यह आशा लगाए बैठे हैं कि वह रूस और यूक्रेन युद्ध पर मध्यस्थता कर युद्ध में विराम लाने का प्रयास करेंगे। विगत दिनों समरकंद में अंतरराष्ट्रीय बैठक में मोदी ने एक-एक कर के वैश्विक नेताओं से मुलाकात कर पुतिन तथा जेलेंस्की से युद्ध विराम की अपील भी की है। ऐसे में भारत की गुटनिरपेक्षता एवं वैश्विक शांति तथा वसुधैव कुटुंबकम जैसा भारतीय दर्शन अत्यंत समीचीन एवं प्रासंगिक हो गया है। वर्तमान वैश्विक त्रासदी एवं वैश्विक अशांति के दौर में एक दूसरे की सहायता करना एवं एक दूसरे के मंतव्य, संवेदना को समझने की बड़ी आवश्यकता है। रूस और यूक्रेन के युद्ध का रुकना अब शांति बहाली के लिए अत्यंत आवश्यक भी है।**

भारत द्वारा भूकंप प्रभावित तुर्कीए की मदद कर लोगों की जान बचाने के प्रयास को विश्व के हर देश ने बहुत सार्थक बताकर प्रशंसा की है और उस सहायता के अनुसरण में विश्व के देशों ने मदद करने का प्रयास किया है। भारत ने पाकिस्तान के कट्टर समर्थक एवं मित्र तुर्किये को बिना किसी भेदभाव के बुरे वक्त पर आर्थिक तथा मेडिकल सहायता प्रदान कर अपनी विदेश नीति को खुला एवं शांति समर्थक प्रमाणित किया है। भारत की सकारात्मक विदेश नीति और निरपेक्ष छवि पूरे विश्व के लिए एक उदाहरण तथा आदर्श की तरह सामने आई है, इसी रफ्तार से यदि भारत अपनी आंतरिक क्षमता, आर्थिक नीति तथा विदेशी संबंधों को गति देती है तो इसमें कतई संदेह नहीं कि भारत आने वाले समय में आर्थिक सामरिक और वैश्विक शांति का नेतृत्व करेगा जिसके फलस्वरूप उसे शांति महाशक्ति के रूप में पूरा विश्व स्वीकार करेगा।



विगत कुछ वर्षों की कोविड-19 महामारी के कारण पूरा विश्व अशांत एवं तनावग्रस्त रहा है। इसके तुरंत बाद तालिबान-अफगानिस्तान युद्ध में विश्व युद्ध की आशंका मंडराने लगी थी, इससे पूरा विश्व चिंता तथा तनाव के मध्य जीने लगा था इसी क्रम में रूस-यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक युद्ध की आशंका को और बलवती बना दिया है। रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन लगभग तबाही के कगार पर बैठा है और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन परमाणु बमों का इस्तेमाल करने की घोषणा ने आग में घी का काम कर दिया है। परिणाम स्वरूप अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध की विभीषिका के बादल मंडराने लगे हैं। विश्व के अनेक राष्ट्र जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, साउथ अफ्रीका और अन्य यूरोपीय देश भारत और रूस के कई वर्षों के निरंतर घनिष्ठ संबंधों के आधार पर भारत और भारत के प्रधानमंत्री से यह आशा लगाए बैठे हैं कि वह रूस और यूक्रेन युद्ध पर मध्यस्थता कर युद्ध में विराम लाने का प्रयास करेंगे। विगत दिनों समरकंद में अंतरराष्ट्रीय बैठक में मोदी ने एक-एक कर के वैश्विक नेताओं से मुलाकात कर पुतिन तथा जेलेंस्की से युद्ध विराम की अपील भी की है। ऐसे में भारत की गुटनिरपेक्षता एवं वैश्विक शांति तथा वसुधैव कुटुंबकम जैसा भारतीय दर्शन अत्यंत समीचीन एवं प्रासंगिक हो गया है। वर्तमान वैश्विक त्रासदी एवं वैश्विक अशांति के दौर में एक दूसरे की सहायता करना एवं एक दूसरे के मंतव्य, संवेदना को समझने की बड़ी आवश्यकता है। रूस और यूक्रेन के युद्ध का रुकना अब शांति बहाली के लिए अत्यंत आवश्यक भी है। भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश ने लगभग 40 देशों को कोविड-19 के महामारी के दौरान कई तरह से मदद भी की है। हालांकि भारत में महामारी के दौरान यूरोपीय देशों तथा अन्य देशों ने भी अपना परिवार मानकर खुले दिल से संक्रमण से लड़ने के लिए आर्थिक एवं चिकित्सकीय सहायता प्रदान की थी। भारत की विदेश नीति में वसुधैव कुटुंबकम और वैश्विक शांति की नीति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य की गई है। इसमें दो मत नहीं कि अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति की वन टू वन बैठक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की ट्रस्टीशिप की नीति एवं भावना की दोनों देशों के राष्ट्र प्रमुखों ने बड़ी सराहना की,और उस पर विश्व को अमल करने की बात भी कही। भारत की विश्व के कई देशों को की गई सहायता भारत की नीति वसुधैव कुटुंबकम को स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त करती है। भारत के प्रधानमंत्री ने सदैव अपनी अभिव्यक्ति में भी यह स्पष्ट रूप से जताया है कि भारत पूरे विश्व को अपना परिवार मानता है एवं इसकी शांति तथा सुरक्षा की चिंता करते हुए अपनी विदेश नीति बनाता है। वसुधैव कुटुंबकम की भावना से ओतप्रोत होने के कारण ही प्राचीन समय से अब तक भारत में हर जाति, हर धर्म के लोगों को शरण दी थी। उन्हें अपनाया गया फिर चाहे वह मुगल हो या अंग्रेज ही क्यों ना हो। भारत ने सभी को एक परिवार मानकर व्यवहार किया है। पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोलवीं तथा 17वीं शताब्दी में यूरोप मैं औद्योगीकरण का युग प्रारंभ हुआ और अलग-अलग देशों ने अपने-अपने उपनिवेश बनाने शुरू कर दिए और तब वसुधैव कुटुंबकम की भावना को क्षति पहुंची। तब राष्ट्रवाद का जन्म हुआ। राष्ट्रवाद एक राष्ट्र तक ही सीमित होकर रह गया है। आज पूरा विश्व अलग-अलग समूहों में बट चुका है, और अपने लाभ तथा उद्देश्यों के प्रति सजग तथा अलर्ट है। इन सभी देशों का उद्देश्य विकास और शांति का ही है। अतः सभी देशों को आपसी मतभेद भुलाकर एक मंच पर आकर वसुधैव कुटुंबकम की भावना को बलवती करना चाहिए। अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख विकासवान देश इस भावना से कार्य करने पर प्रगति पर हैं, पर कुछ देश जो वैश्विक अशांति के लिए खतरा बन चुके हैं। सब दूसरे देशों सेअलग-थलग पड़ गए हैं। यह बात सर्वविदित है कि विश्व के देशों को वसुधैव कुटुंबकम की भावना से एकजुट होकर विकास की ओर अग्रसर होना चाहिए, क्योंकि विकास का मार्ग एकजुटता से होकर ही प्रशस्त होता है। अभी इस दिशा में बहुत काम करना शेष भी है। और जिस दिन विश्व के देश आपस की कटुता वैमनस्यता और मतभेद को बुलाकर एक धरातल पर आ जाएंगे उस दिन वसुधैव कुटुंबकम की सद्भावना संपूर्ण आकार ले लेगी। भारत के प्रधानमंत्री द्वारा अभी अमेरिका के दौरे पर संयुक्त राष्ट्र संघ स्क्वाड और अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान वसुधैव कुटुंबकम एवं वैश्विक शांति की दुनिया से पुरजोर अपील भी की है। और वैश्विक शांति के लिए कुछ देशों को इस बात से बाज आने का संकेत भी दिया है।

भारत के प्रधानमंत्री की अमेरिका सफल यात्रा के बाद पूरे विश्व में भारत का कद तो ऊंचा हुआ ही है, इसके साथ ही वसुधैव कुटुंबकम की भावना भी बलवती हुई है। इसी भावना के साथ भारत देश को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद का सदस्य बनाए जाने का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है। यदि भारत संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद का छठवां सदस्य बनता है, तो यह भारतीय गणतंत्र की बड़ी सफलता होगी। भारत के ऋषि मुनियों द्वारा प्रतिपादित वसुधैव कुटुंबकम की भावना को भारत ने अपनी वैश्विक विदेश नीति के तहत एक प्रमुख नीति बनाकर विश्व में शांति तथा विकास की बात हमेशा दोहराई है। आज हम इस मुकाम पर खड़े हैं कि भारत देश की बात विश्व के देश बड़ी शांति और पूरे ध्यान से सुनते हैं। कई देशों ने आपसी भाईचारे पर अमल करना भी शुरू कर दिया है। यह भारतीय कूटनीति की बड़ी सफलता भी है। वसुदेव कुटुंबकम जियो और जीने दो तथा वैश्विक शांति के मार्ग पर भारत चलकर वैश्विक गुरु बनने की दिशा में अग्रसर हो सकता है। यह भारत का अमोघ अस्त्र साबित होगा जिससे विश्व में शांति सौहार्द और विकास स्थापित होने की संभावना बलवती होगी।

विचार

# पाकिस्तान का कबूलनामा

*आदित्य नारायण*

पाकिस्तान की बर्बादी की कहानी आतंकवाद, उसकी फौज और सियातदानों ने लिखी है। अब जनता झेल रही है। रोटी, सब्जी, घी, तेल, दूध की महंगाई ने पाकिस्तानियों के मुंह से निवाला छीन लिया है। हर रोज सुबह-सुबह बुरी खबरें आ रही हैं। पाकिस्तान की हकूमत दिवालिया होने से बचने के लिए अपनी अधिकतम कोशिशें कर चुकी है, अब आगे रास्ता नजर नहीं आता। पाकिस्तान के हालात से घबराये लोग देश छोड़ भाग रहे हैं। पाकिस्तान का मीडिया कह रहा है कि अब पाकिस्तान जिन्दाबाद कहने का वक्त नहीं, पाकिस्तान से जिंदा भाग कहने का नारा बुलंद हो रहा है।

इसी बीच पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कबूल कर लिया है कि पाकिस्तान दिवालिया हो चुका है और आतंकवाद हमारा मुकद्दर बन गया है। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि मजहब के नाम पर आतंकवाद का इस्तेमाल कीमती जानें लेने के लिए किया जा रहा है। आतंकवाद के खिलाफ हमें एकजुट होने की जरूरत है तभी इसके खिलाफ लड़ाई लड़ी जा सकती है।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री से पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बातचीत की अपील करते हुए स्वीकार किया था कि भारत के साथ पाकिस्तान ने तीन युद्ध लड़े जिससे पाकिस्तान को गरीबी और बेरोजगारी ही हासिल हुई।

पाकिस्तान सबक सीख चुका है और अब हम शांति से जीना चाहते हैं। भारत ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी, क्योंकि भारत का स्टैंड है ष्कि आतंकवाद और बातचीत दोनों साथ-साथ नहीं चल सकते। पाकिस्तान ने जिस तरह से आतंकवाद की खेती की है उससे अब उसकी वैश्विक छवि पूरी तरह से खराब हो चुकी है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का बयान इस बात का संकेत है कि आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान में आत्मविश्लेषण का दौर शुरू हो चुका है। काश पाकिस्तान अपनी सियासत को लेकर पहले ही आत्ममंथन कर लेता तो आज उसे यह दिन देखने न पड़ते। भारत को कश्मीर ही नहीं कई जगह गहरे जख्म देने वाला पाकिस्तान भयंकर कर्ज में डूबा हुआ है।

देश के ऊपर कुल कर्ज और देनदारी 60 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपए से अधिक है। यह देश की जीडीपी 89 फीसदी है। पाकिस्तान पर चीन का 30 अरब डॉलर का कर्ज बकाया है। पाकिस्तान में पैट्रोल, डीजल के दाम में 20 प्रतिशत से अधिक की बढ़ौतरी की जा चुकी है।

पाकिस्तान में बिजली के दाम में एकमुश्त 8 रुपए प्रति यूनिट की बढ़ौतरी की जा चुकी है। पाकिस्तान में कारोबारियों को मिलने वाली सब्सिडी खत्म करने का ऐलान हो चुका है।

पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार पौने तीन अरब डॉलर के आसपास तक पहुंच चुका है। महंगाई की दर 27 प्रतिशत के पार जा चुकी है। डॉलर के मुकाबले पाकिस्तानी करेंसी 25 फीसदी तक टूट चुकी है। ऐसे में पाकिस्तान के सामने अब दूसरे देनदारों के रहम के अलावा कोई उम्मीद नहीं दिखती है। इसमें सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और चीन की ओर से मिलाकर कुल साढ़े तीन अरब डॉलर का कर्ज पाकिस्तान को मिलने वाला है। अगर ये कर्ज नहीं मिला तो पाकिस्तान की नैया डूबने से बचाना मुश्किल हो जाएगा।

शहबाज शरीफ सरकार ने टैक्स लगाकर और सब्सिडी खत्म करके 170 अरब डालर जुटाने का ऐलान किया था। हकूमत ने 115 अरब डॉलर का नया टैक्स पाकिस्तानियों पर फोड़ दिया है। ताजा खबर यह है कि शहबाज की कुर्सी खुद खतरे में है। उनकी भतीजी मरियम नवाज की नजरें प्रधानमंत्री की कुर्सी पर लगी हुई हैं और पाकिस्तान की सत्ता के गलियारों से छन-छन कर आ रही खबरों से संकेत मिल रहे हैं कि पाकिस्तान में कुछ होने वाला है।

वैश्विक रणनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि इस्लामी दुनिया में उसके दोस्त मानते हैं कि पाकिस्तान को अपने घर को सम्भालना होगा। साथ ही अपने क्षेत्र से संचालित आतंकवादी गुटों का समर्थन करना बंद करना होगा। आतंकवाद ने पाकिस्तान में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को रोक दिया है। पहले उसने टीटीपी के आतंकियों को गले लगाया। लेकिन अब वही तहरीक-ए-तालिबान खुद उसके लिए गले की हड्डी बन चुका है। अब वह लगातार हमले कर निर्दोष नागरिकों के साथ-साथ सेना और पुलिस के जवानों को भी मौत के घाट उतार रहा है। भारत से संबंध मधुर न होने के कारण दोनों देशों में व्यापार बंद है जिससे पाकिस्तान के व्यापार को बहुत नुक्सान पहुंच रहा है। आतंकवाद को अपनी राष्ट्रीय नीति बनाने का खामियाजा पाकिस्तान को भुगतना पड़ रहा है। अगर पाकिस्तान को सम्भलना है तो आतंकवाद से दूरी बनानी होगी और भारत तथा अन्य पड़ोसी देशों से आर्थिक सहयोग पर ध्यान फोकस करना होगा।

अफगानिस्तान से भी व्यापार की सम्भावनाएं हैं। पाकिस्तान अब भी नहीं सम्भला तो आत्मविस्फोट हो जाएगा। परमाणु हथियार रखने वाले देश के लिए यह स्थिति अच्छी नहीं।

साहित्य

### तिथि - पंचांग - ग्रह देख सब कह रहे...

**अजेय जुगरान**

तिथि - पंचांग - ग्रह देख सब कह रहे
हुआ शरद अंत, अब आ गया बसंत !

लेकिन उमड़ घुमड़ बादल,
बारिश झमा झम
चमक दमक बिजली, सर्र सर्द
हवा चुभे बदन
ये कैसा बसंत?

कल ही लौटते शरद में भीग लगी ठंड
चाँद सिकुड़ा रात, उगा सूरज बिन तपन
ये कैसा बसंत?

झरोखा



पथ लथपथ, पौध सब
कुम्हलाए हुए
अमलतास-गुलमोहर पात बिन नग्न
ये कैसा बसंत?

फिर भी उठ काम को जाने लगे हम
आशा में बसंत की विष्णु रंग पहन
तो हमें देख सब कहने लगे जन
लो आ गया बसंत! अब आ गया बसंत!!



## राशिफल

**मेष:-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**वृषभ:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**मिथुन:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनचर्या के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली होगी।

**कर्क:-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा। जरूरी कार्य में आलस्य का त्याग करें।

**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुला:-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिक:-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुरत होंगे।

**धनु:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**कुंभ:-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीन:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तिुष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# बढ़ती उम्र का तकाजा - बचपन से पचपन



**एडवोकेट किशन सनमुख़दास भावनानी**

कुदरत द्वारा बनाई इस अनमोल सृष्टि में मानवीय जीवन की रफ्तार इतनी तेज हो गई है कि सुबह से शाम तो क्या बचपन से पचपन तक कैसे पहुंच गए पता ही नहीं चलता, वर्तमान परिपेक्ष में बढ़ती जीवन चक्र की प्रक्रिया में संघर्षों, खुशियों, दुखों, रोजी-रोटी, घर परिवार, सांसारिक मोह माया इत्यादि अनेकक्रियाओं के चक्कर में अधिकतम मानवी जी ऐसे उलझ गए हैं कि उन्हें अपने शरीर,बढ़ती उम्र का तकाजा ही नहीं रहा। हालांकि सच्चाई यह है कि बढ़ती उम्र के साथ-साथ सतर्कता का ध्यान रखना अत्यंत ज़रूरी है। यूं समझो बुढ़ापा जवानी नहीं, लाता जवानी बचपन नहीं लाती, इसलिए उम्र के बढ़ने के साथ सेहत में भी बदलाव आते हैं। सेहत का ध्यान रखना, फिटनेस टिप्स, घरेलू उपाय और तनाव से दूर रहना अत्यंत जरूरी है।

साथियों बात अगर हम चालीस प्लस उम्र की करें तो आपकी उम्र चालीस वें पड़ाव पर पहुंच चुकी है और चालीस की उम्र पर पहुंचने का मतलब है अपनी सेहत का पहले से अधिक ध्यान रखना। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती रहती है वैसे-वैसे सेहत में भी बदलाव आते रहते हैं।साथियों संभव हो तो हमें निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए (1) बढ़ती उम्र के साथ-साथ शरीर में विटामिन, मिनरल्स, कैल्शियम, आयरन और एंटीआक्सीडेंट की कमी महसूस होने लगती है। इसलिए भोजन में ऐसी चीजों को अधिक शामिल करें, जो इन सभी पोषक तत्वों की आपूर्ति कर सके।(2) अत्यधि?क गुस्सा और चिंता करने से बचें, साथ ही शारीरिक श्रम भी उतना ही करें, जितना आपके स्वास्थ्य के लिए सही हो। अत्यधिक परिश्रम करने से बचें। (3) बेहतर होगा कि चालीस से अधिक उम्र होने पर, आप अपनी आदतों और दिनचर्या में बदलाव लाएं। इस अवस्था में आपका शरीर उतना स्वस्थ और उर्जावान नहीं होता। अपने खान-पान और दिनचर्या में बदलाव कर आप उर्जा के साथ ही लंबी उम्र भी पा सकते हैं। (4) घर पर बने पौष्टिक सूप आपकी सेहत के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। भोजन के बीच में भूख लगने पर आप इनका सेवन कर सकते हैं। (5) चालीस से अधिक उम्र वालों के लिए एंटीऑक्सीडेंट युक्त आहार लेना बेहद आवश्यक है। इसलिए हरी सब्जियां, वेजिटेबल जूस, सलाद, फल, ग्रीन-टी आदि का सेवन अवश्य करें। (6) इस समय आपके शरीर के सभी अंगों और मांसपेशियों ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है, इसलिए खान-पान को बैलेंस रखें ताकि आपका लिवर सुरक्षित रहे और शरीर से विषैले तत्वों को बाहर कर सके। (7) चालीस की उम्र के बाद अक्सर छोटी- छोटी बातों का तनाव और चिड़चिड़ापन होता है साथ ही दिमाग भी कमजोर होने लगता है। इसके लिए योगा, व्यायाम, मेडिटेशन, संगीत को अपनी दिनचर्या में शामि?ल करें। साथ ही वह काम करें जिसे करने में आपको आनंद आता है और जिसमें आपका मन लगता है। (8) साबुत अनाज को अपने भोजन में शामिल करें और



फलों का भरपूर सेवन करें। इत्यादि के अलावा और भी आने की टिप्स है जिनकी सहायता से सतर्कता बरती जा सकती है।

साथियों बात अगर हम पचास प्लस उम्र की करें तो, पचास साल की उम्र के बाद कुछ कारक हो सकते हैं, जिनके कारण भोजन का सेवन कम हो सकता है। इसमें शामिल है भूख की कमी, स्वाद या गंध पहचानने की कमी, चबाने या निगलने में कठिनाई, शारीरिक शक्ति या गतिशीलता की कमी, गंभीर बीमारी या दवाओं का सेवन, भावनात्मक स्थिति, वित्तीय सुरक्षा शामिल आदि।

साथियों पचास साल या इससे ज्यादा की उम्र के लोगों को समझना जरूरी है कि उन्हें क्या करना चाहिए क्या नहीं। आसानी से पचने वाले, आसानी से अवशोषित होने वाले, छोटे-छोटे टुकड़ों में लगातार भोजन लें। शक्कर, मीठे पेय पदार्थ, अनडाइल्यूटेड जूस के सेवन को कम करें। फलों को प्राथमिकता दें। अपने आहार में बहुत सारे तरल पदार्थ शामिल करें, क्योंकि वे आपको हाइड्रेटेड रखते हैं और पाचन बेहतर करते हैं। रिफाइन्ड अनाज और दालों की जगह साबुत अनाज और दालों का इस्तेमाल करें। आहार में फाइबर की संरचना मध्यम होनी चाहिए। शारीरिक रूप से सक्रिय रहें। हर दिन के भोजन में मौसमी फलों के दो-तीन सर्विंग्स शामिल करने चाहिए।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा मन की बात की 87वीं कड़ी में 126 वर्षीय बाबा शिवानंद के उल्लेख की करें तो उनके फिटनेस के बारे में उन्होंने कहा, हाल ही में हुए पदम् सम्मान समारोह में आपने बाबा शिवानंद जी को ज़रुर देखा होगा। 126 साल के बुजुर्ग की फुर्ती देखकर मेरी तरह हर कोई हैरान हो गया होगा और मैंने देखा, पलक झपकते ही, वो नंदी मुद्रा में प्रणाम करने लगे। मैंने भी बाबा शिवानंद जी को झुककर बार-बार प्रणाम किया। 126 वर्ष की आयु और बाबा शिवानंद की फिटनेस, दोनों, आज देश में चर्चा का विषय है। मैंने सोशल मीडिया पर कई लोगों का कॉमेंट देखा, कि बाबा शिवानंद, अपनी उम्र से चार गुना कम आयु से भी ज्यादा फिट हैं। वाकई, बाबा शिवानंद का जीवन हम सभी को प्रेरित करने वाला है। मैं उनकी दीर्घ आयु की कामना करता हूँ। उनमें योग के प्रति एक पैशन है और वे बहुत हैल्थी लाइफस्टाइल जीते हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे किबढ़ती उम्र का तकाज़ा - बचपन से पचपन।बढ़ती उम्र के साथ स्वास्थ्य सतर्कता का ध्यान रखना अत्यंत ज़रूरी है।बुढ़ापा जवानी नहीं लाता, जवानी बचपन नहीं लाती।उम्र के बढ़ने के साथ सेहत में भी बदलाव आते हैं - सेहत का ध्यान रखने फिटनेस टिप्स, घरेलू उपाय और तनाव से दूर रहना ज़रूरी है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# डीएम की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

▸ शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : डीएम



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए सोमवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में तहसील धौराहरा के तहसील सभागार में ÷संपूर्ण समाधान दिवस÷ आयोजित हुआ। बताते चलें कि शनिवार को महाशिवरात्रि एवम रविवार को अवकाश होने के चलते सोमवार को खीरी की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने एसपी गणेश प्रसाद साहा ने फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की, गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मा. मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रतानुसार लाभान्वित भी किया जाय। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें।

डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 44 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 16, पुलिस 17, विकास 05, नगरीय निकाय एवं खाद्य एवं रसद विभाग 02-02, विद्युत व प्रोबेशन की एक-एक शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ अनिल कुमार सिंह, पीडी केके पांडेय, डीडीओ अरविंद कुमार, एसओसी ओपी अंजोर, डीसीओ वेद प्रकाश, डीएसओ अंजनी सिंह, एसडीएम धीरेंद्र सिंह, तहसीलदार भीम चंद्र सहित जिला, तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### डीएम-एसपी ने ढखेरवा में अतिक्रमण अभियान का देखा सूरत-ए-हाल, दिए निर्देश



सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत तहसील धौराहरा से जिला मुख्यालय वापस आते समय जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के साथ ढखेरवा में तहसील प्रशासन द्वारा चलाए गए अतिक्रमण अभियान की पड़ताल की। डीएम-एसपी ने ढखेरवा में पैदल भ्रमण कर अतिक्रमण अभियान की प्रगति जानी, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिए कि जिन स्थानों से अतिक्रमण हटा है, भविष्य में उन स्थलो पर पुन अतिक्रमण ना हो, इसका निरंतर अनुश्रवण किया जाए। उन्होंने कहा कि बिना किसी भेदभाव के मार्गो से अतिक्रमण हटवाकर आवागमन के लिए सुगम यातायात मुहैया कराया जाए। इस दौरान दोनों अधिकारियो ने स्थानीय लोगों से भी संवाद किया।

# नशे की आदतें कर रही युवाओं में आपराधिक प्रवृत्ति में वृद्धि

**समाज में जागरूकता लाना जरूरी**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बुझ गया चिराग जाने कितने ही घरोंदो का,काल ग्रास बना उन्हें चट कर निगल गया, था लाल उस बेचारी मां का नशे का आदी,वो नशा दीमक बन नींव खोखली कर गया।

देश में हर ओर नशे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है हर गली-मोहल्ले और चौराहे पर मिलने वाले आसानी से उपलब्ध नशे के सामान अन्य लोगों के साथ साथ युवाओं को भी नशे की लत लगा खोखला और कमजोर कर रहे हैं! देखने में यही आ रहा है कि ये नशे की आदतें ही आपराधिक प्रवृत्ति में भी कई बार वृद्धि का कारण बन रही हैं। नशे की आदतें धीरे-धीरे नशाखोरों को महंगी नशीली चीजों की ओर धकेलती हैं जिन्हें पाने के लिए नशे के लत में डूबे लोग चोरी झपटमारी घरेलू चीजों को चोरी छिपे बेचना और अन्य अपराधों को अंजाम देते हैं।

घर-परिवार के लोग सचेत रहते हुए नशाखोरी की आदत को शुरुआती दौर में ही दूर करने के प्रयास करें तो किसी भी सदस्य को नशे की लत से मुक्त रखा जा सकता है।

समाज में जागरूकता लानी जरूरी हो जाती है क्योंकि नशा मात्र किसी एक जनमानस, एक परिवार के लिए नहीं अपितु सम्पूर्ण समाज संपूर्ण देश के लिए वो दीमक है जो विकास को खोखला कर रही है।

## खबरें एक नजर में

### पहले खुद समझा और अब दूसरों को समझा रहे फाइलेरिया मरीज

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** बीते 20 सालों से मेरा बायां पैर फाइलेरिया से ग्रसित है। मुझे कोई उम्मीद नहीं थी कि कभी इससे राहत मिलेगी। बहुत इलाज कराया लेकिन कोई आराम नहीं मिला। कुछ महीने पहले फाइलेरिया पेशेंट सपोर्ट ग्रुप (पीएसजी) के संपर्क में आई और सरकारी स्वास्थ्य सुविधा से जुड़कर प्रभावित अंगों की सही तरीके से साफ-सफाई और व्यायाम के बारे में जाना। इसे अपनाने से जीवन कुछ सरल हो गया। अब दूसरों को भी फाइलेरिया से बचाव के बारे में जागरूक कर रही हूं। यह कहना है हरगांव ब्लॉक के मुद्रासन गांव की 40 वर्षीया माशूका का। वह मुद्राबाबा पेशेंट सपोर्ट ग्रुप की सदस्य हैं। हरगांव ब्लॉक के मुद्रासन, नवीनगर, मंगरूआ, बरियाडीह और कोरैया गांवों में पीएसजी हैं। स्वास्थ्य विभाग और ग्रुप के सदस्य गांव के शिक्षकों, प्रबुद्ध लोगों, बच्चों, राशन डीलर, मरीजों और ग्रामीणों तक इस बीमारी के बारे में जरूरी संदेश पहुंचा रहे हैं। पीएसजी के सदस्यों की बैठकों के बाद लोग बीमारी की गंभीरता को समझने लगे हैं और जागरूकता का वातावरण तैयार होने लगा है। पीएसजी के माध्यम से लोगों को बताया जा रहा है कि फाइलेरिया (हाथीपांव) की बीमारी लाइलाज है और इसे उचित देखभाल, दवा व व्यायाम से केवल नियंत्रित किया जा सकता है। साथ ही हाइड्रोसील बीमारी की पहचान कर सर्जरी भी कराई जा रही है।

### दस जुआरी गिरफ्तार

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** एसपी के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर लगाम कसने में लगे एसओजी प्रभारी ने कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम के साथ दबिश डालते हुए 10 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से एक लाख से अधिक रुपए के साथ चार बाइके 9 मोबाइल फोन बरामद किए। एसओजी प्रभारी योगेश पाठक को रविवार को मुखबिर द्वारा को सूचना मिली कि जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम माड़री के एक घर में जुएं का अड्डा संचालित हो रहा है। इतना ही नहीं बल्कि यहां पर वाहरी इलाके से लोग जीत हार की बाजी लगाने आये हुये है। खबर मिलते ही एसओजी प्रभारी ने कोतवाली पुलिस के साथ मुखबिर के बताए ठिकाने पर अपनी टीम के साथ ग्राम माड़री में देर रात को दबिश डाल दी। जहां पर कृष्ण कुमार मिश्रा के घर की घेराबंदी कर हार जीत की बाजी लगाते कुलदीप निवासी गायर, अंशु कुमार निवासी पहाड़पुरा, मुकेश व मोनू निवासी खजुरी, नरेंद्र कुमार निवासी गायर, अब्दुल कदीर निवासी भवानीराम, राज सिंघानिया निवासी कुकरगांव, चतुर सिंह निवासी पहाड़पुरा कृष्ण कुमार निवासी माडरी व दीवान खां निवासी खजुरी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास से पुलिस ने मालफ़ड़ के दौरान एक लाख दस हजार 9 सौ रुपए जमातलाशी के दौरान 23 हजार 5 सौ रुपए बरामद किये। साथ ही पुलिस ने मौके से इन जुआरियों से चार बाइके व 9 मोबाइल फोन भी बरामद किए है।

### मेले में दबंगों ने झूला संचालक से की मारपीट

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र में राठ रोड स्थित गल्ला मंडी परिसर में लगे मेले में दबंगों ने संचालक के साथ मारपीट कर दी। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए किसी तरह मामले को शांत कराया। शहर की राठ रोड स्थित गल्ला मंडी परिसर में इन दिनों श्री विष्णु महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस महायज्ञ में स्थानीय लोगों के मनोरंजन के लिए मेला भी लगाया गया है जिसमें लोग झूले का आनंद ले सके। यहां पर रविवार रात को कुछ युवक झूला झूलने के लिए मंडी परिसर में लगे मेले में पहुंचे थे जहां पर युवकों का एक गुट फ्री में झूला झूलने के लिए जबरन अंदर जाने लगा। जिसका विरोध झूला संचालक द्वारा किया गया और टिकट लेकर झूला झूलने के लिये युवकों से कहा जिस पर युवकों ने झूला संचालक के साथ अभद्रता करनी शुरू कर दी। इतना ही नहीं बल्कि युवकों ने झूला संचालक के साथ मारपीट शुरू कर दी। जिसे देखकर कुछ देर के लिये मेला परिसर में अफरा तफरी मच गई। इस दौरान मौजूद कर्मचारियों ने झूला संचालक को बचाने का प्रयास किया। साथ ही पुलिस को इस घटना के बारे में सूचना दी। तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने इस मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।

# पुलिस अधीक्षक ने निर्माणाधीन थाना मझगई का किया आकस्मिक निरीक्षण

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

20 फरवरी 2023 को पुलिस अधीक्षक श्री गणेश प्रसाद साहा द्वारा निर्माणाधीन थाना मझगई का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण कर रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया। मालखाने में माल मुकदमाती के व्यवस्थित रख-रखाव तथा नियमानुसार माल का विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण की समीक्षा की गई व महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए एवं प्रत्येक जनशिकायत का फीडबैक स्वयं प्रभारी निरीक्षक को करने के लिए निर्देशित किया गया। पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान साफ-सुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने हेतु भी निर्देशित किया गया। पुलिस की विजिबिलटी में सुधार एवं महिला संबंधी अपराधों पर त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए।

# राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का क्रमिक अनशन जारी

▸ बकाया गन्ना भुगतान को लेकर आवाज की बुलंद

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का आंदोलन बकाया गन्ना भुगतान को लेकर 50 दिनों से गन्ना विकास समिति गोला में जारी नहीं हो सका अब तक पिछले वर्ष का भुगतान, जिला अध्यक्ष अंजनी दीक्षित ने कहा उत्तर प्रदेश सरकार का गन्ना विभाग किसानों का गन्ना जबरदस्ती बजाज ग्रुप को दिलाकर जबरदस्ती गन्ने की लूट करा रहा है हमें लगता है बकाया गन्ना भुगतान बजाज ग्रुप से सरकार स्वयं कराना नहीं चाहती अब तक चीनी मिल मालिक पर कोई भी कार्यवाही नहीं हुई गन्ना किसान कर्ज के दलदल में चला गया होली के त्यौहार पर कर्मचारियों अधिकारियों को बोनस दिया जाता है दुर्भाग्य यह है होली का त्यौहार सर पर आ गया सरकार को किसानों की कोई चिंता नहीं है भुगतान दिलाना सरकार के बस की बात नहीं थी तो किसानों का गन्ना भुगतान करने वाली चीनी मिलों को दिलाना चाहिए था जबरदस्ती क्षेत्र आवंटन कर बजाज को क्यों दिलाया गया गन्ना अधिनियम एवं हाई कोर्ट सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर का खुला उल्लंघन हो रहा है किसानों की बात कोई सुनने वाला नहीं आज क्रमिक अनशन पर हनीफ, साबिर, बाबूराम, बांकेलाल, धर्मेंद्र कुमार राजवंशी और सहयोग में धर्मेंद्र कुमार वर्मा बाल गोविंद वर्मा दुलीचंद वर्मा सुमन कुमार यादव राम सुनीत यादव जन्डैल सिंह यादव रजनीश कुमार मिश्रा रामचंद्र जायसवाल ज्ञानप्रकाश वर्मा भगवान सिंह सर्वजीत सिंह डॉ राजेश कुमार मैथिली शरण सिंह रमाकांत शर्मा कुलदीप यादव नवीन कुमार यादव मोहनलाल डायरेक्टर बादाम सिंह चेयरमैन सुरेश वर्मा राजेश कुमार मनोज सिंह पंडित श्रवण कुमार मिश्रा राम नरेश वर्मा राजेश कुमार कृष्ण कुमार यादव पंडित महेंद्र वर्मा रामनिवास शुक्ला आदि किसान शामिल रहे।

# वोट बैंक की राजनीति कर रहे स्वामी प्रसाद मौर्य : कमल नयन शास्त्री

▸ भारत भूमि पर महायज्ञ का होना हमारी सनातन संस्कृति को दर्शाता है

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



सोमवार को गल्ला मंडी में चल रहे श्री विष्णु महायज्ञ में शामिल हुए राम जन्म भूमि एवं छोटी छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन शास्त्री ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने जो रामायण की चौपाई को लेकर अपनी बात कही है वह कुछ नहीं सिर्फ वोट बैंक की राजनीति को बढ़ावा देने के लिए बोली है बल्कि गोस्वामी तुलसीदास जी के प्रसंग पूरे विश्व विख्यात है।

उन्होंने यह भी कहा कि वह स्वयं अनपढ़ है और अनपढ़ों की राजनीति को आगे बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि जिस कालखंड में गोस्वामी तुलसीदास जी का जन्म हुआ उस दौरान धर्म परिवर्तन इस्लाम को बढ़ावा देने वाली समाज काम कर रहा था उस समय उस कालखंड में गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस जैसे ग्रंथ को लिखा विष्णु महायज्ञ गल्ला मंडी को लेकर उन्होंने कहा इस तरह के आयोजन से समाज और सभ्यता एक साथ आगे बढ़ते हैं और भारत माता और अखंड भारत भूमि पर महायज्ञ का होना हमारी सनातन संस्कृति को दर्शाता है। विगत 33 वर्षो से श्री विष्णु महायज्ञ गल्ला मंडी समिति के द्वारा कराया जा रहा था जाता था जिसमें महंत गोपाल दास जी महाराज की अध्यक्षता में यह होता था जो कि वर्तमान में राम जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष भी हैं। आज मेरी उपस्थिति उनके उत्तराधिकारी के रूप में यहां हुई है मैं सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया की भावना से जनकल्याण के लिए यहां उपस्थित हुआ हूं और सभी से निवेदन करता हूं कि हम सब भारतीय हैं भारतीय होकर भारत माता के लिए काम करेंगे एवं मैं सभी लोगों से निवेदन करता हूं कि समय-समय पर अयोध्या जरूर आयें। वर्ष 2024 तक भगवान श्री राम का भव्य मंदिर जिसमें रामलला विराजमान होंगे बनकर तैयार हो जाएगा जिसके लिए मैं धन्यवाद वर्तमान सरकारों को देता हूं।

### कई मामले में वांछित चल रहा अपराधी पुलिस के हत्थे चढ़ा



**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे आरोपी को कोतवाली पुलिस ने पकड़कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमखेड़ा निवासी चंद्रभान विभिन्न मामलों को लेकर न्यायालय द्वारा वांछित चल रहा था। सोमवार की सुबह कोतवाल कुलदीप तिवारी को सूचना मिली कि उक्त वांछित अपने गांव में है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस वांछित को पकड़कर कोतवाली ले आई। कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेजा गया।

# बैंक शाखाओं को नहीं दिव्यांगजनों की सुविधाओं की सुध



▸ नगर की कई बैंक शाखाओं में खाता खुलवाने से बंचित दिव्यांगजन

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

विकलांगों को अब दिव्यांग कहा जाने लगा है, लेकिन इस सम्मानजनक संबोधन से उनकी समस्याओं में कोई कमी नहीं आई है। नगर की स्टेट बैंक से लेकर अन्य बैंक व कार्यालयों व अधिकतर सार्वजनिक जगहों पर उनके लिए रैम्प जैसी सुविधाओं का आज भी अभाव बना हुआ है। ऐसा ही नजारा नगर की स्टेट बैंक के बाहर देखने को मिला। रैंप नहीं होने की वजह से बैंक के अंदर तक पहुंचना दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने के बराबर है।

ऐसा सिर्फएक ही बैंक में नही नगर की अन्य बैंकों का भी यही हाल है। ऐसी स्थिति में दिव्यांगजन उक्त बैंक शाखाओं में अपना खाता संचालन करने से बंचित रह जाते हैं। जबकि सरकार दिव्यांगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है। इस क्रम में दिव्यांगों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए रैंप, व्हील चेयर, लिफ्ट आदि लगाने के आदेश जारी किए हैं, लेकिन आदेशों को अमलीजामा नहीं पहनाया गया है। इसके चलते अभी भी उक्त बैंक दिव्यांगों की पहुंच से बाहर है। गणेश ने बताया कि वह जब भी स्टेट बैंक जाते है तो परेशान हो जाते है।

**एसबीआई शाखा में पहुंचने के लिये बनी ऊंची सीढ़ियां**

नगर के रेलवे स्टेशन के समीप स्थित स्टेट बैंक आफइंडिया की शाखा 70 के दशक खुली थी लेकिन बैंक में पहुचने के लिये ऊंची सीढ़ियों से होकर जाना पड़ता है अभी तक बैंक प्रबंधन ने दिव्यांग जनों के लिये न तो यहां पर रैम्प बनवाई और न ही व्हील चेयर की व्यवस्था की जिससे दिव्यांग जनों को बैंक में जाने के लिये सहारा तलाशना पड़ता है।

**इंडियन बैंक शाखा तो दूसरे खंड पर होती है संचालित**

नगर के टरननगंज चौराहे पर स्थित इंडियन बैंक शाखा तो दूसरे खंड पर है यहां पर दिव्यांग जनो का पहुचना नामुमकिन है यहां पर रैम्प व्हील चेयर तो है ही नही ऊपर से यह बैंक प्रथम तल पर डेढ दशक से संचालित हो रही है जब भी दिव्यांग जनों को इस बैंक में काम पडता है तो बैंक तक पहुचने में उनके पसीने छूट जाते है।

# सूने मकान की दीवार फांद घर में घुसे चोरों ने लाखों का माल किया पार

▸ आभूषण, नगदी गायब, गृहस्वामी ने पुलिस को दी घटना की तहरीर

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बघौरा में चोर गिरोह ने एक सूने मकान मे सेंधमारी कर दी। जहां पर मकान की दीवार फांद कर घर में घुसे चोर सोने चांदी के कीमती आभूषणों के अलावा नगदी समेट कर रफूचक्कर हो गए। घटना की तहरीर पुलिस गृहस्वामी ने कोतवाली पुलिस को दी है। शहर कोतवाली के मुहल्ला बघौरा निवासी शत्रुघ्न अपने मकान में ताला डालकर परिजनों सहित एक रिश्तेदार की शादी समारोह में शामिल होने बैरागढ़ अकोढ़ी गए थे। तभी चोरों ने सुना घर जानकर देर रात उसके घर में सेंध लगा दी, और पीछे की दीवार फांद कर घर में घुस गए। घर में घुसे चोरों ने बेखौफ होकर फुर्सत से सभी कमरों को खंगाला। इसके बाद चोरों ने कमरे मे रखी अलवारी का लाकर भी तोड़ दिया, और उसमें रखे करीब तीन लाख रुपये कीमत के कीमती आभूषण व 25 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। रविवार शाम को जब परिवार के लोग वापस आए तब उन्होंने कमरों में बिखरा पड़ा सामान और रुपये व जेवर गायब देखे तो भाई पसीने पसीने हो गए। इसके बाद उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। वहीं गृह स्वामी द्वारा घटना की तहरीर पुलिस को दी गई। मामले में प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार राठौर का कहना है कि जांच की जा रही है। जल्द चोरी की घटना का राजफाश करने की कोशिश की जाएगी।

# डीएम ने 5 शिकायतों का मौके पर ही किया निस्तारण

**उरई (जालौन), समृद्ध न्यूज।**



जिलाधिकारी चाँदनी सिंह की अध्यक्षता में तहसील कालपी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। आज संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 43 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा की गई शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें जिससे लोगों को राहत महसूस हो।

उन्होंने कहा कि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाले शिकायती प्रार्थना पत्रों की नियमित रूप से समीक्षा कर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रार्थना पत्रों का निस्तारण इस प्रकार से कराएं कि फरियादी भी की गई कार्यवाही से संतुष्ट हो जाएं और उन्हें दोबारा भाग- दौड़ न करनी पड़े। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जो समय सीमा समस्याओं के निस्तारण की दी गई है उसी के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण पर गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए क्योंकि शासन से शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता से वार्ता भी की जाती है जिस समस्या का निस्तारण कराया जाए उस निस्तारण के संबंध में संबंधित शिकायतकर्ता को भी अवगत कराएं। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आए हुए फरियादियों की शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण व गुण दोष के आधार पर निस्तारण कराया जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार, परियोजना निदेशक शिवाकांत द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी, सीओ, तहसीलदार सुशील कुमार आदि सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पत्रकार पर फर्जी मामले ने पकड़ा तूल, जांच की मांग

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

पत्रकारों को फर्जी केस में न फसाया जाए जिसके लिए सरकार ने कई बार अधिकारियों को चेताया है कि अगर फर्जी तरह से मामला साबित हुआ तो खैर नहीं। लेकिन उसके बावजूद भी अधिकारी चेतते हुए नजर नहीं आ रहे हैं।

इन दिनों पत्रकारों समाचार पत्र में प्रकाशन के बाद पत्रकारों पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक बिसवां अमित कपूर द्वारा उच्चाधिकारियों सहित थाना कोतवाली बिसवां में तहरीर देकर फर्जी मामले में फंसाने का मामला तूल पकड़ता हुआ नजर आ रहा है जिसमें पत्रकारों द्वारा अब इस पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी जा रही है जिसमें संवाददाता ने राष्ट्रीय सचिव श्रमजीवी पत्रकार एसोसिएशन आशीष शुक्ला घायल से इस विषय पर बातचीत की तो उन्होंने कहा कि कलमकारों का जीवन का संघर्षों से भरा हुआ है और इसमें कहीं ना कहीं किसी न किसी की कार्यशैली को प्रकाशित किया जाता है ऐसा नहीं है कि पत्रकार गलत होता है क्योंकि जब कहीं कुछ होता है तो पत्रकार लिखता है और उसका असर अधिकारियों पर पड़ता है जिससे वह अपना आपा खो बैठते हैं और इस तरीके से फर्जी मामलों में पत्रकारों को फसाने की कोशिश में लग जाते हैं। जिस तरीके से मामला प्रकाश में आया है वह संदेह के घेरे में है और पूर्णतया फर्जी है इस पर मामले की तह तक जाना चाहिए और जांच होनी चाहिए,मामले की जांच होगी तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। जिस तरीके से मामला फर्जी होने की जानकारी मिल रही है उससे पत्रकारों का उत्पीड़न सहन नहीं किया जाएगा। इसकी लड़ाई राष्ट्रीय स्तर तक लड़ी जाएगी।

# सहारा निवेशकों का धरना अब भी जारी

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

सहारा निवेशकों के धरने का आज 45 दिन पूरे हो चुके हैं! इस अवसर पर सिख समाज के जिलाध्यक्ष गुरु पाल सिंह ने कहा, यह कैसी विडंबना है।यह कैसा न्याय है।यह कैसी लोकतांत्रिक प्रणाली है।आज सहारा निवेशक अपना पैसा मांग रहे हैं तो सहारा कंपनी झूठ का सहारा ले रही है सहारा क्यू शॉप निवेशकों में कोई विवाद नहीं है सहारा कंपनियों में भुगतान करने पर कोई भी रोक नहीं लगी है। यह झूठा भ्रम फैलाकर समाज को दिग्भ्रमित किया जा रहा हैं।शिव प्रकाश सिंह ने कहा देश आगे बढ़ रहा है निजीकरण का काफी महत्व माना जा रहा है! निवेश करने वाले लोगों के साथ में सरकार न्याय नहीं करा पा रही हैं,या तो वह चाहती नहीं है? या इन कंपनियों के आगे इस तरह विवश हैं? कि धोखाधड़ी की रिपोर्ट भी नहीं लिखी जाती। ठगी प्रथा चालू है लगातार लोग ठगे जा रहे हैं f.i.r. के लिए भी दौड़ दौड़ कर थक जाते हैं तब भी f.i.r. नहीं लिखी जा रही है। और कंपनी भुगतान देने के लिए विवश हो जाए।धरना स्थल पर महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष शोभा लोधी, प्रवीण पाल, सचेन्द्र मिश्रा, नैपाल सिंह, उदय राज सिंह, प्रेम लता शुक्ल,राधा, शिल्पी विश्वकर्मा, कौशल कुमार गुप्ता, राज कुमार श्रीवास्तव, सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे!

# शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जनता की शिकायतों एवं समस्याओं का पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील महमूदाबाद में मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने आये हुये शिकायतकर्ताओं को एक-एक करके सुना एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ शिकायतें संबंधित अधिकारियों को अन्तरित की गयी। तहसील महमूदाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 73 शिकायतों में से 07 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सिधौली में प्राप्त 24 प्रार्थना पत्रों में से 02, तहसील सदर में प्राप्त 09 प्रार्थना पत्रों में से 01, तहसील लहरपुर में प्राप्त 32 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 14 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील महोली में प्राप्त 21 प्रार्थना पत्रों में से 01, तहसील बिसवां में प्राप्त 28 प्रार्थना-पत्रों में से 01 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये। समपूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी महमूदाबाद मिथलेश कुमार त्रिपाठी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी विकास सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कालेजों में तैनात हुई मनदूत व मनपरी जो मानसिक रोगियों की करेंगे काउंसिलिंग

## मानसिक रोगी जिला अस्पताल की ओपीडी में दिखाएं

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की कार्यकारी नोडल अधिकारी एवं मनोचिकित्सक डा0 आरती यादव ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को नींद न आना, या अत्यधिक नींद आना या बीच-बीच में नींद का टूटना, तनाव, उलझन, घबराहट, बेचैनी, चिड़चिड़ापन एवं किसी चीज के बारे में जरूरत से ज्यादा चिंतित रहना। जीवन के प्रति निराश रहना एवं आत्महत्या के विचार आना, आत्म विश्वास की कमी महसूस करना तथा ध्यान न लगना, बेवजह शक-संदेह करना, अपने आप में बुदबुदाना-बड़बड़ाना, एवं इषारे कर अपने आप में बाते करना। भूत-प्रेत, देवी देवता, जिन्न आदि की छाया का भ्रम होना। बच्चों का पढ़ाई लिखाई में ध्यान न लगना, बौद्धिक क्षमता में कमी होना तथा जरूरत से ज्यादा शरारत एवं एकाग्रता में कमी होना। उम्र के साथ याददाशत की कमी होना तथा व्यक्तिगत एवं सामाजिक क्रियाकलापों में ध्यान देने में असमर्थ होना। मिर्गी, बेहोशी या अन्य किसी प्रकार के दौरे आना। नषीले पदार्थों का सेवन तथा उससे उत्पन्न मानसिक एवं व्यावहारिक समस्यायें जैसे- मारपीट, गुस्सा, चिड़चिड़ापन, काम पर ध्यान न देना, पुरूषार्थ में कमी होना इत्यादि की कोई समस्या है तो ऐसे लोग जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की ओ0पी0डी0 में सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को सम्पर्क कर सकते हैं। मरीजों का उपचार एवं दवायें निषुल्क प्रदान की जा रहीं हैं।

डा0 आरती यादव ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा चयनित 24 इण्टर कालेजों में मनदूत एवं मनपरी का चयन किया गया है तथा अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को प्रषिक्षित किया गया है जो मानसिक समस्या से ग्रसित छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की ओ0पी0डी0 से सम्पर्क कराने का कार्य करेंगे। सम्प्रेषण ग्रह, जिला कारागार, वृद्धा आश्रम षिविर शेड्यूल के अनुसार एवं दिव्यागों हेतु प्रमाणपत्र षिविर प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को आयोजित किये जा रहें हैं।

नोडल अधिकारी एन0सी0डी0 डा0 विनोद कुमार ने बताया कि जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत माह में एक बार चयनित आठ सामु0स्वा0केद्रों- प्रथम मंगलवार-सतरिख, द्वितीय मंगलवार-देवा, तृतीय मंगलवार-रा0स0घाट, चतुर्थ मंगलवार-सिरौलीगौसपुर एवं प्रथम वृहस्पतिवार-फतेहपुर, द्वितीय वृहस्पतिवार बड़ागाव, तृतीय वृहस्पतिवार हैदरगढ़ एवं चतुर्थ वृहस्पतिवार रामनगर पर मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की ओ0पी0डी0 का संचालन किया जा रहा है तथा एक विषाल मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं उपचार षिविर का आयोजन उपरोक्त सामु0स्वा0केन्द्रों पर किया जा रहा है। दिनांक 21.02.2023 को सामु0 स्वा0 केद्र राम सनेही घाट, 23.02.2023 को सामु0स्वा0 केन्द्र रामनगर, 28.02.2023 सामु0स्वा0 केन्द्र सिरौलीगौसपुर, 02.03.2023 एवं 30.03.2023 सामु0स्वा0 केन्द्र बड़ागांव में विष्व बाइपोलर दिवस के अवसर पर विषाल मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता, उपचार षिविर का आयोजन किया जाना है।

मनचेतना दिवस का आयोजन प्रत्येक वृहस्पतिवार को सामु0स्वा0 केन्द्र फतेहपुर, हैदरगढ़, रामनगर एवं सिरौलीगौसपुर पर किया जा रहा है। जिला अस्पताल पुरूष की ओ0पी0डी0 में जिला काउन्सलिंग सेन्टर (मनकक्ष) की स्थापना की जा चुकी है तथा मनकक्ष हेल्पलाइन नं 9455033379 जारी किया जा चुका है, जिसमें कोई भी व्यक्ति मानसिक विभाग से जुड़ी समस्याओं के बारे में प्रातः 8:00 बजे से 2:00 तक जानकारी प्राप्त कर सकता है। जिला काउन्सलिंग सेन्टर (मनकक्ष) में प्रतिदिन जनपद में कार्यरत विभिन्न कार्यक्रमों के तीन काउन्सलर अपनी सेवाऐं मुख्य चिकित्साधिकारी के आदेषानुसार प्रदान कर रहे हैं। नोडल अधिकारी ने बताया कि दवा से दुआ शिविर, अरबन स्लम शिविर एवं स्ट्रेस मैनेजमेंट शिविर का आयोजन मार्च माह में किया जाएगा एवं शेड्यूल की जानकारी बाद में दी जाएगी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में भारत सरकार की कोर समिति के निर्देशानुसार पी0एम0एस0 संवर्ग के चिकित्सकों को मनोरोग विधा में एक माह का प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है।

## एएसपी ने कोतवाली का किया निरीक्षण

**कोटवाधाम, बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्रा ने कोतवाली बदोसरांय का निरीक्षण किया। निरीक्षण में ए एस पी ने बैरक माल खाना शस्त्र रुम बंदी गृह एंव थाना परिसर का निरीक्षण कर थानाध्यक्ष अमर चौरासिया को आवाश्यक दिशा निर्देश दिए। सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के पश्चात थाना कोतवाली बदोसरांय मे बंदी गृह बैरक माल खाना शस्त्र रुम थाना परिसर आदि निरीक्षण किया।इस मौके पर उपनिरीक्षक सईद अख्तर उस्मानी राजेश कुमार भारती सरफराज सहित थाने का स्टाफ मौजूद रहा।

## रिक्त ग्राम पंचायत सदस्यों की सीट पर हुए एकल नामांकन

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** ब्लाक सिरौलीगौसपुर की दरिगापुर रमसहांय शेषपुर टुटरु की रिक्त ग्राम पंचायत सदस्यों पदों पर एक एक नामांकन पत्र दाखिल हुए।सोमवार को ब्लाक सभागार में आरओ अनिल राव एआरओ यशवीर सिंह ने नामंकन पत्र दाखिल करवाया। दरिगापुर से अब्दुल रहमान रमसहांय प्रीति कुमार शेषपुर टुटरु उमेश कुमार ने ग्राम पंचायत सदस्य पद हेतु नामांकन पत्र दाखिल किया है। तीनों पंचायतों में एक एक ही पर्चा दाखिल होने से निर्विरोध निर्वाचित होना तंय है। नामांकन में इमामुद्दीन सुन्दर लाल आदि सहयोग मे रहे।

## विकास कार्यो के निरीक्षण के लिए सीडीओ ने दिए निर्देश, किया निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** मुख्य विकास अधिकारी ने गांवों में किये जा रहे विकास कार्यो कानिरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।सोमवार को तहसील मुख्य विकास अधिकारी एकता सिंह ने खण्ड विकास अधिकारी चन्द्रभूषण तिवारी के साथ ग्राम पंचायत डूंडी के अंटिया तालाब के साथ ही ग्राम पंचायत विरौली में गौशाला की खांई निर्माण और तालाब खुदाई तथा महमूदाबाद में महात्मा गांधी अमृत सरोवर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी कार्यो को समय से पूरा करने के साथ ही गुणवत्ता पूर्ण कार्य करवाने के निर्देश दिए हैं।इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी संजय कुमार ग्राम प्रधान सुनील कुमार रावत रामसिंह वर्मा अनिल कुमार वर्मा प्रधान प्रतिनिधि व सभी ग्राम पंचायत अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# एहतराम के साथ निकाला गया रजब का जुलूस

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



रसूले खुदा स. के नवासे हजरत इमाम हुसैन अ. के मदीना से कर्बला सफर करने की याद मे उठने वाला जैदपुर कस्बे का एतिहासिक 28 रजब का जुलूस आज पूरी अकीदत और एहतराम के साथ निकाला गया।जिसमे अजादार काले कपड़े धारण कर या हुसैन या हुसैन की सदाएं लगाते हुए चल रहे थे।जुलूस मे अलम मुबारक, अमारी,जुलजनाह,झुला अली असगर,कजावा साथ साथ ही घुड़सवार मंजरकशी करते हुए साथ साथ चल रहे थे।अंजुमन दस्त ए हैदरी के दस्ते द्वारा जुलूस मे नौहाख्वानी और सीनाजनी के साथ ही जंजीर का मातम कर नजराने अकीदत पेश की गयी। वही जुलूस से पूर्व पचदरी मस्जिद मे मजलिस का आयोजन किया गया।मजलिस को मौलाना उरूजुल हसन मीसम ने खिताब किया।आपको बताते चले कि जनपद के ज़ैदपुर कस्बे से निकलने वाला 28 रजब का सफरे इमामे हुसैन का कदीमी जुलूस अपने रिवायती अंदाज से पचदरी की मस्जिद से बरामद हुआ और बांध चौराहा,गढ़ी जदीद, छोटी बाज़ार, बड़ी बाजार होता हुआ शबीहे कर्बला जैदपुर में पहुंच कर समाप्त हुआ।जुलूस मे अंजुमने दस्त ए हैदरी ज़ैदपुर के नौहाख्वान और मातमदार नौहा पढ़ते हुए जुलूस के साथ चल रहे थे।जुलूस मे अंजुमन आब्दिया काज़्मिया लखनऊ,अंजुमन अब्बासिया बाराबंकी ने भी नौहाख्वानी कर मातम किया।जुलूस मे ऊंट पर अमारी, झूला,जुलजनाह और अलम मुबारक की जियारत कराई गयी।जो मस्जिद से निकल कर कर्बला तक जुलूस के साथ चलते रहे।जुलूस मे भारी संख्या मे ज़ैदपुर और आस पास के अज़ादारो ने शिरकत की।पचदरी मस्जिद मे जुलूस की पहली मजलिस को मौलाना उरूजुल हसन मीसम ने खिताब फ़रमाया और अहलेबैत के फज़ाएल और मदीने से इमाम हुसैन के कर्बला जाने के सफर को बयान? किया।जुलूस मे पचदरी मस्जिद, कर्बला समेत हीरो मोटरसाइकिल शोरूम पर समाजसेवी मोहम्मद सालिम सहित अन्य जगह पर अज़ादारो के लिए चाय और शर्बत,बिस्कुट आदि की सबील?

# फाइनल में ट्रैफिक ने लोको को हराया

**चोपन, समृद्धि न्यूज़**



चल रहे रलवे अन्तर विभागीय टूर्नामेंट प्रतियोगिता में रविवार को फाइनल मैच का मुकाबला करने उतरी ट्रैफिक व लोको की टीम जिसमें ट्रैफिक की ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 15ओवरों में 101 रनों के लक्ष्य दिया। वही जवाब में लोकों की शुरुआत अच्छी नही रही 4 ओवरों में 23रन पर विकेट के झटके लगने लगे जिससे 15ओवरों में लोको की टीम 84/9रन ही बना सके जिसके बाद ट्रैफिक टीम ने सीरिज पर कब्जा कर लिया। वही मैन ऑफ द मैच रवि को जिन्होंने 30रन बनाकर 3विकेट हासिल किया।वही हर मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले आलोक राज को मैन ऑफ द सीरीज दिया गया।

वही कार्यक्रम की शुरुआत रेलवे डी टी एम व ए टी एम ने खिलाड़ियों से परिचय करके किया। इस मौके पर रेलवे डी टी एम,ए टी एम, ए ई एन ,सहित आसपास के जनप्रतिनिधि लोग मौजूद रहे।

## अमावस्या पर बंटवाया गया हलुवा, पूड़ी

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** श्री नारायणी नमो नमो संस्था हैदरगढ के तत्वावधान मे अमावस्या के दिन पूड़ी सब्जी व हलुआ का प्रसाद वितरण संजीव गोयल के प्रतिष्ठान पर हुआ। इस अवसर पर राजकुमार झुनझुनवाला, राजेंद्र झुनझुनवाला, नितिन अग्रवाल,रविंद्र झुनझुनवाला, माधव अग्रवाल,शिव कुमार चतुर्वेदी,अंशुमान झुनझुनवाला,राजेश अग्रवाल, शिव बहादुर सिंह,अमिता अग्रवाल, संजीव गोयल, शैलेंद्र सिंघल,शिवओम अग्रवाल, रामकुमार मिश्रा, शिव अग्रवाल,सियाराम अग्रवाल,रमेश अग्रवाल,राम प्रकाश वैश्य,अंकित अग्रवाल, श्याम अग्रवाल,पंकज पोद्दार,राम मिश्रा एवं अन्य दादी भक्त उपस्थित थे।

## 17 जन शिकायतें प्रार्थना पत्र आए दो मामले का निस्तारण मौके पर

**दुद्धी सोनभद्र।** स्थानीय तहसील सभागार में आज आयोजित तहसील समाधान दिवस पर विभिन्न समस्याओं से युक्त 17 जन शिकायतें प्रार्थना पत्र आए जिसमें दो मामले का निस्तारण मौके पर किया गया। तहसील दिवस की अध्यक्षता आज सोमवार को उप जिला अधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने किया। उप जिलाधिकारी ने अवशेष सभी शिकायतें प्रार्थना पत्रों को 1 सप्ताह के भीतर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया है।जन शिकायत ही प्रार्थना पत्र के निस्तारण में किसी प्रकार की अगर कोई लापरवाही बरती गई तो संबंधित अधिकारियों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित कर दी जाएगी। इस मौके पर तहसीलदार बृजेश कुमार वर्मा खंड विकास अधिकारी दुद्धी के अलावा तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। उधर जिला अधिकारी के कई तहसील दिवसों पर ना आने से फरियादियों में काफी निराशा देखने को मिल रहा है।

# अयोध्या को भी मिली एआईसीसी की सूची में तरजीह







**अयोध्या।**

सोमवार को कांग्रेस पार्टी की अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्यों की सूची जारी की गई।इस सूची में पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रशासनिक महासचिव व दिनेश सिंह तथा जयकरण वर्मा को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का सदस्य निर्वाचित हुए हैं।

उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया की उपरोक्त सदस्यों के अलावा दयानंद शुक्ला को एआईसीसी नामित किया गया। अयोध्या कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव, महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, उग्रसेन मिश्रा, सेवादल महानगर अध्यक्ष बसंत मिश्रा, उमेश उपाध्याय, सुरेंद्र सिंह सैनिक प्रवीण श्रीवास्तव व डॉ विनोद गुप्ता आदि ने सभी के निर्वाचन पर हर्ष व्यक्त किया है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 39 में से दो शिकायतें हुई निस्तारित

**कोटवाधाम बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

सम्पूर्ण समाधान दिवस पारिजात सभागार सिरौलीगौसपुर में मुख्य विकास अधिकारी एकता सिंह की अध्यक्षता एंव एसडीएम प्रिया सिंह के संयोजन में हुआ।जिसमे कुल 39 प्रार्थना पत्र आये 2 राजस्व से सम्बंधित शिकायतों का मौके पर निस्तारण भी किया गया है।सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी एकता सिंह ने सम्पूर्ण समाधान दिवस मे फरियादियों की समस्याओं को मनोयोग पूर्वक सुनकर सम्बंधित पटलों के अधिकारियों एंव कर्मचारियों को शिकायतों का गुणवत्ता युक्त निस्तारण एक सप्ताह के अन्दर करके निस्तारण की स्पष्ट आख्या मांगी ताकि फरियादियों को बार बार चक्कर न काटना पड़े।दिवस मे अपर पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्रा, तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय,पुलिस बीडीओ चन्द्रभूषण तिवारी सहायक विकास अधिकारी संजय कुमार बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्चना वर्मा थानाध्यक्ष बदोसरांय अमर चौरसिया के के वर्मा जे ई आर ई एस सहित समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# सभी के लिए सामाजिक न्याय बराबर होना चाहिए : पवन

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**



भारतीय विधिक सहायता एसोसिएशन के तत्वाधान में आज राबटसगंज तहसील परिसर में विश्व सामाजिक न्याय दिवस मनाया गया! इस अवसर पर एसोसिएशन के राष्ट्रीय संयोजक एडवोकेट पवन कुमार सिंह ने कहा कि आप किसी भी जाति, धर्म, लिंग, गरीब हो या अमिर हो न्याय सभी के लिए एक बराबर होना चाहिए, ये एक अधिकार है जो अपने प्रति सभी को एक भी नजर से देखता है। सामाजिक न्याय के प्रति दुनिया के सभी लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिवर्ष सामाजिक न्याय दिवस मनाया जाता है। ये दिवस सबसे पहले वर्ष 2009 में मनाया गया था और तब से आज तक लागातार मनाया जाता है। उस हिसाब से देखा जाए तो 2023 में 15 वां विश्व सामाजिक न्याय दिवस मनाया जा रहा है। जिसे प्रतिवर्ष के नई थीम यानी विषय के साथ मनाया जाता है। इस साल इस दिवस को मनाने के लिए ÷सामाजिक न्याय के लिए बाधाओं पर काबू पाना और अवसरों को उजागर करना थीम को तय किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप जायसवाल ने कहा कि विश्व सामाजिक न्याय दिवस को मनाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य किसी भी प्रकार के भेदभाव को खत्म करके अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सभी को साथ लाकर एक एकिकृत समाज का निर्माण करना है। इस दिवस के माध्मय से स्कूलों, कॉलेजों के साथ-साथ कार्यालयों और अन्य स्थानों के लोगों सामाजिक न्याय को लेकर जागरूकता पैदा करना है, जिसके लिए कई प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता हैं!

# 105 बीघे के सूखे तालाब की जलयोद्धाओं ने श्रमदान कर शुरू किया खुदाई

**अमेठी/बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



अमेठी जल विरादरी के संयोजन में अमेठी के आरआर पीजी कालेज में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय जल विमर्श- जल चुनौतियां, कारण और निवारण विषयक सेमिनार में दूसरे दिन सुबह-सुबह अमेठी जिले का प्रसिद्ध 105 बीघे के समदा तालाब का श्रमदान से खुदाई कराने के कार्य का धरती पूजन के साथ शुभारंभ किया गया। श्रमदान कार्य का शुभारंभ जल पुरुष के नाम से विश्व प्रसिद्ध व्यक्तित्व बाढ़-सुखाड़ विश्व जल-जन आयोग के अध्यक्ष मैग्सेसे पुरस्कार विजेता जल बिरादरी के प्रमुख श्री राजेन्द्र सिंह, डॉ0 अर्जुन पांडेय, नेहरू युवा केन्द्र अमेठी की उपनिदेशक श्रीमती आराधना राज के साथ प्रदेश के अन्य जिलों से आये जलयोद्धा स्वयं सेवियों के द्वारा किया गया। इस मौके पर नेहरु युवा केन्द्र के स्वयं सेवी और स्थानीय पंचायत के श्रमदानियों ने भी श्रमदान किया। इस मौके पर जल राजेन्द्र सिंह ने कहा कि तालाबो का निर्माण व खुदाई करते समय यह ध्यान रखा जाए कि तालाब में पानी आने का रास्ता अवश्य होना चाहिए। डॉ अर्जुन पांडेय ने कहा कि अमेठी जल बिरादरी के संयोजक डॉ अर्जुन पाण्डे ने कहा कि जल है तो कल है, घटता जल देश का बड़ा संकट है, हमारा प्रयास है कि इस संकट से निबटने के लिए भूगर्भ जल बढ़ाने के उपायों को ईमानदारी से किया जाए। वही ब्लॉक अमेठी के ग्राम रामदय पुर गांव को पानीदार गांव बनाने किये जल पुरूष राजेन्द्र सिंह ने एक विशाल तालाब की खुदाई का श्रमदान कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान श्रीमती आरती शुक्ल, डीसी मनरेगा अशोक कुमार सिंह पूर्व प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य घनश्याम चौरसिया डिप्टी कमिश्नर मिथलेश शुक्ला, डॉ अर्जुन पांडेय व बाराबंकी जल बिरादरी के संयोजक रत्नेश कुमार ने श्रमदान किया। इस मौके पर अरुण तिवारी, गोपाल भगत, जल योद्धा आर्य शेखर, मनीष तिवारी सहित तमाम लोगों ने तालाब की खुदाई में प्रतीकात्मक श्रमदान किया।

# धूमधाम से मनाया गया नवगजी मजार का तीन दिवसीय सालाना उर्स

## आपसी सौहार्द एवं हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल बना नवगजी मज़ार का सालाना उर्स



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**

रामनगरी की अयोध्या कोतवाली के पीछे स्थित हज़रत नूह अलैहस्सलाम नवगजी मज़ार जहां का उर्स-ए-मुक़दस मनाया गया।इस उर्स में सैकड़ो की तादाद में हिंदू-मुस्लिम लोग हर साल शामिल होते है।हजरत नूह अलैहस्सलाम नवगजी मजार का तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत गत 18 फरवरी से कुल शरीफ और कुरआन खानी कार्यक्रम के साथ हुई जिसमें सैकड़ो लोंगो ने शिरकत ने की। उर्स के दूसरे दिन 19 फरवरी को तक़रीर और नात-ए-मुशायरा का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें हिंदुस्तान के मशहूर मौलाना तशरीफ लाए नात-ए-मुशायरा के प्रोग्राम से कायर्क्रम में चार चांद लग गया। इसी क्रम में 20 फरवरी को उर्स के अंतिम दिन कव्वाली के कार्यक्रम में गागर और चादर का कार्यक्रम हुआ।चादर नवगजी मज़ार से निकल कर प्रमोदवन श्रृंगार हाट,राजसदन और हनुमान गढ़ी होते हुए अयोध्या कोतवाली के पीछे नवगजी मज़ार पहुँची जिसमे सैकड़ो महिलाएं एवं पुरुष शामिल हुए। कार्यक्रम में हाजी सईद अहमद, हाजी खालिददीन, हाजी सलीम(भोला), मोहम्मद कलीम सिद्दीकी, वसीम सिद्दीकी मोहम्मद इम्तियाज, नफीस अहमद खान, मोहम्मद रजा, सुल्तान अन्सारी, सैफ खान सोहेब खान, महताब अहमद, शिब्बू, इमरान अंसारी, आजम कादरी सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बदनपुर वि0ख0 राजेपुर, फर्रु0

पत्रांकः-मीमो/ग्रा0पं0/मनरेगा योजनान्तर्गत/टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2022-23 दिनांक 18/02/2023

**निर्माण साम्रग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में ग्राम पंचायत बदनपुर की स्वीकृत कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 19/02/2023 से दिनांक 23/02/2023 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 23/02/2023 सायं 4 बजे निर्माण समिति द्वारा निविदा खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में ) | जमानत धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य (रु0) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | संविलियन विद्यालय बदनपुर में उत्तर दक्षिण में पाथवे निर्माण कार्य | // // | 2,60844 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2 | मनरेगा | प्राथमिक विद्यालय डाडीपुर में पाथवे निर्माण कार्य | // // | 1,83198 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

(रामवीर) ग्राम प्रधान-बदनपुर, राजेपुर

(राजीव सुमन) सचिव-बदनपुर, राजेपुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत नैगवां वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2022-2023 दिनांक 20/02/2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नैगवां द्वारा कराये जाने वाले निर्माण सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में दिनांक 21/02/2023 से 27/02/2023 तक अपरान्ह 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 27/02/2023 को अपरान्ह 3 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत प्राकलन के अनुसार (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | अशोक के घर से रामशरन के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 304000 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

(दुर्विजय सिंह) प्रधान

(अभय प्रताप सिंह) सचिव

**ग्राम पंचायत नैगवां विकास खण्ड शमशाबाद, फर्रुखाबाद।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत फरीदपुर सैदवाड़ा वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2022-2023 दिनांक 20/02/2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत फरीदपुर सैदवाड़ा द्वारा कराये जाने वाले निर्माण सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में दिनांक 21/02/2023 से 27/02/2023 तक अपरान्ह 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 27/02/2023 को अपरान्ह 3 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत प्राकलन के अनुसार (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में मिट्टी व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 388000 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | पंचायत भवन प्रांगण में इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 397000 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

(सुनीता देवी) प्रधान

(राजेश यादव) सचिव

**ग्राम पंचायत फरीदपुर सैदवाड़ा विकास खण्ड शमशाबाद, फर्रुखाबाद।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत गढ़िया हैवतपुर वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2022-2023 दिनांक 20/02/2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गढ़िया हैवतपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में दिनांक 21/02/2023 से 27/02/2023 तक अपरान्ह 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 27/02/2023 को अपरान्ह 3 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत प्राकलन के अनुसार (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | पहलवान के घर से देवी स्थान सड़क तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 396000 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | रामप्रकाश की जगह से रामवीर के तक मिट्टी व इंटरलाकिंग कार्य | 396000 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | गढ़िया हैवतपुर में जूनियर स्कूल की पूर्व से पश्चिम तरफ वाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य | 391000 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | गढ़िया हैवतपुर में जूनियर स्कूल की उत्तर से दक्षिण तरफ वाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य | 399000 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 5- | पहलवान के घर से रामप्रकाश की जगह तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 399000 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

(जगरुप) प्रधान

(मो0 जीशान) सचिव

**ग्राम पंचायत गढ़िया हैवतपुर विकास खण्ड शमशाबाद, फर्रुखाबाद।**


# प्रकृति प्रेम ही भगवान की भक्ति, पंचमहाभूत ही है भगवान : राजेन्द्र सिंह

**अमेठी/बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

● प्रदूषित जल को सीधे भूगर्भ में नही भेजना चाहिएः महेंद्र मोदी, राष्ट्रीय जल विमर्श की दो दिवसीय सेमिनार का हुआ समापन, जलयोद्धाओं का हुआ सम्मान



अमेठी जल विरादरी के संयोजन में अमेठी के आरआर पीजी कालेज में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय जल विमर्श- जल चुनौतियां, कारण और निवारण विषयक सेमिनार में दूसरे दिन अंतिम सत्र में मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व डीजीपी महेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार के निर्देश, शासनादेश जब निर्गत होते हैं तो उनमें सैद्धांतिक पक्ष होता है, व्यवहारिकता का अभाव पाया जाता जिससे उसका परिणाम अच्छे नही निकलते। एक शासनादेश का उल्लेख करते हुए कहा कि हैंडपंप नदियो तालाबो के किनारे लगाए जाएं का शासनादेश निर्गत हो गया, यह तर्क दिया गया कि जब पानी का स्टेटस काफी नीचे चला गया है तो वहां नलकूप लगवाएं जाएं जहाँ पानी ऊपर हो। इस शासनादेश में यह नही देखा गया कि जब वाटर रिचार्ज नही होगा तो नदिया भी सुख जाएंगी। श्री मोदी ने कहा कि उजाला था जश्ने चिरागा से पहले, अंधेरा किया इन चिरागा ने जलकर। प्रदूषित जल को सीधे भूगर्भ में भेजना नही चाहिए, रिचार्ज नही करना चाहिए। सिर्फ छतों के पानी से भी रिचार्ज पूरा नही होगा। एक एक बूंद को कैच द रेन करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए सभी स्तर के शिक्षकों, धर्म गुरुओं को जल संरक्षण की सही तकनीकी का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। मैग्सेसे पुरस्कार विजेता जल बिरादरी के प्रमुख श्री राजेन्द्र सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि जो इंसान अपनी पानी, अपनी मिट्टी, अपने हवा से दूर होता जाएगा, वह इंसान भगवान से दूर होता जाएगा। यह भगवान पंचमहाभूतों का है, कोई पत्थर की मूर्ति में नही है। उन्होंने कहा कि विद्या नदियों को जीवन देती है, शिक्षा बांध बनाकर नदियों की हत्या करती है। कार्यक्रम में जलयोद्धा और नेहरु युवा केन्द्र के स्वयंसेवको का सम्मान जल पुरूष राजेन्द्र सिंह द्वारा किया गया और सभी को अमेठी जनपद को पानीदार बनाने का संकल्प दिलाया। आयोजक डॉ0 अर्जुन पांडेय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि जब तक अमेठी की मालती और उज्जयिनी नदियों को अपना नाम नही मिलेगा, तब तक उनका पुनर्जीवन नही होगा। मंच का संचालन पानी पत्रकार अरुण तिवारी ने किया। नेहरू युवा केन्द्र अमेठी की उपनिदेशक श्रीमती आराधना राज ने युवाओं का आह्वान किया कि वे जल संरक्षण में लग जाएं। आरआर पीजी कालेज के प्राचार्य डॉ पीके श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सदर तहसील में आए हुए फरियादियों की समस्याओं का किया गया निराकरण

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़**



सदर तहसील सभागार में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर नेहा बंधु की अध्यक्षता में आए हुए फरियादियों की समस्याओं का निराकरण किया गया। शासन के निर्देशानुसार महीने के पहले व तीसरे शनिवार को संपूर्ण समाधान तहसील दिवस आयोजित कर एक छत के नीचे जनपद स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में आए हुए फरियादियों की समस्याओं का निराकरण किया जाए अगर शनिवार के दिन छुट्टी पड़ जाती है तो अगले वर्किंग डे के दिन तहसील दिवस आयोजित कर फरियादियों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा जिसके अनुपालन में आज तहसील सदर सभागार में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर नेहा बंधु के अध्यक्षता में आए हुए फरियादियों की समस्याओं को बारी-बारी से सुना गया संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता युक्त बिना किसी भेदभाव के निराकरण करने का निर्देश दिया गया एसडीएम ने कहा कि किसी भी फरियादी को बेवजह अपने कार्यालय या तहसीलों का चक्कर ना लगाएं फरियादी को न्याय संगत न्याय देने का कार्य करें जिससे फरियादी को बार बार तहसीलों का चक्कर ना लगाना पड़े जिन समस्याओं का आज निस्तारण नहीं हो पाया है अगले संपूर्ण समाधान दिवस से पूर्व आज आए हुए फरियादियों की समस्याओं का निराकरण हो जाना चाहिए।

# गुणवत्तायुक्त किया जाए जन समस्याओं का निस्तारणः डीएम

- नरैनी तहसील में आयोजित किया गया संपूर्ण समाधान दिवस



**बांदा। समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी** दीपा रंजन की अध्यक्षता में तहसील नरैनी सभागार में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्धता के साथ किया जाए, इसमें किसी भी प्रकार शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने गत समाधान दिवस में प्राप्त मामलों के निस्तारण की गुणवत्ता को चेक किया। लम्बित मामलों को शीघ्र निस्तारित किये जाने के निर्देश एसडीएम नरैनी को दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील नरैनी में कुल 35 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिनमें से मौके पर 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष आवेदन पत्रों को सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को इस निर्देश के साथ दिये गये कि सम्बन्धित आवेदन पत्रों का शीघ्रता से गुणवत्तायुक्त निस्तारण कराया जाए। समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विकास, आपूर्ति, विद्युत विभाग, नगर पंचायत आदि विभागों से सम्बन्धित आवेदन पत्र प्राप्त हुए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रतिदिन कार्यालय में बैठकर जनता की समस्यायें सुनकर उनका गुणवत्तायुक्त निस्तारण करें। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि भूमि पैमाइश एवं भूमि से संबंधित विवादित मामलों में राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने उपस्थित थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि जनता से संबंधित समस्याओं को तत्काल निराकरण किया जाए। जहां पर भी राजस्व से सम्बन्धित आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उनका भी मौके पर पहुंचकर निस्तारण किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील नरैनी में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, उप जिलाधिकारी नरैनी रजत वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनिल श्रीवास्तव, तहसीलदार नरैनी सहित सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# तहसील समाधान दिवस में आईं 15 शिकायतें

**इटावा। समृद्धि न्यूज**




**तहसील** दिवस का कार्यक्रम तहसील सभागार में यूं तो शनिवार को पूर्व निर्धारित था लेकिन महाशिवरात्रि का अवकाश होने के कारण यह कार्यक्रम आज सोमवार को किया गया। कार्यक्रम जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर 15 प्रार्थना पत्र पोर्टल पर दर्ज हुए जिसमें निस्तारण मात्र 1 का मौके पर ही किया गया।

जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में तहसील दिवस संपन्न हुआ जिसमें कुल 15 शिकायतें दर्ज की गई जिसमें मात्र एक शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। सबसे अधिक शिकायतें अवैध कब्जे की रहीं। नेहा दुबे पत्नी आशुतोष दुबे नौगांवा ने राशन कार्ड बनवाने हेतु आवेदन दिया, देवेंद्र प्रताप पुत्र राजेश चकरनगर ने पीडब्ल्यूडी की सड़क पर अवैध कब्जा हटाए जाने से संबंधित प्रार्थना पत्र दिया, बिट्टी देवी पत्नी राम महेश ईकरी मने पट्टे की भूमि पर अवैध कब्जा हटाए जाने से संबंधित प्रार्थना पत्र दिया, रामवीर पुत्र रामसनेही टिटावली ने सरकारी हैंडपंप में अवैध समर डालकर कब्जा किए जाने से संबंधित विरोध पत्र दिया, अमृतलाल पुत्र गनेश नगला जोर ने खेत पर अवैध कब्जा हटवाए जाने से संबंधित आवेदन दिया, कपूरी देवी पत्नी राजू निवासी रानीपुरा ने अपने प्लाट पर विपक्षी द्वारा अवैध कब्जा किए जाने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया, पीठासीन अधिकारी ने 15 आए प्रार्थना पत्रों में से एक प्रार्थना पत्र को स्टाफ के सहयोग से तुरंत निस्तारित कर दिया बाकी के 14 प्रार्थना पत्रों पर सख्त हिदायती आदेश देते हुए कि प्रार्थना पत्रों की स्थलीय जांच करने के बाद तत्काल उचित निर्णय देते हुए निस्तारण किया जाए, यदि इसमें कोई लापरवाही बर्ती गई तो संबंधित के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। तहसील समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी जयप्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी प्रणेता ऐश्वर्या,अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सत्यपाल सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गीताराम, उप जिला अधिकारी मलखान सिंह, तहसीलदार अवनीश अविनाश चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी राकेश वशिष्ठ सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।प्राविधिक स्वयंसेवक अश्वनी त्रिपाठी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनकी मदद करते नजर आए।

# शिव पूजन के संबंध में बताये प्रकृति के गूढ सिद्धांत

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



**प्रजापति** ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय विकास कॉलोनी सेवाकेंद्र पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेवा केंद्र संचालिका नम्रता बहन ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि शिव पिता परमात्मा के प्रतीक चिन्ह शिवलिंग के ऊपर हम धतूरा, आंक का फूल आदि चढ़ाते हैं जो बुराइयों, कमजोरियों, व्यसन आदि का प्रतीक है। ईदगाह केंद्र की प्रभारी नीलम बहन ने बताया कि मनोवृत्तियों के परिवर्तन का व्रत और ऊपर वाले के पास रहने की प्रवृत्ति सच्ची भक्ति है। इस मौके पर प्रधानाचार्य कैलाश चंद यादव को ईश्वरी ब्रह्माकुमारी संस्थान की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नीलम बहन, नीरज बहन, लखना से वंदना, सैफई से तेजस्वी, बकेवर से अलका, प्रीती, करहल सेवा केंद्र से निधि बहन आदि ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर लोगों विभिन्न आयामों के संबंध में जानकारी दी। इस मौके पर रूपाली, सोनू, प्राची, तनवी, सुप्रभा आदि छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर बेकाबू कार ने दो मजदूरों को कुचला, एक की मौत

**इटावा।** थाना ऊसराहार क्षेत्र के अंतर्गत आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर किलोमीटर 128 पर बेकाबू कार ने दो मजदूरों को कुचल दिया। दोनो को नाजुक हालात में सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी भेज दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक एक होंडा अमेज गाड़ी नंबर डीएल 10 सी एच 6173 गुड़गांव से लखनऊ जा रही जा रही थी। गाड़ी के चालक सचिन अरोड़ा उनका पुत्र एवं किशोर केवल किशोर अरोड़ा निवासी सेक्टर 58 गुड़गांव, हरियाणा को नींद आ जाने के कारण गाड़ी डिवाइडर से टकराती हुई रोड पर पलट गई।एक्सप्रेस वे पर काम कर रहे मजदूर राकेश पुत्र हरीराम निवासी खरगुआ थाना उसराहार इटावा 48 वर्ष और पप्पू उर्फ़ निरमेश पुत्र महाराज सिंह निवासी खरगुआ थाना उसराहार इटावा 45 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

# दो ट्रकों की भिड़ंत में खलासी की मौत

**बांदा।** दो ट्रकों में आमने सामने भिड़ंत हो गई। इसमें एक ट्रक के खलासी की मौके पर ही मौत हो गई। चालक फरार हो गया। जबकि दूसरे ट्रक का भी चालक मामूली रूप से चोटहिल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद स्टेयरिंग में फंसे खलासी को बाहर निकाला। शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। छतरपुर जिले के पुरवा भंभौरी गांव निवासी पुष्पेंद्र (22) पुत्र कामता अहिरवार अपने बहनोई विनोद के साथ ट्रक में खलासी का काम करता था। वह रविवार की रात कबरई से ट्रक में गिट्टी लादकर इलाहाबाद जा रहा था। तभी खैराडा रेलवे क्रासिंग के पास सामने से आ रहे एक अन्य ट्रक से उसकी भिड़ंत हो गई। इससे पुष्पेंद्र स्टेयरिंग में फंस गया। चालक विनोद मौके से फरार हो गया। दूसरे ट्रक का चालक मामूली रूप से चोटहिल हो गया। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद पुष्पेंद्र को ट्रक से बाहर निकाला। घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। मृतक के पिता ने बताया कि पुष्पेंद्र खलासी गिरी का काम करता था। वह गिट्टी लादकर जा रहा था, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। उसकी शादी नहीं हुई थी। इधर, एक अन्य घटना में पैलानी थाना क्षेत्र के खप्टिहाकलां गांव निवासी शब्बीर (42) पुत्र शुभानी टेंपो चलाता है। वह रविवार की रात रेलवे स्टेशन से सवारियां लेकर बड़ोखर खुर्द छोड़ने गया था।

# समयसीमा पर गुणवत्तायुक्त निस्तारित करें समस्याएं



चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की उपस्थिति में तहसील सभागार मानिकपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण कराने को निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी मानिकपुर से कहा कि भूमि विवाद से सम्बन्धित सन्दर्भो में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण करायें। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जो समयसीमा समस्याओं के निस्तारण के लिए दी गई है उसी के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि समस्याओं के निस्तारण पर गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए क्योंकि शासन से निस्तारण के संबंध में समस्याग्रस्त व्यक्ति से वार्ता भी की जाती है। जिस समस्या का निस्तारण कराया जाए। निस्तारण के संबंध में संबंधित समस्याग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराएं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, उप जिलाधिकारी मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक ऋषि मुनि उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेन्द्र, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ इम्तियाज, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चंद्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, अधिशासी अधिकारी मानिकपुर राम आशीष वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, बीडीओ मानिकपुर धनंजय सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# परमात्म तत्व को पाने का सरल साधन समर्पण

- प्रवचन सभा में मानस मर्मज्ञों ने रखे मार्मिक प्रसंग
- चित्रकूट की महिमा, राम-सीता नाम योग का किया बखान
- राष्ट्रीय रामायण मेले का तीसरा दिन

**चित्रकूट। समृद्धि न्यूज**



राष्ट्रीय रामायण मेला के तीसरे दिन रामकथा पर आधारित प्रवचन सभा में मुम्बई के वीरेन्द्र प्रसाद शास्त्री ने अपने विचार व्यक्त करते हुए मानस के अंतर्गत कहा कि परमात्म तत्व की प्राप्ति का सबसे सरल साधन समर्पण भाव है। साधक जब परमात्मा के अधीन पूर्ण रूप से हो जाता है तो प्रभु को अपने नाम की लज्जा रखना पड़ता है। बाल्मीकि रामयण में सकृदेव, प्रपन्नाय, तवास्मितिच याचते। अभयं सर्वभूतभ्यो तदांमि एतत वृतं मम। इसका भावार्थ है जो प्राणी सच्चे मन से एक बार कह देता है कि प्रभु मै तेरा हूं तो उसे संसार के सभी भूतो से अभय मुक्त कर देता हूं ये मेरी प्रतिज्ञा है। रामचरित मानस के अंतर्गत जटायु और अंगद के प्रसंग में आया है कि जटायु के अंदर समर्पण भाव न होने से रावण से पराजित होता है। जबकि अंगद ने अपना पैर रावण के दरबार में जमा दिया और चुनौती दिया जो मम चरण सकेसि हठ तारी फिरहि राम मै सीता हारी। अतः आपके दरबार में भट, सुभट, महाभट, दारुण भट इन चारो भटो में से जो योद्धा मेरा पैर जमीन से हटा दे तो रामजी वापस चले जाएंगें और सीता जी को बाजी में हार जाएगा। समुझि राम प्रताप कपि कोपा। सभा मांझ पन करि पद रोपा। इन शब्दो से पता चलता है कि अंगद के अंदर पूर्ण समर्पण का विश्वास था। इसीलिए अंगद विपरीत कार्य करते हुए भी विजयी हुए। चित्रकूट के मानस किंकर सनत कुमार मिश्र ने चित्रकूट की पावन महिमा का वखान करते हुए कहा कि चित्रकूट ऐसी धरा है जहां मुक्ति भी भगवान श्रीराम से अपनी मुक्ति का मार्ग प्रषस्त करने की मांग करती है। चित्रकूट की गैल में मुक्ति पड़े विलखाएं, मुक्तिहु पूछे श्रीराम से मेरिहु मुक्ति बताव। श्री मिश्र ने बताया कि गोस्वामी तुलसीदास ने चित्रकूट गिरि को अचल अहेरी से उपमा दी है। चित्रकूट गिरि अचल अहेरी। कलियुग के पापी जो कामदगिरि की चरण षरण में आ जाते हैं उनके पापों को कामदगिरि दर्शन मात्र से ही नष्ट कर देते है। कामद भे गिरि राम प्रसादा, अवलोकत अपहरत विषादा। बांदा के मानस किंकर राम प्रताप शुक्ल ने श्रीराम षब्द की व्याख्या करते हुए कहा कि वर्णमाला में (र) षब्द 27वां षब्द और (ा) अंक 2 और (म) 25वां अंक जिसका योग (राम़)-54 होता है। यदि जीवन में दो बार राम-राम कह दिया जाए तो एक माला पूर्ण हो जाती है। ऐसे ही सीता षब्द में (स) 32वें अंक (ी) 4वें अंक और (त) 16वें तथा (ा) 2वें अंक में जिसका योग 54 है। इस प्रकार सीताराम जपने से भी ब्रह्म माला पूरी हो जाती है। इस अवसर पर वीरेन्द्र मिश्र, मानस मंदाकिनी चिरगांव, श्रीलाल पचौरी ग्वालियर ने भी रामकथा में मार्मिक प्रसंग उठाए।

## खबरें एक नजर में

### पत्नी के मायके से न आने पर युवक ने फांसी पर लटककर दी जान

**किशनी।** थाना क्षेत्र के एक गांव में पत्नी के मायके से न आने पर अधेड़ ने गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।जानकारी पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए भेजा है। क्षेत्र के गांव कैथपुर में 40 वर्षीय ललित पुत्र सुघर सिंह जाटव अकेला रहता था।ललित जाटव ने रविवार की रात कमरे में लगे पंखे में गमछा का फंदा गले मे डालकर आत्महत्या कर ली।मामले की जानकारी ग्रामीणों को सुबह जागने पर हुई।मृतक की पहली पत्नी की बीमारी से मौत हो गयी थी जिससे तीन बच्चे है।उसके बाद मृतक ने दूसरी शादी कर ली थी।मृतक के मां व पिता दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते थे।मृतक भी डेढ़ माह पूर्व दिल्ली से सपरिवार गांव आया और एक बेटी की शादी भी की थी।शादी करने के बाद दूसरी पत्नी प्रीती अपने मायके बिधूना चली गयी।ललित ने कई बार फोन पर प्रीती से घर आने को कहा लेकिन वह नही आई।ग्रामीणों के अनुसार ललित दस दिन पूर्व पत्नी को बुलाने ससुराल भी गया लेकिन उसने आने से इनकार कर दिया।ससुराल से आने के बाद ललित छुब्ध रहने लगा था।रविवार की रात्रि ललित ने पत्नी के ना आने के कारण आत्महत्या कर ली।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पीएम के लिए भेज दिया।सूचना पर मृतक के परिजन दिल्ली से आ रहे है।

### लेखपाल द्वारा पैमाइश की गई जमीन पर भरी निहास को विरोधियों ने उखाड़ा

**किशनी।** अशोक कुमार पुत्र रामगुलाम शर्मा निवासी फरैंजी ने एसडीएम से शिकायत कर बताया कि उनकी जमीन की पैमाइश लेखपाल द्वारा की गई थी। उसी भूखण्ड पर उन्होंने मकान बनाने के लिये निहास भर दी थी। उनका आरोप है कि उनके विपक्षियों ने उनकी निहास जबरन उखाड कर वहां की सारी ईंटे लेगये और गाढी गई खुट्टी भी उखाड कर लेगये। पीडित ने बताया कि उसके विपक्षी उनको हरिजन एक्ट में फंसाने की धमकी देते हैं। एसडीएम ने पुलिस को जांच कर कार्यवाही के लिये कहा है।

### कार पलटने से आधा दर्जन यात्री घायल

**इटावा।** थाना बकेवर क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम भवानीपुर के सामने हाइवे पर पंचर होने के बाद ओमिनी कार के पलट जाने से उसमें बैठी आधा दर्जन सवारियां गम्भीर रूप से घायल हो गयी जिन्हें सूचना पर पहुँची चौकी पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से निकालकर सीएचसी महेवा पहुचाया जहां उनका उपचार जारी है। प्राप्त विवरण के अनुसार जनपद हमीरपुर निवासी भट्टा मजदूर जो कि शिकोहाबाद के निकट एक भट्टे पर कार्य करते हैं वह एक निजी ओमिनी कार को किराए पर करके हरियाणा के गुरुग्राम गये थे वहाँ से वापस अपने गृह जिले हमीरपुर के गाँव चिनहट जा रहे थे कि अचानक रविवार की शाम करीब चार बजे जैसे ही ओमिनी महेवा के आगे भवानीपुर गाँव के सामने हाइवे पर पहुँची कि आगे का टायर फट गया व वैन किनारे खड्ड में जा गिरी जिससे चालक देवेंद्र सिंह पुत्र सुल्तान सिंह निवासी गुरुग्राम हरियाणा सहित बैठी सवारी बच्चू लाल उनकी पत्नी परमेश्वरी दयाल ,मुन्ना लाल , उनकी पत्नी सोना देवी ,संकल्प पुत्र नरेश कुमार, हरी सिंह व खेमचंद घायल हो गये जिन्हें सूचना पर पहुँचे चौकी प्रभारी रविन्द्र सिंह , कांस्टेबल विनीत कुमार ,शिवकुमार आदि ने स्थानीय लोगों की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया।

### एक लाख की खातिर ससुराल से निकाली गई विवाहिता ने दी तहरीर

**किशनी।** नेमादेवी पत्नी दिनेश कुमार कठेरिया निवासी उद्दैतपुर नगला खिमाऊ चितायन ने तहरीर दी कि दो वर्ष पूर्व उनकी शादी हुई थी। शादी के बाद से ही उनकी ससुराल के पति दिनेश,जेठ मुकेश पुत्र राजबहादुर,जेठानी उर्मिला,ननद निशा,ससुर राजबहादुर पुत्र मुंशीलाल कठेरिया उनपर मायके से एक लाख रुपए लाने का दबाव डाल रहे हैं। आरोप है। कि ससुराल पक्ष के लोगों का कहना है कि यदि वह एक लाख लेकर नहीं आयेगी तो उसे घर में नहीं रखा जायेगा। पीडिता ने बताया कि वह अपने मायके गांव महिगवां,थाना सौरिख कन्नौज रह रही है। पुलिस ने तहरीर के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ मुकद्दमा दर्जन कर जांच जांच शुरू कर दी है।

### एचटी लाइन की चपेट में आया युवक, भर्ती

**चित्रकूट।** छत के ऊपर डंडा हिलाना किशोर को महंगा पड़ गया। ऊपर से गुजरी 11 हजार की हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। जिसके चलते वह झुलस गया। परिजनों की मदद से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों कहना है कि कई बार विद्युत विभाग से शिकायत की गई लेकिन हालत अभी भी जर्जर है।

# प्र. जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों को सुना

**मैनपुरी। समृद्धि न्यूज**



**प्र. जिलाधिकारी** विनोद कुमार ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील भोगांव में जन समस्याऐं सुनते हुए कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित होने से पूर्व सभी अधिकारी अपने स्तर से पूर्व में आयोजित समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करें, यदि कोई शिकायती पत्र अनिस्तारित हो तो तत्काल निराकरण कराएं, अधीनस्थों से निस्तारण आख्या उपलब्ध होने के बाद जिला स्तरीय अधिकारी शिकायतकर्ता के मोबाइल पर बात कर निस्तारण की गुणवत्ता की जानकारी करें, शिकायतकर्ता के संतुष्ट होने के उपरांत ही निस्तारण आख्या भेजी जाए, किसी के द्वारा मौके पर जाए बिना निस्तारण आख्या भेजी तो उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण अधिकारी व्यक्तिगत जिम्मेदारी मान कर करें, शिकायतों के निस्तारण में खानापूर्ति न की जाए बल्कि निस्तारण की पारदर्शिता, गुणवत्ता, समयबद्धता का पूरा ध्यान रखा जाए। कुमार ने पूर्व में आयोजित समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता रेंडम तौर पर 03 शिकायतकर्ताओं से दूरभाष पर बात कराकर परखी, रूहेला अघार नि. सुनील कुमार से वार्ता करने पर शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके द्वारा पैमाईश की शिकायत की गयी थी, भूमि की पैमाईश की जा चुकी है, शिकायतकर्ता कृत कार्यवाही से सन्तुष्ट था, भनऊ औरन्ध नि. जबर सिंह से बार्ता करने पर पाया कि उसके द्वारा अबैध कब्जे की शिकायत की गयी थी लेकिन अभी तक की कार्यवाही से वह सन्तुष्ट नहीं है, तीसरे शिकायकर्ता ऋतुराज कश्यप नि. आलीपुर खेड़ा ने बताया कि उसके द्वारा की गयी शिकायत पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी है, इस पर असंन्तोष व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरख निराकरण किया जाये, निस्तारण के पश्चात शिकायतकर्ता से अवश्य बात की जाये। उन्होंने रेंण्डम तौर पर किये गये सत्यापन में शिकातयकर्ता सन्तुष्ट नहीं मिले जिसके फलस्वरूप पूर्व में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायतों में रैण्डम तौर पर 30 शिकायती प्रार्थना पत्रों को चिन्हित कर 06 अधिकारियों को मौके पर भेज कर निस्तारण की गुणवत्ता की हकीकत देखने हेतु मौके पर भेजा। मौके पर भेजे गये जिला पूर्ति अधिकारी, अधिशाषी अभियंता जल निगम, जिला प्रोबेशन अधिकारी, अधिशाषी अभियंता विद्युत परियोजना अधिकारी डूडा एंव बाल विकास परियोजना अधिकारी को 05-05 शिकायती पत्र उपलब्ध कराकर शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर निस्तारण की गुणवत्ता के सम्बन्ध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। आज आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर तहसील भोगांव के दूर-दराज ग्रामीण अंचलों से आए 22 फरियादियों ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र प्र. जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत किए, जिसमें से 04 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर फरियादी को राहत प्रदान की। भैसरोली नि. मलखान सिंह, रोहित, राधेश्याम, दीपू, धर्मवीर आदि ने सरकारी भूमि पर किये जा रहे अनाधिकृत अतिक्रमण को रोके जाने, मायाचन्द्पुर नि. हेतराम ने गाटा सं. 384 की पैमाईश कराये जाने, मेरापुर गुजराती नि. बाल किशन ने गाटा सं. 586 खाद के गड्ढे हेतु रिजर्व भूमि पर किये जा रहे अतिक्रमण को रोकने, पदमपुर नि. अनुज शर्मा ने गांव की नाली का पानी खेत में जाने से फसल को हो रहे नुकसान, साई बाबा जन कल्याण सेवा समिति रतनपुर बरा के अध्यक्ष ज्ञानचन्द ने सार्वजनिक श्मशान घाट हेतु भूमि आरक्षित कराये जाने की मांग अपने प्रार्थना पत्रों के माध्यम से की, जिसे संबंधित को पृष्ठांकित कर निर्धारित समय सीमा में निस्तारण के लिए उपलब्ध कराया। समाधान दिवस के अवसर पर प्र. जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक ने कृषि विभाग की निःशुल्क बीज योजना के तहत कृषक राप्रकाश, अन्जू कुमारी, गीता देवी, दिनेश कुमार, वेदराम सिंह, धर्मेंद्र सिंह, रमेशचन्द्र, सेवकराम को मूंगफली बीज प्रजाति जी.जे.जी-32, 20 कि.लो की मिनीकिट वितरित कीं। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, उप जिलाधिकारी अंजली सिंह, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी एस.एन. मौर्य, उपायुक्त एनआरएलएम पी.सी. राम क्षेत्राधिकारी विजय पाल सिंह, उप कृषि निदेशक डी.वी. सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी क्यामुद्दीन अंसारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी अजय पाल सिंह, परियोजना अधिकारी डूडा आर.के. सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

एस. के. एजुकेशनल एण्ड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट, महोबा उ0प्र0 द्वारा संचालित

**एस. के. महाविद्यालय जैतपुर, महोबा-उ0प्र0**

**में स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत आवश्यकता है।**

01. प्राचार्य एक पद - शैक्षिणिक योग्यता स्नातक एवं परास्नातक 55 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण एवं पी0एच0डी0 अनुभव - 15 वर्ष
02 बी0ए0 में प्रत्येक विषय में एक पद - (हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र एवं गृहविज्ञान) शैक्षिणिक योग्यता स्नातक एवं परास्नातक 55 प्रतिशत अंको के साथ सम्बन्धित विषय में नेट उत्तीण
03. बी0एस0सी0 मे प्रत्येक विषय में एक पद - (गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान) शैक्षिणिक योग्यता स्नातक एवं परास्नातक 55 प्रतिशत अंको साथ सम्बन्धित विषय में नेट उत्तीण
04. बी0कॉम0 मे तीन पद- शैक्षिणिक योग्यता स्नातक एवं परास्नातक 55 प्रतिशत अंको के साथ सम्बन्धित विषय में नेट उत्तीण

आवेदन की अन्तिम तिथि विज्ञापन से 21 तक।
वेतनमान - यू0जी0सी0 एवं उत्तर प्रदेश सरकार के मानकानुसार।
आवेदन भेजने का पता - एस. के. महाविद्यालय जैतपुर महोबा-उ0प्र0।

**प्रबन्धक**
**प्रेम कुमार त्रिपाठी**

# पुलिस की कार्यशैली से खफा भाजपाईयों ने किया प्रदर्शन

- जिले की पुलिस पर लगाए गम्भीर आरोप, सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसपी को सौंपा शिकायती पत्र

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




सदर तहसील में प्रदर्शन करने के बाद डीएम और एसपी को शिकायती पत्र सौंपते भाजयुमो नेता व कार्यकर्ता समृद्धि न्यूज

जिले की पुलिस की कार्यशैली से नाराज भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सदर तहसील में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और डीएम-एसपी को एक शिकायती पत्र सौंपा। भाजपा नेताओं का आरोप है कि सदर कोतवाली से लेकर जिले भर के थानों और चौकियों में खुलेआम घूसखोरी का आलम है, जिससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अभिमन्यु ठाकुर की अगुवाई में दर्जनों कार्यकर्ता एसपी कार्यालय पहुंचे। यहां जानकारी मिली कि डीएम और एसपी सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में हैं, जिसके बाद भाजयुमो नेताओं और कार्यकर्ताओं का हुजूम सदर तहसील परिसर पहुंच गया। यहां कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया, जिसके बाद भाजयुमों नेता व कार्यकर्ता तहसील सभागार में पहुंचे। भाजयुमो के नेताओं ने डीएम व एसपी को एक शिकायती पत्र देते हुए जिले की पुलिस की कार्यशैली पर आरोप लगाते हुए कहा कि जिले की पुलिस सभ्रान्तजनों पर एससी-एसटी के मुकदमे पहले दर्ज कर मोटी रकम ऐंठ कर जेबें भरने का काम कर रही है। गुडवर्क दिखाने को लेकर 50 से अधिक संभ्रांतजनों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई। भाजयुमो नेताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस खनन माफ़ियाओं से मिलकर खुलेआम खनन करवा रही है। रात होते ही ट्रैक्टर ट्रालियां सडकों पर दौडने लगतीं हैं। थानों और चौकियों में तैनात पुलिस अधिकारी अपराधियों से तालमेल बैठा कर आम जनता का शोषण करने में लगे हुए। पुलिस आरोपियों से मोटी रकम लेकर पीड़ितों पर कार्रवाई करने का काम कर रही है। पुलिस सड़कों और चौराहों पर चेकिंग अभियान चला कर बदले की भावना से भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर कार्यवाही की जा रही है। कार्यकर्ताओ ने कहा कि यातायात पुलिस की सरकारी गाड़ी को एक प्राइवेट चालक चलाता है, जोकि धन उगाही में लिप्त है। भाजयुमो नेताओं व कार्यकर्ताओं ने कहा कि जिले में चोरी की घटनाएं आम हो गई हैं, पुलिस घटनाओं का खुलासा नही कर पा रही है। इस अवसर पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष मंगलम पाण्डेय, श्याम जी मिश्रा, छोटू यादव, रजनीश राजपूत, राहुल पाल, विशाल शुक्ला, समुद्र श्रीवास्तव, मोनू चौहान, नितीश तिवारी, कुलदीप दुबे, आर्यन कटियार, चन्दन बाजपेई, अजीत पाण्डेय, शिवा चौहान, आशू दिवाकर, आकाश मिश्रा, चंदन बाजपेयी सतेन्द्र कटियार, समेत तमाम भाजयुमो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रिक्त ग्राम पंचायत सदस्य पद पर प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



गुगरापुर ब्लॉक सभागार में आरओ संजय शुक्ला को पर्चा दाखिल करते प्रत्याशी समृद्धि न्यूज

विकासखंड सभागार में ग्राम पंचायत में रिक्त पंचायत सदस्य पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया पूर्ण हुई। दो ग्राम पंचायतों मे दो पंचायत सदस्य पद रिक्त थे। उन्हीं रिक्त पद पर सोमवार को जलालाबाद ब्लॉक सभागार में पर्चा दाखिल किया गया। ग्राम पंचायत खुदलापुर से उमेश कुमार पाल ने पर्चा दाखिल किया। वहीं दूसरी ग्राम पंचायत कुलापुर से रावेन्द्री देवी पत्नी सर्वेश कटियार ने पंचायत सदस्य पद हेतु पर्चा दाखिल किया।

एडीओ समाज कल्याण दीप चन्द्र दीक्षित ने बताया कि दो ग्राम पंचायतों के पंचायत सदस्यों के रिक्त पद पर दो लोगों ने पर्चा दाखिल किया गया। इसी क्रम में विकासखंड गुगरापुर सभागार में ग्राम पंचायत में रिक्त सदस्य पद के नामांकन किया गया। एक ग्राम पंचायत में पंचायत सदस्य पद रिक्त है। उसी रिक्त पद पर सोमवार को ब्लॉक सभागार में पर्चा दाखिल किया गया। ग्राम पंचायत गुनाह से सदस्य पद हेतु चार प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया। आर ओ संजय शुक्ला ने बताया कि एक ग्राम पंचायत से पंचायत सदस्य के रिक्त पद पर चार लोगों ने पर्चा दाखिल किया गया। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी।

जांच के बाद नामांकन पत्र वापस किए जाएंगे। इसके बाद चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न होगी। उन्होंने बताया कि चुनाव के लिए सारी तैयारियों पूर्ण कर ली गई है।

## खबरें एक नजर में

### रंजिश के चलते युवक को पीटा

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते युवक के साथ गांव के ही 4 लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम फखरपुर निवासी रामप्रकाश पुत्र श्री राम द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि सोमवार की सुबह वह खेतों की ओर जा रहा था। तभी गांव के ही संतराम, अजवेक, यशपाल, मोहित ने रास्ते में घेर कर गाली गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### शिक्षण संस्थान से निकली हाईटेंशन लाइन के नीचे लगे सुरक्षा जाली

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** विद्यालय परिसर से निकली हाईटेंशन लाइन के नीचे सुरक्षा जाली लगाए जाने की मांग विद्यालय के संस्थापक ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर की है। चुर्खी रोड स्थित एसबीडीएम इंटर कॉलेज में विद्यालय परिसर से होकर हाई टेंशन लाइन निकली है। गर्मी के मौसम में उक्त हाईटेंशन लाइन के तार काफी नीचे लटक जाते हैं। विद्यालय के संस्थापक धीरज बाथम ने बताया कि विद्यालय में खेल का मैदान है। खेल के मैदान में बच्चे भी खेलने के लिए चले जाते हैं। गर्मी के मौसम में तार कुछ ढीले हो जाते हैं। तार नीचे लटके होने के चलते लगातार कोई अप्रिय घटना घटित होने का खतरा बना रहता है। जिसके चलते वह विद्युत विभाग के अधिकारियों से कई बार लिखित व मौखिक रूप से उक्त हाईटेंशन लाइन के नीचे सुरक्षा जाली लगवाए जाने की मांग कर चुके हैं। परंतु अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। संस्थापक ने बच्चों की सुरक्षा को दृष्टि में रखते हुए अबकी जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर विद्यालय परिसर से निकली हाईटेंशन लाईन के नीचे सुरक्षा जाली लगवाए जाने की मांग की है।

### रात में चोरी की योजना बनाते दो बदमाश गिरफ्तार, माल की बरामदगी

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय नगर के मोहल्ला राजघाट के सुनसान स्थान में रात में चोरी करने की योजना बनाते दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक 19-20 फरवरी की रात में कोतवाली के एडीशनल इंस्पेक्टर उदयवीर सिंह उप निरीक्षक राजेश कुमार, मदनलाल पुलिस टीम के साथ गस्त कर रहे थे। इसी दौरान मुहल्ला राजघाट के एक स्कूल के समीप सुनसान जगह पर बदमाश चोरी करने की योजना बना रहे थे। तभी पुलिस टीम ने छापामारी कर के छिपे बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाशों ने अपना नाम हसनैन पुत्र अखिलाक तथा सलीम पुत्र साबिर निवासी झांसी बताया। बदमाशों के पास से पुलिस ने चोरी करने वाले उपकरण सब्बल आदि बरामद कर लिए। उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि बदमाशों से जब कड़ाई से पूछताछ की गई तो उन्होंने कई चोरियों की वारदातों को अंजाम करने का मामला स्वीकार किया है। बदमाशों के पास से पिछली चोरियों का माल भी बरामद हुआ है। उन्होंने अवगत कराएं जनपद जालौन के विभिन्न थानों में पांच मामले बदमाशों के खिलाफदर्ज है जिनमें उरई कोतवाली में दो, कोच, आटा तथा जालौन थाना में 1-1 मुकदमा बदमाशों के खिलाफदर्ज है।

### मुरली मनोहर तालाब पर अराजक तत्वों के जमावड़े से नगरवासी हैरान

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** नगर के ऐतिहासिक मुरली मनोहर तालाब पर शाम के समय अराजक तत्वों का जमावड़ा लगता है। जिससे तालाब पर सैर के लिए आने वाले लोगों को परेशान होना पड़ता है। नगरवासियों ने एसपी से तालाब पर जुटने वाले अराजक तत्वों के खिलाफकार्रवाई की मांग की है। नगर मोहल्ला मुरली मनोहर में ऐतिहासिक पक्का तालाब स्थित है। तालाब के सुंदरीकरण के बाद तालाब के तीन ओर गेट के साथ ही चाहरदीवारी भी बना दी गई है। तालाब पर आने वाले लोगों के बैठने और आराम के लिए सीमेंट की कुर्सिया भी डलवाई गई हैं। तालाब में मछलियां भी हैं। सुबह व शाम के समय तालाब पर लोग भ्रमण और सैर के लिए आते हैं। आस्थावान लोग तालाब की मछलियों को दाना भी खिलाते हैं। सुबह व शाम के समय तालाब पर नजारा देखने लायक होता है। लेकिन अक्सर शाम के समय तालाब पर कुछ अराजक तत्व व नशेबाज भी आ जाते हैं। शराब आदि पीकर वहीं अपशब्द बोले जाते है और गाली, गलौज भी होती है। ऐसे में तालाब पर घूमने के लिए आने वाले लोग असहज महसूस करते हैं। यदि कोई समझाने का प्रयास करता है तो उसके साथ भी अभद्रता पर उतारू हो जाते हैं। अराजक तत्वों के जमावड़े को लेकर नगर के प्रतीकांत चंसौलिया, विनय निगम, विपुल दीक्षित, जहांगीर आलम, अफ्ज़ाल अहमद आदि ने एसपी से तालाब पर आने वाले अराजकतत्वों के जमावड़े पर रोक लगाने एवं ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# सचल दल ने प्रभात कुमार दुबे गर्ल्स इंटर कॉलेज छिबरामऊ में एक छात्रा को नकल करते पकड़ा

- केकेसीएन इण्टर कालेज में हाईस्कूल की परीक्षा देने गई छात्रा हुई बेहोश, जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



जिला कन्ट्रोल रुम में परीक्षा केन्द्रों पर नजर रखते उप सचिव रविंद्र राम व जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र बाबू एवं कंट्रोल रूम सह प्रभारी आशीष कुमार शुक्ला समृद्धि न्यूज

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** सोमवार को हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में प्रथम पाली में हाई स्कूल गृह विज्ञान एवं इंटर की लेखाशास्त्र की परीक्षा जिले के 101 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई। परीक्षा में कुल 7416 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 952 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

इस प्रकार कुल 6464 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। कंट्रोल रूम ऑनलाइन मॉनिटरिंग में एके रहमानिया इंटर कॉलेज कनौरा में परीक्षा कक्षाओं में सभी कक्ष निरीक्षक के साथ एक शिक्षक वार्ता करते दिखे जोकि परीक्षा में नियमों के विपरीत है, जिस पर कंट्रोल रूम से केंद्र व्यवस्थापक को फोन किया गया इसके बाद व्यवस्था सुचारू हो सकी। कंट्रोल रूम लखनऊ से सुभाष इंटर कॉलेज नेरा के कैमरे ऑनलाइन क्रियान्वित न दिखने की सूचना प्राप्त होने पर जिला कंट्रोल रूम सह प्रभारी आशीष कुमार शुक्ला द्वारा संबंधित केंद्र के केंद्र व्यस्थापक को फोन कर अवगत कराया गया। हांलाकि केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा बताया गया कि कैमरे विधिवत चल रहे हैं। शहर स्थित केकेसीएन इंटर कॉलेज सरायमीरा में कक्षा 10 की छात्रा सौम्या मिश्रा परीक्षा के दौरान अचानक बेहोश हो गई। जानकारी होने पर केंद्र व्यवस्थापक राजेंद्र सिंह राजपूत ने कंट्रोल रूम प्रभारी आशीष शुक्ला को सूचना दी, जिस पर कन्ट्रोल रुम प्रभारी ने तत्काल सीएमओ से वार्ता कर परीक्षा केंद्र पर एंबुलेंस भिजवाई। पीड़ित छात्रा को सदर खण्ड विकास अधिकारी ने एंबुलेंस में बैठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया। जानकारी होने पर जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र बाबू एवं बोर्ड ऑफिस से आए उपसचिव रविंद्र राम जिला अस्पताल पहुंचे और छात्रा के स्वास्थ्य की जानकारी ली। स्वास्थ्य ठीक ना होने के कारण उक्त छात्रा परीक्षा में सम्मिलित नही हो सकी। कन्ट्रोल रुम सह प्रभारी श्री शुक्ल ने बताया कि प्रथम पाली में डायट सचल दल के द्वारा परीक्षा केंद्र प्रभात कुमार दुबे गर्ल्स इंटर कॉलेज छिबरामऊ में एक छात्रा को पर्ची से नकल करते हुए पकड़ा गया। वहीं उप सचिव रविंद् राम व जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र बाबू एवं कंट्रोल रूम सह प्रभारी आशीष कुमार शुक्ला ने द्वितीय पाली की परीक्षा की प्रत्येक केंद्र की ऑनलाइन मानिटरिंग की। छुटपुट अव्यवस्थाओं के सम्बन्ध में केंद्र व्यस्थापकों को सुधार करने के निर्देश दिए।

# दारुल उलूम गौसिया का सालाना जलसा सम्पन्न



जलसा को सम्बोधित करते जिया अकादेमी के निदेशक व हज को-ऑर्डिनेटर तौकीर जिया समृद्धि न्यूज

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

दारुल उलूम गौसिया का सालाना जलसा मोहल्ला बिरातीया स्थित विशाल पंडाल में संपन्न हुआ। जलसा की अध्यक्षता मोहतमिम हजरत मौलाना मुस्ताकीम ने की। इस अवसर पर जिया अकादेमी के निदेशक व हज को-ऑर्डिनेटर तौकीर जिया ने मुसलमानों से आधुनिक शिक्षा और तकनीक से जुड़ने का आह्वान किया।

हज को-ऑर्डिनेटर तौकीर जिया ने जलसा को सम्बोधित करते हुए केन्द्र सरकार द्वारा मुसलमानों की फलाह के लिए चलाए जा रही कई योजनाओं का उल्लेख किया, उन्होंने कहा कि तालीम से ही दुनिया और अखिरत को समझा जा सकता है और यही कुरान का पैगाम है। इस मौके पर मदरसे के मीडिया प्रभारी मोहम्मद जैनुल, सलाहुद्दीन, जुबैर अहमद और बाहर से आए हुए तमाम प्रतिष्ठित उलेमा इकराम मौजूद रहे।

# लापता हुए किशोर की गुमशुदगी दर्ज

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।** विगत दिन पूर्व घर से बिना बताए गया किशोर जब काफी समय तक घर वापस नहीं आया तो परिजनों ने खोजबीन के पश्चात कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र के ग्राम पांडेपुरवा निवासी विवेक कुमार पुत्र राम सिंह द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 18 फरवरी को उसका 15 वर्षीय पुत्र अखिलेश उर्फ राजन यादव खेलने के लिए घर से गया था।

जब वह काफी समय तक वापस नहीं आया तो परिजनों द्वारा आस पड़ोस सहित रिश्तेदारों में खोजबीन की गई। लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा गुमशुदगी दर्ज कर किशोर की शुरू कर दी गई है।

# शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की सन्तुष्टि जरुरी : डीएम

- डीएम और एसपी ने सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी शिकायतें
- डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में आईं 61 शिकायतें, 07 शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनते डीएम और एसपी समृद्धि न्यूज

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सदर तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान 61 शिकायतें दर्ज की गई, इनमें सात शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। सर्वाधिक शिकायतें पुलिस विभाग व राजस्व विभाग से सम्बन्धित थीं। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुनते हुए डीएम ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस मे आने वाली शिकायतों का एक सप्ताह के अन्दर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। एक ही शिकायत की पुनरावृत्ति न होने पाये। निस्तारण सम्बंन्धित कार्यवाही से शिकायतकर्ता से संतुष्टि भी प्राप्त की जाये। फर्जी निस्तारण किसी भी दशा में न होने पाए।

डीएम ने कहा कि समाधान दिवस में फरियादियों से प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समयानुसार निस्तारण किया जाये। अवैध कब्जों के मामले में तत्काल कब्जा हटवा कर संबंधित भूमि स्वामी को कब्जा दिलाया जाये। जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, जनसुनवाई, थाना दिवस, तहसील दिवस में आने वाली शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता से करें तथा शिकायतकर्ता से उसके मोबाइल नम्बर अथवा मौके पर जांच के दौरान संतुष्ट करने के उपरान्त ही निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होनें राशन, अवैध कब्जा, पट्टा, खनन, विरासत, पेंशन आदि से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करते हुये संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को सुनते हुए पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 61 दर्ज हुई, इनमें राजस्व विभाग की 20, पुलिस विभाग की 27, विकास विभाग की 02, चकबन्दी विभाग की 02, नगरपालिका की 02, डूडा की 05, पूर्ति विभाग की 01, स्वास्थ्य विभाग की 01, जल निगम की 01 शिकायत दर्ज की गई, इनमें सात शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण किए लिए सम्बंन्धित विभाग के अधिकारियों को सौंपा गया। समाधान दिवस में सदर उपजिलाधिकारी पवन कुमार मीणा, क्षेत्राधिकारी सदर डा. प्रियंका बाजपेई, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र द्विवेदी, जिला पंचायतराज अधिकारी, सदर नायब तहसीलदार सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजद रहे।

# चोरों ने तीन घरों से पार किए लाखों के जेवरात व नगदी

- पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।**



कमरे में बिखरा पड़ा सामान समृद्धि न्यूज

रविवार की रात अज्ञात चोरों ने सूने पड़े तीन घरों का ताला तोड़कर लाखों रुपये की नकदी व जेवरात चोरी कर लिए। पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नगर के मोहल्ला सूबेदार नगर निवासी अवनीश यादव ने बताया कि वह परिवार के साथ तीर्थ यात्रा पर गए थे। जबकि किरायेदार शंकर व उसकी पत्नी हेमा भी घर पर ताला लगाकर बाहर गए थे। घर पर किसी के न होने का फायदा उठाकर रविवार की रात चोरों ने मुख्य दरवाजे सहित कमरों व सेफ अलमारी का ताला तोड़कर करीब तीन लाख रूपये के जेवरात, 45 हजार रूपये नगद चोरी कर लिए। जबकि किरायेदार हेमा ने बताया कि चोरों ने उसके कमरे के दरवाजे का ताला तोड़कर लगभग 12 हजार की नगदी व तीन लाख के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। सोमवार की सुबह पड़ोसियों ने फोन पर सूचना दी। जिसके बाद पीड़ित के परिजन ने डायल 112 पुलिस को जानकारी दी। जबकि नगर के मोहल्ला सूबेदार नगर निवासी रमा पाल ने बताया कि वह थाना तालग्राम के ग्राम रूराखेड़ा स्थित अपने मायके में पिता की तेंहरवी में शामिल होने गई थी। रविवार की बीती रात चोरों ने मुख्य गेट का कुण्डा तोड़कर व अलमारी का लाक तोड़कर 12 हजार की नगदी व लगभग दो लाख रूपये के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। पड़ोसियों ने फोन पर सूचना दी। कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटनाओं की जांच शुरू कर दी है।

# दो पक्षों में हुई मारपीट व पथराव से ग्रामीणों में दहशत

**कोतवाली पुलिस ने एक दर्जन लोगों पर की कार्यवाही**

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।** रविवार को अपराध नियंत्रण हेतु शांति व्यवस्था में हमराह सिपाहियों के साथ गश्त कर रहे जसोदा चौकी प्रभारी आशीष कुमार सिंह ने झगड़ा कर रहे लोगों पर कार्रवाई की।

क्षेत्र के ग्राम तेरारागी में रंजिश एवं वर्चस्व को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज के बाद मारपीट व पथराव करने सहित धमकी दे रहे सत्येंद्र, सुरेंद्र, किरण देवी, उर्मिला देवी, तेजराम, मथुरा प्रसाद, मुकेश, कुलदीप, अवनीश, उर्मिला, मीरा देवी, आरती को रोकने का प्रयास किया। लेकिन उक्तगण नहीं माने। जिससे गांव में दहशत व्याप्त हो गई। जिस पर जसोदा चौकी प्रभारी ने उक्त गणों को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की है।

# निर्देशों की अवहेलना की तो डीजे संचालकों पर होगी कार्यवाही : उमेश पांडेय

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**



डीजे व गेस्ट हाउस संचालकों को निर्देश देते सीओ उमेश पांडेय समृद्धि न्यूज

इस समय बोर्ड परीक्षाओं के साथ ही शादियों का भी सीजन चल रहा है। ऐसे में देर रात तक बजने वाले डीजे से विद्यार्थियों और मरीजों को परेशानी होती है। सीओ की अध्यक्षता में गेस्ट हाउस व डीजे संचालकों के साथ बैठक में रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक डीजे के संचालन पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए। निर्देशों की अवहेलना पर कार्रवाई की भी चेतावनी दी गई। इस समय हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। बोर्ड परीक्षाओं के साथ शादियों का भी सीजन चल रहा है। गेस्ट हाउस एवं बारात में देर रात तक डीजे बज रहे हैं। जिसके चलते एक ओर जहां विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी में दिक्कत होती है। तो वहीं, बीमार व बुजुर्ग लोगों को भी रात के समय तेज आवाज में बजने वाले डीजे से दिक्कत होती है। ऐसे में सीओ उमेश पांडेय की अध्यक्षता में चौकी परिसर पर गेस्ट हाउस संचालकों और डीजे संचालकों के साथ बैठक की गई। बैठक में सीओ ने निर्देश देकर कहा कि किसी भी हालत में रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे के बीच डीजे न बजाया जाए। ताकि विद्यार्थियों और बीमार व बुजुर्गों को दिक्कत न हो। गेस्ट हाउस व डीजे संचालकों ने पुलिस को भरोसा दिया कि वह किसी भी हालत में रात 10 बजे के बाद डीजे नहीं बजने देंगे। इस दौरान पुलिस ने डीजे संचालकों को इस बात का विश्वास दिलाया कि यदि कोई बाराती या हुड़दंगी डीजे बजाने का दबाव बनाता है तो इसकी सूचना पुलिस को दें। साथ ही उन्होंने गेस्ट हाउस संचालकों से भी कहा कि गेस्ट हाउस परिसर में एवं बाहर यदि सीसीटीवी कैमरे न लगे हों तो सीसीटीवी कैमरे लगवाएं। ताकि कोई घटना होने पर सीसीटीवी फुटेज को चौक किया जा सके। इसके अलावा यदि कोई कैमरा खराब हो तो उसे सही कराएं। इस मौके पर कोतवाल कुलदीप तिवारी, चौकी प्रभारी अतुल राजपूत, एसएसआई आनंद सिंह, अवधेश, शेखर आदि मौजूद रहे।

जे पी ज 5 उरई

# जमीनी के विवाद में युवक को पीटा

**कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच**

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।** जमीनी विवाद को लेकर युवक के साथ गांव के ही 4 लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र के ग्राम सौसरापुर निवासी नौशाद पुत्र बाबू खान द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि रविवार की सुबह वह अपने घर के दरवाजे पर बैठा था। तभी गांव के ही बबलू, मुजीब, मुहीद, साजिया आए और जमीन के विवाद को लेकर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# पाक्सो व दुष्कर्म में एक को आजीवन कारावास, एक लाख जुर्माना

▸ चार्ज बनने के 30 दिनों में ही सुना दी गयी सजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** किशोरी के साथ दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के मामले अपर जिला जज विशेष अदालत पाक्सो एक्ट के न्यायाधीश प्रेम शंकर ने मुकुंदराम पुत्र रामपाल निवासी बिचपुरिया थाना राजेपुर को दोषी करार देते हुए आजीवन कारवास व एक लाख जुर्माने से दण्डित किया।

जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर के क्षेत्र निवासी युवक ने दी गयी तहरीर में दर्शाया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री रात को अपने पुराने घर में बने शौचालय में शौच के लिए गयी थी, तभी मुकुंदराम ने हाथ पकड़ लिया और एक कमरे में ले गया। चीखपुकार की आवाज सुनकर मेरा पुत्र व पत्नी पहुंच गये, तभी आरोपी मुकुंदराम वहां से भाग गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार, अनुज कटियार की कुशल पैरवी के आधार पर अपर जिला जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश प्रेमशंकर ने मुकुन्दराम को पाक्सो व दुष्कर्म के मामले में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व एक लाख के अर्थदण्ड से दण्डित किया। अर्थदण्ड अदा न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारवास भुगतना होगा। अभियुक्त द्वारा जेल में विताई गयी अवधि सजा की अवधि में समायोजित की जायेगी।

## अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में दो लोग घायल

**कायमगंज (सं.)।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में दो लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जहां दोनों का उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार कम्पिल क्षेत्र के गाँव रायपुर चिनहटपुर निवासी रमेश व क्षेत्र के गाँव औजन नगला निवासी उमेश कुमार मार्ग दुर्घटना में घायल हो गये। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने एंबूलेंस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची एंबूलेंस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# पाक्सो व दुष्कर्म के मामले में एक पर दोषसिद्ध, सजा 23 को

▸ पीड़ित को 09 वर्ष बाद मिला न्याय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** किशोरी के साथ दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के मामले अपर जिला जज विशेष अदालत पाक्सो एक्ट के न्यायाधीश प्रेम शंकर ने हिरदेश पुत्र महावीर निवासी नगला भवानी थाना गंजडुंडवारा कासगंज को दोषी करार देते हुए सजा के बिंदु 23 फरवरी की तिथि नियत की है।

कम्पिल थाना क्षेत्र के निवासी युवक ने पुलिस को दी गयी तहरीर में दर्शाया था कि भाई के साथ उसकी नाबालिग बहन गंगा स्नान करने गयी थी। गंगा स्नान कर साइकिल से वापस आते समय पर रास्ते में हिरदेश पुत्र महावीर, महावीर पुत्र बनवारी, चन्द्रपाल पुत्र गेंदा लाल, देवराज पुत्र चन्द्रपाल, प्रवेश पुत्र महावीर अपनी बोलेरो कार से आये और गाड़ी में जबरियन बहन को डालकर अपने साथ अपने गांव नगला भवानी गंजडुंडवारा कासगंज ले गए। मेरे भाई ने विरोध किया तो देवराज सिंगल बैरिग बंदूक से डराया धमकाया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार हिरदेश के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार, अनुज कटियार की कुशल पैरवी के आधार पर अपर जिला जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश प्रेमशंकर ने हिरदेश पुत्र महावीर को पाक्सो व दुष्कर्म के मामले दोषी करार देते हुए सजा के बिंदु 23 फरवरी तिथि नियत की है।

# शौचालय में लगे भगवा टायल्स नगर पंचायत कर्मियों ने हटवाये

▸ हिन्दूवादी संगठनों के उग्र होने पर चेता प्रशासन

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत ठेकेदार द्वारा लाखों की कीमत से बनवाये गये शौचालय में भगवा टाइल्स लगवा दिये। इस बात से गुस्सायें हिन्दूवादी नेताओं ने डीएम से शिकायत की। डीएम ने तत्काल से टाइल्स हटवाये जाने के आदेश दिये। इस बात की जानकारी होने पर नगर पंचायत कर्मियों ने शौचालय में लगे टाइलों को हटवा दिया। ठेकेदार कल्लन उर्फ आरिफ खान द्वारा शौचालय में भगवा कलर के टायल लगवा दिए गए थे। हिंदूवादी संगठनों की निगाह पड़ी तो उन्होंने इसके खिलाफ आवाज बुलंद कर दी और कहा कि अगर ठेकेदार ने टाइल्स नहीं हटाये तो आंदोलन होगा। विश्व हिंदू परिषद के नेता श्रीनिवास चतुर्वेदी ने



शौचालय में लगे टायलों को हटाता कर्मचारी

डीएम से शौचालय में लगे भगवा टाइल हटवाने की मांग की। डीएम ने तत्काल शौचालय से भगवा टाइल्स हटवाने के आदेश दिये और कहा कि इसमें लापरवाही बरती गई तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। आदेश मिलते ही नगर पंचायत कर्मचारी शौचालय पहुंचे और आनन-फानन में भगवा कलर के लगे टाइलों को उखड़वा दिया।

# स्कूली छात्राओं को महिला पुलिस ने किया जागरुक



स्कूली छात्राओं को जागरुक करती महिला पुलिसकर्मी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में समस्त थानों में महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा महिलाओं व बालिकाओं महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरुक किया गया।

जानकारी के अनुसार सोमवार को जनपद के समस्त थाने में महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा स्कूली छात्राओं तथा महिलाओं को महिलाओं व बालिकाओं के साथ होने वाले अपराधों के प्रति जागरुक किया गया। साथ ही उन्हें हेल्पलाइन नंबर 109, 181, 112, 10960, 1076 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। महिला पुलिस ने कहा कि महिलायें व बालिकायें आवश्यकता पड़ने पर इन नंबरों का प्रयास कर सकती हैं। पुलिस तुंरत मौके पर पहुंचकर उनकी सहायता करेगी। किसी से डरने की जरुरत नहीं है। बताते चलें कि शासन के आदेश हैं कि महिलाओं और बालिकाओं को नारी सशक्तिकरण के तहत जागरुक किया जाये। उसी के तहत जिले भर में अभियान चलाकर पुलिस जागरुक कर रही है।

## महिला को परिजनों ने पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** जमीनी विवाद को लेकर परिजनों ने खाना बना रही महिला के घर में गाली-गलौज ईंट पत्थर फेंके। विरोध करने पर मां-बेटी को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव इमादपुर निवासी गुड्डी देवी पत्नी अमर सिंह ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपने परिजनों को बटाई पर खेती दी थी। उसके पति बाहर नौकरी करते हैं। उसने ट्रैक्टर आदि खरीदने में भी रुपया दिया था। जब बीते शाम पीड़िता ने अपने दिए हुए रुपए तथा जमीन का बंटवारा करने की बात कही, तो आरोपीगण मबिलाके साथ छत पर खड़े होकर गाली-गलौज करने लगे। जब पीड़िता ने विरोध किया, तो दबंग ईंट पत्थर फेंकने लगे। जब महिला चीखी चिल्लायी तो दबंगों ने उसके साथ मरपीट की। जिस पर पीड़िता थाने पहुंची और थाना पुलिस को परिवारीजन सावधान सिंह पुत्र जगवीर सिंह के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने पीड़िता को तहरीर के आधार पर मामले की जांच के बाद कार्यवाही करने का भरोसा दिया है।

# आग लगने से लाखों की गृहस्थी जली



आग से जली गृहस्थी को देखती पुलिस

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात कारणों से लगी आग से गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव बहोरनपुर टप्पा हवेली के मजरा टिकार में किसी तरह आग लग गई। आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। मकान स्वामिनी शांति पत्नी जालिम सिंह ने बताया कि जिस समय आग लगी उस समय घर में कथा हो रही थी तथा पीछे से किसी ने आग लगा दी। उसी समय गांव की ही बच्चों के द्वारा पता चला कि घर में आग लग गई है। जिस पर हम लोगों ने आग बुझाने की काफी कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों के प्रयास से आग तो बुझ गई, लेकिन गृहस्थी का लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग में 20000 की नकदी भी जलकर राख हो गया। घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने पहुंचकर जाचं पड़ताल की। वहीं सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को दी गयी। समाचार लिखे जाने तक लेखपाल मौके पर जांच करने नहीं पहुंचा था।

## बारात लेट हो जाने पर दो पक्षों में गाली-गलौज

**कायमगंज (सं.)।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इज्जत गढ़ी निवासी युसुफ पुत्र अलाउद्दीन ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है 19 फरवरी को वह अपने साले की बारात राका गेस्ट हाउस में गया था। जहां बारात लेट होने को लेकर साजेब पुत्र इरफान, परवेज पुत्र इरफान, शानू पुत्र सुल्तान व फैसल पुत्र पप्पन निवासी इज्जत गढ़ी थाना कायमगंज गाली-गलौज करने लगे। गाली-गलौज का विरोध करने पर मेरे साथ मारपीट करने लगे। जिससे मेरे शरीर में काफी चोटें आयी हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

## बोलेरो से टक्कर लगने पर रिपोर्ट दर्ज

**मोहम्मदाबाद (सं.)।** अवन्तीबाई नगर किलमापुर निवासी प्रताप सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया है कि 4 फरवरी को अपनी मोटरसाइकिल से भतीजे राजीव के साथ मन्डी चौराहे से घर आ रहा था। मन्डी चौराहे पर पीछे से बुलेरो यू.पी.76टी/3342 के चालक ने टक्कर मार दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# खबरें चलते-चलते

## फर्जी बैनामा कराने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**फर्रुखाबाद (सं.)।** भूमि का फर्जी बैनामा करवाने लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग रामेश्वर पुत्र नत्थू निवासी रानीपुर कायमगंज ने पुलिस अधीक्षक व डीएम को दिये गये शिकायती पत्र में की। पीड़ित ने शिकायती पत्र में दर्शाया कि उसकी भूमि रानीपुर परगना कम्पिल में है। जिसका फर्जी तरीके से उर्मिला देवी पत्नी महेश चन्द्र निवासी सहादत नगर थाना जैथरा एटा ने अपने पक्ष में पीड़ित के स्थान पर दूसरे व्यक्ति को खड़ा कर बैनामा करा लिया। जबकि आधार कार्ड व फोटो पीड़ित का ही बैनाम पर लगा है। वहीं ऑन लाइन खींचा गया चित्र भी दूसरा का है। कूटरचित साजिश के तहत बैनामा कराया गया है। जिसमें गवाह के रुप में रामवीर पुत्र शालिगराम निवासी रानीपुर गौर, नेकराम पुत्र साधु सिंह निवासी ग्राम छोटेपुर है। पीड़ित को जब इस बात की जानकारी हुई तो महेश चन्द्र से पूछा तो उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की उम्र 80 वर्ष है। पीड़ित ने फर्जी बैनामा कराने वालों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की गुहार लगायी है।

## गलत रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर डाक्टर अदालत में तलब

**फर्रुखाबाद (सं.)।** महिला के साथ मारपीट की गलत मेडिकल रिपोर्ट देने के मामले विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र कृष्ण कुमार ने चिकित्सक को न्यायालय में तलब किया है। पीड़िता शकुंतला देवी पत्नी लाखन निवासी नगला नट दूंदेमई कायमगंज ने गांव के भगवान दास उर्फ भगन्ने, शिवपाल, मुकेश, बृजेश पुत्रगण भगवान दास, शिवानी पत्नी शिवपाल के विरुद्ध धोखाधड़ी, मारपीट व अन्य धाराओं में परिवाद पंजीकृत कराया था। जिसमें डाक्टर ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण किया। न्यायाधीश ने साक्ष्य के आधार पर दिखायी चोंटो को झूठा करार दिया और मुकदमे को गलत दिशा देने के उद्देश्य से गलत चिकित्सा रिपोर्ट दिये जाने की बात कहीं और संबंधित डाक्टर को 22 जनवरी को न्यायालय में उपस्थित होने के आदेश दिये है। न्यायाधीश ने आदेश दिया कि 22 फरवरी को पीड़िता शकुंतला सीएमओ द्वारा गठित पैनल के सामने उपस्थित हो और पुनः चिकित्सीय परीक्षण कराने आदेश दिये।

## दबंगों ने चारा मशीन के संचालक को पीटा

**नवाबगंज (सं.)।** चारा काटने के लिए बुलायी गयी मशीन के मालिक के साथ दबंगों ने मारपीट कर दी। पीड़ित ने गांव के आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव परमनगर निवासी राजपाल पुत्र किशन सिंह यादव ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपने दरवाजे पर जानवरों के लिए चारा काटने को मशीन बुलाई थी। जब मशीन मालिक ने दरवाजे पर मशीन लगाई, तो गांव के ही दबंग मशीन वाले को गाली गलौज करने लगे। जब पीड़ित ने विरोध किया, तो दबंगों ने मशीन मालिक को लाठी-डंडों से पीटा। पीड़ित ने थाना पुलिस को आरोपी मुनेश्वर पुत्र गेंदालाल तथा ध्यान चंद पुत्र मुनेश्वर के विरुद्ध तहरीर दी। थाना पुलिस ने पीड़ित को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन देकर चलता कर दिया।

## युवक ने पिया कीटनाशक



**कायमगंज (सं.)।** युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में कीटनाशक पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से हालत गम्भीर होने पर उसे डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला चिलांका निवासी मोहित ने संदिग्ध हालत में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने हालत गम्भीर देख उसे डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# डीएम ने की बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा



समीक्षा बैठक लेते जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त खंड विकास अधिकारी को विद्यालयों में अधूरे पैरामीटर्स पर जल्द जल्द निर्माण कार्य कराकर सभी पैरामीटर्स पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निर्माण कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। विद्यालयों में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिला विकास अधिकारी, डीआईओएस, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, समस्त बीडीओ आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सेना के एमईएस स्टोर से एक दर्जन पंखे चोरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेना के एमईएस स्टोर से 12 सीलिंग फैन चोरी हो जाने के मामले में स्टोर इंचार्ज ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। दी गई तहरीर में स्टोर इंचार्ज कैप्टन सरवजीत सिंह सिख लाइट रेजिमेंट ने दर्शाया कि 18 फरवरी को एमईएस स्टोर में चोरी हो गई। जिसमें 12 सीलिंग फैन चुरा लिये गये। फतेहगढ़ पुलिस ने तहरीर के आधार पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया।

# चार दरोगा सहित आठ पुलिस कर्मियों के विरुद्ध याचिका दायर

▸ झूठे मुकदमे में फंसाकर किशोर को जेल भिजवाने का मामला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गलत मुकदमे में फांसकर किशोर को जेल भेज देने और किशोर न्याय बोर्ड से उसके ऊपर दोषसिद्ध न होने पर पीड़ित ने तत्कालीन पुलिस कर्मियों के विरुद्ध न्यायालय में वाद दायर किया और कड़ी कार्यवाही करने की गुहार लगायी।

पीड़ित शिवम उर्फ सार्थक पुत्र बादाम सिंह ने दायर याचिका में दर्शाया कि 15 नवम्बर 2013 को तत्कालीन मऊदरवाजा थाना प्रभारी श्रीकान्त यादव, सिपाही रमाशंकर, धर्मेन्द्र कुमार, नीरज कुमार, जीप चालक रामसेवक, एसआई इन्द्रेश कुमार,



जगमोहन भदौरिया, कमल कुमार तिवारी उसके अर्रापहाड़पुर स्थित घर में घुस आये और पीड़ित के पिता बादाम सिंह शाक्य से उनके नाम स्वीकृत रायफल मांगी। पिता उस समय घर पर नहीं थे। पीड़ित ने आरोपियों को रायफल व कारतूस निकाल कर दे दिये। उस समय पीड़ित 14 वर्ष का नाबालिक किशोर था। आरोपी उसे जबरन जीप में बैठाकर थाना मऊदरवाजा ले आये और आर्म्स एक्ट में झूठे कूटरचित षड्यंत्र के तहत फंसा दिया और जेल भेज दिया। किशोर न्याय बोर्ड के सामने कई बार आरोपियों ने स्वीकार किया कि शिवम की गलती नहीं थी। उन्होंने झूठी फर्द तैयार की थी। किशोर न्याय बोर्ड ने पीड़ित को बरी कर दिया और महीने भर के अंदर झूठा केस लगाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने का आदेश दिया, लेकिन जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई व किशोर न्याय बोर्ड के आदेश की अवेहलना की गई। ऐसे में पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली है और आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें दंडित कराने की मांग की है।

# वृद्धाश्रम अलावलपुर में 43 वृद्धजनों की हुई स्क्रीनिंग, 8 के लिए गए सैंपल

▸ सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार से सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान (एक्टिव केस फाइंडिंग) शुरू हुआ। जिला जेल, मदरसा और वृद्धाश्रम में लोगों की स्क्रीनिंग कर संभावित क्षय रोगियों के बलगम के सैंपल लिए गए।

जानकारी के अनुसार मोहम्दाबाद ब्लॉक के अलावलपुर में स्थित वृद्धाश्रम में जिला कार्यक्रम समन्वयक सौरभ तिवारी की देखरेख में 43 वृद्धजनों की स्क्रीनिंग कर संभावित मरीजों के सैंपल लिए गए। बलगम की जांच में टीबी की पुष्टि होने पर उनका इलाज शुरू किया जायेगा। जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ0 रंजन गौतम ने बताया कि जनपद में सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान शुरू हो गया है। यह अभियान पांच मार्च तक चलेगा। डीटीओ ने बताया कि यदि किसी को दो हफ्ते से ज्यादा समय से खांसी आ रही हो, खांसते समय खून आता हो, सीने में दर्द तथा बुखार एवं



वृद्धाश्रम में जांच करते स्वास्थ्यकर्मी

वजन कम होने की शिकायत हो तो वह बलगम की जांच अवश्य कराएं। सरकारी अस्पतालों में यह सुविधा उपलब्ध है।

डीटीओ ने बताया कि इस दौरान जब आपके घर स्वास्थ्य विभाग की टीम आए तो उनका सहयोग करें उनके द्वारा पूछे जाने वाले सवालों का सही जवाब दें जिससे क्षय रोग को बढ़ने से रोका जा सके। जिला कार्यक्रम समन्वयक (डीपीसी) सौरभ तिवारी ने बताया कि एसीएफ अभियान जनपद में दो चरणों में चलाया जाएगा। पहला चरण 23 फरवरी तक चलेगा तथा दूसरा चरण 24 फरवरी से पांच मार्च तक चलेगा। उन्होंने बताया कि पहले चरण में अनाथालय, वृद्धाआश्रम, नारी निकेतन, बाल सरंक्षण गृह, मदरसा, नवोदय विद्यालय तथा कारागार में क्षय रोगियों की खोज की जाएगी। दूसरे चरण में जनपद के 1,00,589 घरों का टीम द्वारा भ्रमण कर जिले की कुल 20 प्रतिशत आबादी यानि 5,02,945 लोगों को चिन्हित कर स्क्रीनिंग की जाएगी। डीपीसी ने बताया कि आज 2154 लोगों की स्क्रीनिंग की गई जिसमें से 23 लोगों के नमूने लिए गए। इन्हीं लोगों में से जिस किसी को भी क्षय रोग की पुष्टि होती है तो उनका इलाज शुरू कर दिया जायेगा। वृद्धाश्रम में रहने वाले 62 वर्षीय देवेंद्र ने बताया कि कई दिनों से बुखार आ रहा है। खांसी के साथ ही बलगम में खून, छाती में दर्द और वजन भी कम हो रहा है जिसकी वजह से भूख भी नहीं लग रही थी। जिसकी जांच की गई और बलगम का नमूना लिया गया। वृद्धाश्रम के अधीक्षक मयंक सिंह ने बताया कि इस समय आश्रम पर 51 लोग रह रहे हैं। जिनमें से 43 लोगों की स्क्रीनिंग कर आठ लोगों के बलगम के नमूने लिए गए। चिकित्सकों ने बताया कि शेष लोगों की कल जांच की जाएगी। इस दौरान एसटीएस अनुराग, एसटीएलएस अमित और वृद्धजन के साथ ही वृद्धाश्रम के लोग मौजूद रहे।

## आलू संबंधी मांगों को लेकर भाकियू का धरना प्रदर्शन आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आलू के निर्यात पर लगी रोक व अन्य मांगों को लेकर 21 फरवरी मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैट गुट सातनपुर मण्डी में कार्यक्रम आयोजित करेगा। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अरविन्द शाक्य के नेतृत्व में होने वाले इस कार्यक्रम में आलू निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटाने की मांग के साथ-साथ आलू की सरकारी खरीद कराने और आलू पर आधारिक उद्योग लगाने जैसी कई मांगें शामिल की जायेंगी व प्रदर्शन आंदोलन होगा। यह जानकारी देते हुए किसान नेता अरविन्द राजपूत ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। जिलाध्यक्ष ने आलू से जुड़े कारोबारियों तथा किसानों से मंगलवार को सुबह 10 बजे सातनपुर मण्डी परिसर में पहुंचने की अपील की है। जिससे उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके।

# विद्यार्थी परिषद ने छात्रवृत्ति घोटाला करने वालों पर कार्यवाही की उठायी मांग

▸ शीघ्र कार्यवाही न की गयी, तो विद्यार्थी परिषद आंदोलन करने को बाध्य होगी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने छात्रवृत्ति घोटाले में आरोपी अधिकारियों व संस्थानों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने कहा कि यदि शीघ्र कार्यवाही न की गयी, तो वह आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

दिये गये ज्ञापन में मांग की गई कि वर्ष 2013 से 2017 के मध्य हुए छात्रवृत्ति घोटाले में 100 करोड़ से अधिक रुपयों का घोटाला किया गया है। जिसमें बहुत से मेधावी छात्रों व जरुरतमंदों को छात्रवृत्ति नहीं मिल पायी। यह लोग छात्रवृत्ति के सहारे ही पढ़ाई पूरी करते हैं। अधिकारियों व कर्मचारियों ने विद्यार्थियों के अधिकार पर डांका डाल लिया यह दुर्भाग्य पूर्ण है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। राष्ट्रहित व छात्रहित में काम करने



अधिकारी को ज्ञापन सौंपते विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी

वाली अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मांग करती है कि घोटाले में दोषी अधिकारियों व संस्थानों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाये व दोषियों को बर्खाशत किया जाये, ताकि आने वाले समय में कोई भी इस प्रकार का घोटाला करके देश के भविष्य को अंधेरे में डालने का कुत्सित प्रयास न करें। यदि शीघ्र ही दोषियों पर कार्यवाही न की गई तो विद्यार्थी परिषद आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। ज्ञापन देने वालों में विभाग सह संयोजक शिवम कुशवाहा, विभाग संगठन मंत्री लवकुश मौर्य, अविरल पाण्डेय, भानू ठाकुर, यशवर्धन, कौशिश मिश्रा, अभिषेक, प्रिंस वर्मा, अनुज पाण्डेय सहित दर्जनों पदाधिकारियों के नाम शामिल है।










# कार की टक्कर से बालिका की मौत

## कार पलटने से दो घायल, परिजनों ने शव रखकर लगाया जाम, मौके पर पहुंचे एसडीएम व सीओ ने समझा बुझाकर किया शांत

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** सड़क किनारे खेल रही बालिका को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गयी। उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर टक्कर मारने वाली कार भी थोड़े आगे जाकर पलट गयी। जिसमें एक महिला सहित दो लोग घायल हो गये। जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। मृतका बालिका के परिजनों ने सड़क पर शव रखकर जाम लगाने की कोशिश की। एसडीएम व सीओ ने पहुंचकर काफी समझा-बुझाकर जाम खुलवाया।


रोते बिलखते मृतका के पजिन

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव लखरौआ निवासी बृजेश कुमार की 5 वर्षीय पुत्री काव्या सड़क के किनारे खेल रही थी, तभी मोहम्मदाबाद की तरफसे आ रही तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे काव्या गंभीर रूप से घायल हो गई। लगभग 200 मीटर जाकर कार भी अनियंत्रित होकर पलट गयी। परिजन घायलावस्था में काव्या को सीएचसी मोहम्मदाबाद ले गए। जहां से लोहिया रिफर कर दिया। जहां चिकित्सक ने काव्या को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने शव रखकर सड़क पर जाम लगा दिया। पुलिस ने पहुंचकर जांच की और परिजनों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। मौके पर पहुंचे एसडीएम सदर संजय सिंह व सीओ मोहम्मदाबाद अरुण कुमार ने पहुंचकर परिजनों को समझाया और शांत किया तथा आर्थिक सहायता व जमीन दिलवाने की बात कहीं। वहीं परिवारिक महिलाओं ने पुलिस पर आरोप लगाया कि एक्सीडेंट करने वाले चालक को छोड़ दिया, जबकि प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार चौबे ने बताया कि चालक पुलिस हिरासत में है। घटना में कार भी पलट गयी। उसमें सवार फिरोजाबाद एका थाने के नगला कुम्भ निवासी राजकिशोर व नगला दबे निवासी पूजा पुत्री खुशीराम घायल हो गयी। उन्हें सीएचसी भेजा गया।

# डकैती की योजना बनाते तीन बदमाश गिरफ्तार


पुलिस हिरासत में बदमाश

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** डकैती की योजना बनाते पुलिस ने तीन बदमाशों को नाजायज असलाह व कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये अभियुक्तों पर विभिन्न जिलों व थानों में कई मुकदमे दर्ज है।

थानाध्यक्ष जहानगंज बलराज भाटी व थानाध्यक्ष नवाबगंज जयप्रकाश शर्मा ने शांति व्यवस्था बनाने के लिए गश्त के दौरान विवेक कुमार बहेलिया, रवि बहेलिया व गुड्डू उर्फ सर्वेश बहेलिया को तीन तमंचा व सात जिंदा कारतूसों सहित गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से मोबाइल व नगदी बरामद हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पकड़े गये बदमाशों को जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गये अपराधी डकैती की योजना बना रहे थे व अन्तरजनपदीय अपराधी है। अभियुक्त गुड्डू उर्फ सर्वेश पुत्र गंगादीन निवासी कासगंज के खिलाफ विभिन्न थानों व जनपदों में 16 मुकदमे दर्ज है। विवेक बहेलिया पुत्र भूरी निवासी नगला ऊसर कुरावली मैनपुरी के विरुद्ध तीन मुकदमे दर्ज है। रवि बहेलिया पुत्र इतवारी निवासी कायमगंज हाल निवासी नगला ऊसर मैनपुरी के विरुद्ध दो संगीन मुकदमे पंजीकृत है। इसके अलावा दो साथी रमेश कश्यप पुत्र श्याम सिंह निवासी चंदोखा बदायूं व संजीव निवासी जलेसर एटा फरार है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना नवाबगंज के उपनिरीक्षक मुनीन्द्र मिश्रा, नरेन्द्र सिंह, दीवान नीरज कुमार, गणेश शंकर, सिपाही नितिन कुमार, अशोक कुमार, सचिन कुमार शामिल है। वहीं थानाध्यक्ष जहानगंज बलराज भाटी भी मय फोर्स के शामिल रहे।

# डीएम व एसपी ने सुनीं समस्यायें, तीन का मौके पर निस्तारण


सम्पूर्ण समाधान दिवस में समस्यायें सुनते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक

◆ लम्बित समस्याओं का अविलंब निस्तारण करने के दिये निर्देश

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी संजय सिंह की अध्यक्षता में हुआ। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा व डीएम ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। कुल 53 प्रार्थना पत्र आये, जिनमें से 3 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस में सर्वाधिक शिकायतें भूमि के अवैध कब्जा, चक मार्गों को खुलवाने, आवास दिलाने से संबंधित आयी। सत्यपाल पुत्र राम सिंह निवासी नगला रामप्रसाद ने पट्टे की भूमि की पैमाइश कराकर कब्जा दिलाने, कुसुमा देवी पत्नी रामदीन निवासी मंझा ने आवास दिलाने, अनीता पत्नी स्वर्गीय कृष्णपाल निवासी नगला हूसा ने पेंशन ना मिलने, हरीश चंद्र पुत्र अजरायल निवासी गुर्जरपुर गहलवार ने भूमि पर कब्जा कर निहास भरने संबंधित, राधेश्याम पुत्र राजकुमार निवासी कमालुद्दीनपुर ने अपने पुत्र व अपनी बहू को अपनी पूरी संपत्ति से बेदखल करने के संबंध में, रेशमा देवी प्रधान ग्राम पंचायत चाचूपुर जटपुरा निवासी ने अमेठी कोहना व नीबलपुर की सीमा का चिन्हांकन कराए जाने के संबंध में, रजनी देवी प्रधान हरिहरपुर बीरपुर ने ग्राम सभा की जमीन नवीन परती पर आंगनबाडी केंद्र बनाने की अनुमति प्रदान करने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। डीएम ने आयी सभी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन मौजूद ग्रामीणों को दिया। इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों को समस्याओं की जांच कर समाधान करने के निर्देश दिये। लंबित शिकायतों का तत्काल प्रभाव से निस्तारण करने के निर्देश डीएम ने दिये।

एसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में कोई लापरवाही न करें। होली के त्यौहार को देखते हुए अमन चैन कायम रखने के लिए उन्होंने जागरुक रहने को कहा व सतर्कता बरतने के निर्देश दिये। इस मौके पर उप जिलाधिकारी पदम सिंह, क्षेत्राधिकारी रविंद्र नाथ राय, खंड विकास अधिकारी कौशल किशोर गुप्ता, तहसीलदार संतोष कुमार कुशवाहा, एसडीओ विद्युत विभाग अनमोल प्रताप, थानाध्यक्ष अमृतपुर संत प्रकाश पटेल, थानाध्यक्ष राजेपुर सत्य प्रकाश आदि संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# पहली पत्नी को छोड़ दूसरी रचाई शादी, दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** दहेज लोभी पति ने पहली पत्नी को छोड़कर दूसरी शादी रचा ली। पंचायत के बाद पति पहली पत्नी को बुला ले गया और मारपीट कर उसे गायब कर दिया। पीड़िता की मां ने थाना पुलिस को तहरीर दी है।



जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बांसमई निवासी स्नेहलता पत्नी अनिल कुमार भदौरिया ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री माधुरी की शादी 4 वर्ष पूर्व जनपद शाहजहांपुर के थाना मिर्जापुर के गांव दोस्तपुर निवासी रूद्र प्रताप पुत्र ऋषि पाल के साथ की थी। ससुरालीजन दिए हुए दान दहेज से संतुष्ट नहीं थे और उनकी पुत्री माधुरी के साथ लगातार मारपीट करते रहते थे। बीते कुछ दिन पूर्व उनकी पुत्री को मारपीट कर घर से भगा दिया और दूसरी शादी रचा ली। जब पीड़िता ने नाते रिश्तेदारों से जोर दबाव डलवाया, तो पीड़िता की पुत्री माधुरी को ससुरालीजनों ने बुला लिया और एक बाइक व सोने की चैन की लगातार मांग करते रहे। लगभग 6 दिन से पीड़िता की पुत्री को गायब कर दिया। जब पीड़िता ने ससुरालीजनों ने फोन पर बात करनी चाही, तो उन्होंने बताया कि आपकी पुत्री कहीं चली गई है। अपना पता करो जाकर हमको नहीं मालूम कहां गई है। तब पीड़िता ने थाने पहुंचकर रूद्र प्रताप के विरुद्ध तहरीर दी। जिसमें दर्शाया गया कि उसको आशंका है कि पुत्री को मारकर कहीं दफना दिया गया है। पुलिस ने तहरीर देकर उसे चलता कर दिया।

# खबरें चलते-चलते

## अज्ञात चोर ने पार किया आढ़ती का बैग

**फर्रुखाबाद (सं.)।** सातनपुर आलू मण्डी में आढ़ती के फड़ से अज्ञात व्यक्ति ने नगदी, कागजात व चाबी समेत बैग पार कर दिया। घटना की तहरीर पीड़ित आढ़ती पुलिस को दी। वहीं आढ़तियों व लोधी महासभा के पदाधिकारियों ने चोरी का शीघ्र खुलासा करने व दोषी पर कार्यवाही करने की मांग की है। पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित आलू आढ़ती सतीश राजपूत पुत्र राधाचरन निवासी श्याम नगर ने दर्शाया कि वह सुबह अपनी सातनपुर मण्डी में स्थित आढ़त पर बिक्री कर रहा था, तभी अज्ञात व्यक्ति ने उसका बैग चुरा लिया, जिसमें 10 हजार की नगदी, फर्म मोहरे, प्रवेश पर्ची, बुक व दुकान की चाबियां थी। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरु कर दी। वहीं दूसरी ओर लोधी महासभा के अध्यक्ष परशुराम वर्मा की अगुवाई में पदाधिकारियों व आढ़तियों ने चोरी का खुलासा शीघ्र करने की मांग की। मांग करने वालों में रामलड़ैते राजपूत, अरविन्द राजपूत, सुधीर वर्मा, रिंकू, राजकुमार वर्मा, महेशचंद्र कटियार, दीपू कटियार, गिरंद सिंह शाक्य, मलिखान सिंह राजपूत आदि के नाम शामिल है।

## फसल बुवाई के समय सावधानी बरतने की दी सलाह

**फर्रुखाबाद (सं.)।** कृषि रक्षाधिकारी ने किसानों को अवगत कराया कि जायद फसालों की बुवाई का समय चल रहा है। बीजों को भूमि जनित कीटों से बचाने के लिए बीज शोधन करके बुवाई करें, ताकि अच्छी फसल पैदा हो। उन्होंने कहा कि बीज सोधन करना अतिआवश्यक है, क्योंकि दीमक, गुजिया, कटवर्म, सफेद गिडार, वायरवर्म जैसे अनेक कीट भूमि के अंदर रहकर फसलों को क्षति पहुंचाने है। यदि बुवाई के समय खेती की तैयारी और अंतिम जुताई के समय जैविक कीटनाशकों का प्रयोग किया जाये तो फसल सुरक्षित रहेगी। उन्होंने फफूंदीजनित रोगों से बचाव के लिए फफूंदीनाशक ट्राइकोडर्मा व 70 से 75 प्रतिशत गोबर की नम खाद मिलाने की सलाह दी। इसके अतिरिक्त रोपाई के समय भी सावधानी बरतने की बात कही। उन्होंने कहा कि यदि कहीं पर कठिनाई आती है तो क्षेत्र के तकनीकी सहायक या विकास खण्ड स्तर पर कृषि रक्षा इकाई से सम्पर्क करें। इसके अलावा पीसीएसआरएस के मोबाइल व्हाट्सएप नम्बर 9452247111 और 9452257111 पर संदेश भेजकर समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

## डीएम कार्यालय के बाहर से बाइक चोरी

**फर्रुखाबाद (सं.)।** किसी कार्य से कचहरी गये व्यक्ति की बाइक कलेक्ट्रेट परिसर से चोरी हो गयी। जिसके संदर्भ में पीड़ित ने फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार दी गई तहरीर में पीड़ित रमेश चन्द्र पुत्र स्व0 सियाराम पाल निवासी जय नारायन वर्मा रोड हाथीखाना ने दर्शाया कि वह सोमवार को निजी कार्य से कचहरी गया था। अपनी बाइक पैशनप्रो संख्या यूपी 76जे/5510 को जिलाधिकारी कार्यालय के पास खड़ा कर दिया और अधिवक्ता से मिलने चला गया। जब वापस लौटकर आया तो बाइक वहां से गायब थी। बाइक से संबंधित प्रपत्र बाइक में ही रखे हुए थे। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

## बकरियां चोरी की नामजद दी तहरीर

**नवाबगंज (सं.)।** घर के बाहर छप्पर में बंधी चार बकरियां चोरों ने चोरी कर लीं। जानकारी होने पर पीड़ित ने गांव के ही एक नामजद व्यक्ति के विरुद्ध थाना पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव सादिकपुर निवासी तारा सिंह पुत्र स्वर्गीय उधन बाथम ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती रात वह अपने परिजनों के साथ अपने घर में सो रहा था, तभी रात में किसी समय उनके घर के बाहर छप्पर में बंधी चार बकरियां चोर चोरी कर ले गये। जब सुबह वह जागा, तो बकरियां न देखकर उसके होश उड़ गये। आसपास उसने बकरियों की तलाश की, तो पता चला कि राममोहन पुत्र जयपाल बाथम उसकी बकरियां चुरा ले गया। उसने राम मोहन पुत्र जयपाल बाथम के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# कार पलटने से दो ऑडिट कर्मचारी घायल

◆ फर्रुखाबाद ग्रामीण बैंक में करने जा रहे थे ऑडिट

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कानपुर-फतेहगढ़ मार्ग पर गांव खुदागंज के उच्च माध्यमिक विद्यालय के सामने ऑडिट टीम की कार अचानक अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिससे दो ऑडिटकर्मी घायल हो गये। दोनों को एंबूलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया गया है।


सीएचसी में भर्ती अधिकारी

जानकारी के अनुसार सोमवार को लखनऊ-अलीगंज निवासी ग्रीश बाजपेई तथा क्षितिज जेन्शर दोनों अधिकारी अपनी कार से फर्रुखाबाद आर्यावर्त ग्रामीण बैंक में ऑडिट करने के लिए जा रहे थे। जैसे ही खुदागंज माध्यमिक विद्यालय के सामने पहुंचे वैसे ही कार चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और कार पलट गई। जिससे कार में सवार ऑडिट टीम अधिकारी गम्भीर रूप घायल हो गए। सूचना पाकर खुदागंज आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक अखिलेश चौहान ने मौके पर पहुंचे तथा घायलों को 108 एंबूलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां घायलों का उपचार डॉक्टर मान सिंह ने किया।

# पेट्रोल लेने जा रहे युवक को दबंगों ने पीटा, मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पेट्रोल लेने जाते वक्त दबंगों ने युवक पर लोहे की राड से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

फतेहगढ़ पुलिस को दी गई तहरीर में मोन्टी उर्फ प्रांशू पुत्र स्व0 नरेन्द्र कटियार निवासी कुटरा ने दर्शाया कि 19 फरवरी को शाम समय वह पेट्रोल लेने फतेहगढ़ चौराहे जा रहा था। रास्ते में कचहरी रोड पर नरेन्द्र यादव उर्फ गिरन्द, जोगेन्द्र यादव, अमन यादव, निकित यादव निवासी ग्वालटोली, पुष्पेन्द्र, सूरज पाल पुत्र हीरालाल निवासी याकूतगंज ने गाली-गलौज किया व लोहे की राड तथा लाठी-डंडों से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

# स्थानीय लोगों के विरोध के चलते चार महीने बाद पुनः सड़क बनना हुई शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शहर के मोहल्ला छपट्टी मे नगर पालिका द्वारा ब्रिक बिछायी जा रही थी। जिसका फर्रुखाबाद विकास मंच ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर विरोध किया और आरसीसी सड़क बनाने की मांग की थी। इस सड़क का ठेका लगभग चार से पांच माह पूर्व हुआ था। विरोध के चलते सड़क का निर्माण अधूरा पड़ा रहा। जिलाधिकारी के निर्देश के बाद निर्माण कार्य रुके ठेकेदारों को नोटिस जारी होना जैसे ही शुरु हुए, वैसे ही ठेकेदारों ने पुनः सड़कों का निर्माण कार्य शुरु कर दिया।

सोमवार को मोहल्ला छपट्टी में ब्रिक की जगह आरसीसी सड़क बनना शुरु हो गयी। स्थानीय निवासी फर्रुखाबाद विकास मंच के नगर अध्यक्ष राहुल जैन ने बताया पहले से ही हम लोगों की मांग थी कि आरसीसी सड़क बनायी जाये। जिसका कार्य सोमवार को शुरु किया गया। यह


छपट्टी में आरसीसी सड़क बनवाते ठेकेदार

फर्रुखाबाद विकास मंच की जीत है और छपट्टी के स्थानीय लोगों की मांग पर सड़क का निर्माण आर.सी.सी. के रुप में शुरु हुआ है। ठेकेदार ने बताया लोगों की मांग थी, उसी के अनुरुप कार्य किया जा रहा है।

# हरियाणा में पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे कर्मचारियों पर लाठीचार्ज की निंदा


अटेवा नेता ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीते दिन हरियाणा में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर कर्मचारी शिक्षक प्रदर्शन कर रहे थे। वहां की सरकार के इसारे पर लाठीचार्ज किया गया। आसू गैस दागे गये। पानी की बौछार की गयी। इसकी अटेवा के लोगों ने निंदा की है। अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने जारी बयान में कहा है कि कई राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल हो चुकी है। पंजाब और हिमांचल में भी पुरानी पेंशन बहाल हुई है। इसी की तर्ज पर शिक्षकों व कर्मचारियों के बुढ़ापे को ध्यान में रखते हुए पुरानी पेंशन बहाल की जाये। हरियाणा में एनएमओपीएस के राष्ट्रीय संगठन सचिव व हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष विजेन्द्र सिंह धालीवाल के नेतृत्व में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर प्रदेश के हजारों पेंशन विहीनों ने मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया। वहां पर सरकार द्वारा कर्मचारियों के साथ वार्ता न कर क्रूरतापूर्वक व्यवहार किया गया। लाठीचार्ज किया गया। आंसू गैस के गोले दागे गये व पानी की बौछारें डाली गई। हम सरकार के ऐसे घृणित कृत्य की भर्त्सना करते हैं।। ऐसा ही कुछ मार्च 2022 में हिमांचल की सरकार ने कर्मचारियों पर किया था आज वो सरकार में नहीं है और कर्मचारियों की मांग पूरी हो गई है। हरियाणा में उसकी पुनरावृत्ति होगी। शान्तिपूर्वक किये प्रदर्शन के लिए हम साथियों व संगठन को धन्यवाद देते हैं। अटेवा, एन.एम.ओ.पी. एस एक आंधी है। यह पेंशन बहाली के रास्ते मे आने वाली बड़ी से बड़ी चुनौतियों को अपनी पेंशन विहीन युवा भाई बहनों के सहारे उखाड़ फेकेंगी। हम पेंशन आंदोलन को जारी रखेंगे। जब तक पेंशन जारी नहीं की जाती, तब तक अटेवा के लोग शांत नहीं बैठेंगे। इस दर्द को भुलाया नहीं जा सकता है। पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक हक है। जिसे हम लेकर रहेंगे। हरियाणा की सरकार द्वारा जो कर्मचारियों के साथ लाठीचार्ज करते हुए क्रूरता दिखायी गयी, इसकी अटेवा के लोगों ने निंदा की तथा चेतावनी दी कि पेंशन बहाल की जाये, अन्यथा आने वाले समय में सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

# मुठभेड़ के बारे में जानकारी और साक्ष्य 22 फरवरी तक दें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विगत वर्ष दिसम्बर में हुई मुठभेड़ में मारे गये पिन्कू उर्फ रिन्कू उर्फ देवेन्द्र कुमार के घटना की मजिस्ट्रेट जांच उपजिला मजिस्ट्रेट सदर कर रहे हैं। उन्होंने इस संदर्भ में लिखित व मौखिक जानकारी और साक्ष्यों को प्रस्तुत करने के लिए 22 फरवरी तक उनके समक्ष उपस्थित होने की बात कही है। उप नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि पिन्कू उर्फ रिन्कू के 18 दिसम्बर को मुठभेड़ के दौरान गोली लग गई थी। जिसे अस्पताल ले जाया गया था। जहां से लोहिया रेफर कर दिया गया था। चिकित्सक ने रिन्कू को मृत घोषित कर दिया था। उसकी जांच के लिए 2 से 16 जनवरी तक जानकारी व साक्ष्य देने के लिए निर्देशित किया गया था, लेकिन कोई उपस्थित नहीं हुआ। ऐसी परिस्थिति में तिथि को बढ़ाते हुए 22 फरवरी तक अवकाश को छोड़कर उपस्थित होकर जानकारी व साक्ष्य दिये जा सकेंगे।

# सांसद ने केक काटकर मनाया कन्या जन्मोत्सव

◆ स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज पर नवजात बेटियों की मां को वितरित की गयीं किटें



केक काटकर कन्या जन्मोत्सव मनाते सांसद मुकेश राजपूत, महिलायें व अधिकारीगण

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत 'कन्या जन्मोत्वस' कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कमालगंज, विकास खण्ड-कमालगंज परिसर में मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत, जिलाध्यक्ष भाजपा रूपेश गुप्ता, प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी/जिला विकास अधिकारी योगेन्द्र पाठक, खण्ड विकास अधिकारी कमालगंज आलोक आर्य, मुख्य चिकित्साधीक्षक सी0एच0सी0 कमालगंज द्वारा अस्पताल में जन्मीं कुल 35 नवजात बेटियों की माताओं/अभिभावकों के साथ केक काटकर 'कन्या जन्मोत्सव' मनाया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा 35 नवजात बालिकाओं को हिमालया बेबी किट, गर्म कपड़े, मिठाई प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि बेटे एवं बेटी में कोई भेद नहीं होना चाहिए। समाज के विभिन्न पदों पर बेटियां पर परचम लहरा रही हैं और देश का नाम रोशन कर रही है, बल्कि हर क्षेत्र में बेटियां आगे बढ़ रही हैं। जिस तरह बेटोंको शिक्षा प्रदान करते हैं, उसी तरह बेटी को भी अच्छी शिक्षा प्रदान करें। जिलाध्यक्ष भाजपा रूपेश गुप्ता ने कहा कि एक बेटी ही घर में होती है, अपने कपने पापा भाई से पूंछती है कि आपने खाना खाया कि नहीं। एक मां और बेटी ही पूंछती हैं कि कितनी देर में घर आयेंगे। बेटे को तो किसी बात की फिकर नहीं होती है। बीडीओ कमालगंज आलोक आर्य ने सभी अतिथियों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया।

इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण इकाई, वन स्टाप सेन्टर, महिला शक्ति केन्द्र एवं प्रोबेशन विभाग के समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।